राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 65
लखनऊ, सोमवार 21 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

नई तकनीकों का उपयोग कर कार्यों की गुणवत्ता व दक्षता में सुधार किया जाए : योगी 03

शहरी भूमि अभिलेखों के सर्वे पर कार्यशाला का शिवराज चौहान कल करेंगे उद्घाटन 12

संक्षिप्त समाचार

उड़ी सेक्टर के कमलकोट में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

बारामुला। बारामुला जिले के उड़ी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की बड़ी कोशिश को नाकाम कर करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों के जवानों ने उड़ी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठिये आतंकियों को चुनौती दी। इसके बाद आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया है। अभी ऑपरेशन जारी है और सुरक्षाबल के जवान इलाके में दूसरे आतंकियों के छिपे होने की आशंका में तलाशी अभियान चला रहे हैं।

अभिनेत्री शबरीन तीन साल के बच्चे के अपहरण में गिरफ्तार

मुंबई। टीवी सीरियल क्राइम पेट्रोल की अभिनेत्री शबरीन को पुलिस ने रविवार को तीन साल के बच्चे के अपहरण के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन साल के बच्चे को पालघर जिले के नायगांव स्थित एक फ्लैट से छुड़ा कर उसके पालकों को सौंप दिया है। इस मामले की गहन छानबीन पुलिस कर रही है। इस मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी जयराज रनवने ने बताया कि शबरीन की गिरफ्तारी मामले की पूरी तरह छानबीन के बाद की गई है। इस मामले में शबरीन के प्रेमी ब्रिजेश सिंह की बच्चे के अपहरण में संलिप्तता की जांच की जा रही है।

राष्ट्रपति मुर्मु कल 5वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार, 22 अक्टूबर को यहां के विज्ञान भवन में 5वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 प्रदान करेंगी। एक सरकारी विज्ञप्ति में आज इसकी जानकारी दी गई। जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने 14 अक्टूबर 2024 को 09 श्रेणियों अर्थात सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ विद्यालय या महाविद्यालय, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ संस्थान (विद्यालय या महाविद्यालय के अलावा) और सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 के लिए संयुक्त विजेताओं सहित 38 विजेताओं की घोषणा की थी।

इंडिगो की पुणे-जोधपुर फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर में रविवार को इंडिगो की पुणे से जोधपुर आ रही फ्लाइट 6ई133 को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद यहां हवाई अड्डे पर पहुंचकर पुलिस टीम ने फ्लाइट के लैंड करने के बाद विमान की पूरी जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। फ्लाइट 6ई133 को बम से उड़ाने की धमकी के बाद सीआईएसएफ पुलिस, दमकल, डॉग स्कॉड और पुलिस की टीमों के साथ तमाम एजेंसी मौके पर पहुंची और विमान की गहन जांच की गई। जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी ईस्ट आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि दोपहर बाद 1.30 बजे करीब सूचना मिली कि पुणे से जोधपुर आ रही फ्लाइट में बम हो सकता है। सभी सुरक्षा एजेंसियों को सक्रिय करके यहां लाया गया। जांच के बाद सभी यात्रियों को जाने दिया गया है। धमकी के बाद जांच के दौरान पूरे एयरक्राफ्ट की स्कैनिंग की गई, लेकिन अब तक कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

शरणार्थियों पर ईरान ने बरसाई गोलियां, 250 से ज्यादा की मौत

तेहरान। अफगानिस्तान की सीमा पर ईरान के बॉर्डर गार्ड्स की ओर से अंधाधुंध फायरिंग की घटना सामने आई है। इस गोलीबारी में 250 से अधिक अफगान नागरिकों के मारे जाने की सूचना है। ईरान मानवाधिकार संगठन ने इसका दावा किया है। ईरान मानवाधिकार संगठन का कहना है कि रविवार रात को हुई फायरिंग की घटना में जिन लोगों की जान गई है वो सभी अफगान शरणार्थी थे। उन पर फायरिंग सिर्फ इसलिए की गई कि वो ईरान की सीमा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। हलवाश ने फायरिंग के समय वहां मौजूद चश्मदीद लोगों की गवाही के आधार पर यह दावा किया है। मानवाधिकार संगठन ने पीड़ितों के शवों को दर्शाते हुए एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें बताया गया है कि ये शरणार्थी कलगन सरवन के सीमावर्ती क्षेत्र में थे तभी उनकी फायरिंग की गई।

प्रधानमंत्री मोदी ने काशी से पूरे देश को 6,611.18 करोड़ की कुल 23 परियोजनाओं की दी सौगात, कहा

सरकार किसी से भेदभाव नहीं करती

समृद्धि न्यूज

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली से पूर्व रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी से पूरे देश को 6,611.18 करोड़ की कुल 23 परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी। इन परियोजनाओं में 3,200 करोड़ रुपये से अधिक की 16 विकास परियोजनाएं वाराणसी के लिये हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, धर्म, पर्यटन से रोजगार, आवास और विमानन जैसी कई सुविधाओं का लोकार्पण किया।

सिगरा स्थित खेल स्टेडियम में प्रधानमंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में रीवा एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन, मां महामाया एयरपोर्ट, अंबिकापुर के नए टर्मिनल भवन, सरसावा एयरपोर्ट में ए सिविल एन्क्लेव का लोकार्पण और बागडोगरा एयरपोर्ट में नए सिविल एन्क्लेव, दरभंगा एयरपोर्ट में नए सिविल एन्क्लेव, आगरा एयरपोर्ट में नए सिविल एन्क्लेव के लिए वर्चुअल आधारशिला रखी। साथ ही उन्होंने वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण और नए टर्मिनल भवन और कस्तूरबा गांधी विद्यालय आराजीलाइन में एकेडमिक ब्लॉक व गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण के लिए आधारशिला रखी।

इस दौरान आयोजित विशाल जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ है। अभी मैं आंखों के एक बड़े अस्पताल का लोकार्पण करके आया हूं। शंकरा नेत्र अस्पताल से बुजुर्गों और बच्चों को बहुत मदद मिलने वाली है। बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से अब यहां हजारों करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। आज उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अलग-अलग एयरपोर्ट का शुभारंभ हुआ है। कुल मिलाकर देखें तो आज शिक्षा, कौशल-विकास, खेल, स्वास्थ्य, पर्यटन, हर क्षेत्र की परियोजनाएं वाराणसी को मिली हैं। ये सारी परियोजनाएं सुविधा के साथ-साथ देश के नौजवानों के लिए रोजगार के अनेक नए अवसर लेकर आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या में एक भव्य इंटरनेशल एयरपोर्ट राम भक्तों का स्वागत कर रहा है। एक समय था जब यूपी की सड़कें खस्ताहाली के लिए जानी जाती थी। पहले सरकारों में लाखों-करोड़ों के घोटालों की चर्चा छाई रहती थी। वर्ष 2014 के बाद यूपी की सड़कें बन रही हैं। सड़कें चमचमा रही हैं।

▸ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 3200 करोड़ से अधिक की 16 विकास परियोजनाएं वाराणसी को दी

सौभाग्य है कि पीएम काशी से करते हैं देश का प्रतिनिधित्व

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक ओर जहां इंफ्रास्ट्रक्चर में रोजगार के नए-नए माध्यम सृजित हुए हैं, वहीं दूसरी ओर देश के अंदर आम नागरिक के जीवन से जुड़ी स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य योजनाएं भी नए रूप में देखने को मिली हैं। सौभाग्य है कि नए भारत के नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के काशी से देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। अपनी आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए नए काया और कलेवर के रूप में 10 वर्ष में बदलती काशी को पूरा देश-दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम में स्वागत कर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में केवल काशी में ही 44 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। 34 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 10 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं।

पीएम ने आरजे शंकर नेत्र अस्पताल आमजन को किया समर्पित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को हरिहरपुर स्थित आरजे शंकर नेत्र अस्पताल को आमजन के लिए लोकार्पित किया। इस अस्पताल की स्थापना शंकरा आई हॉस्पिटल, प्रमुख निवेशक राकेश झुनझुनवाला परिवार और शंकरा आई फाउंडेशन, दक्षिण भारत (तमिलनाडु) के कांची कामकोटि मेडिकल ट्रस्ट के सहयोग से की गई है। 90 करोड़ की लागत से निर्मित नेत्र अस्पताल का लोकार्पण करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने खास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे परमपूज्य शंकराचार्य के दर्शन का, उनसे प्रसाद और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। शंकराचार्य के आशीर्वाद से ही काशी से पूर्वांचल को एक और आधुनिक अस्पताल मिल गया। भगवान शंकर की नगरी में शंकरा आई हॉस्पिटल आज से जन-जन के लिए समर्पित है। मैं वाराणसी समेत पूर्वांचल के सभी परिवारजनों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। शास्त्रों में भी कहा गया है कि तमसो मा ज्योतिर्गमय... यानी अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। प्रधानमंत्री ने कहा कि अस्पताल वाराणसी और इस क्षेत्र के आने वाले लोगों के जीवन से अंधकार दूर करेगा, उन्हें प्रकाश की ओर ले जाएगा। यह अस्पताल एक प्रकार से आध्यात्मिकता व आधुनिकता का संगम है।

धौलपुर जिले में बस व टेम्पो के टकराने पर 12 लोगों की मौत

एजेंसी

भरतपुर। राजस्थान में धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बस और टेम्पो के टकराने से आठ बच्चों एवं तीन महिलाओं सहित 12 लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे सहित दो लोग घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार बाड़ी के करीम कॉलोनी गुमट निवासी इरफान और उसके परिवार के करीब पन्द्रह लोग सरमथुरा थाना क्षेत्र के बरौली में शादी समारोह में बहन का भात भरने गये थे। वहां से वे देर रात बाड़ी लौट रहे थे कि उनका टेम्पो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11बी पर सुन्नीपुर गांव के पास रात करीब ग्यारह बजे धौलपुर से जयपुर जा रही एक बस की चपेट में आ गया। पीछे दूसरे टेम्पो में आ रहे इरफान के भाई और वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों में सवार लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी को धौलपुर के अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि हादसे में इरफान उर्फ बंटी (38), उसकी पत्नी जूली (34), बेटी आसमा (14), बेटा सलमान (8), साकिर (6), इरफान का भतीजा अजान (5), जरीना (35), उसकी बेटियां आसियाना (10), सूफी (7), बेटा सानिफ (9), परवीन (32) और उसके बेटे दानिश (10) की मृत्यु हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल साजिद (10) और बस चालक को जयपुर भेजा गया है।

प्रधानमंत्री ने जताया दुख मुआवजे की घोषणा की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के धौलपुर जिले में सड़क दुर्घटना पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने मुआवजे की घोषणा के साथ ही इस बात का भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों को हर संभव सहायता मुहैया कराने में लगा हुआ है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि वे घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को दो-दो लाख और प्रत्येक घायल को 50 हजार का मुआवजा देने की घोषणा की है।

केजीएमयू में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से तैयार उपकरण अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेडियोथेरेपी विभाग द्वारा कैंसर के उपचार में उपयोग आने वाले आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से तैयार उपकरण को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इस उपलब्धि के लिए केजीएमयू की कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने विभाग के चिकित्सकों को बधाई दी है।

रेडियोथेरेपी उपचार में कैंसर को अधिक से अधिक विकिरण देना और सामान्य ऊतक को कम से कम रेडिएशन देना होता है। इसके लिए मशीनें बनाई गयीं। सबसे पहले जो कोबाल्ट मशीन आई, मशीन के जबड़े वर्ग या आयत के रूप में खुलते थे। इसका अभिप्राय है कि रेडिएशन वर्ग या आयत के रूप में दिया जा सकेगा। लेकिन कैंसर तो वर्ग या आयत के रूप में नहीं होता। यह तो टेढ़ा मेढ़ा होता है। यही से रेडियोथेरेपी की शुरुआत हुई।

लीनियर एक्सीलरेटर मशीन से रेडिएशन को कैंसर के अनुरूप कर दिया गया। इस चरण के बाद महसूस किया गया कि शरीर के विभिन्न अंगों में अलग-अलग काम होते हैं। जैसे कि सांस लेने में फेंफड़ों का, मूत्राशय खाली और भरने पर आंतों का आदि। यहीं से शुरुआत हुई इमेज गाइडेड रेडियोथेरेपी की। विकास के साथ-साथ मशीन बहुत महंगी होती गई। इसके सहायक यंत्र भी बहुत महंगे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रो. तीर्थराज वर्मा के मुख्य मार्गदर्शन एवं प्रो. सुधीर सिंह एव. डा मृणालिनी वर्मा के सह मार्गदर्शन में श्रीराम राजुरकर ने वरिष्ठ पीएचडी स्कॉलर के रूप में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से एक यंत्र का निर्माण आरंभ किया।

बहराइच हिंसा के आरोपियों के घरों पर नहीं चलेगा बुलडोजर

▸ हाईकोर्ट ने लगाई रोक, सरकार से मांगा जवाब

समृद्धि न्यूज

बहराइच । जिले के महाराजगंज बाजार में बीते रविवार को हुई हिंसा में पीडब्ल्यूडी की ओर से मुख्य आरोपी समेत 23 लोगों के घरों को नोटिस जारी किया गया है। इस मामले में दिल्ली की एपीसीआर संस्था ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य अभियुक्त की बेटी की तरफ से वाद दायर किया है।

रविवार शाम को सुनवाई करते हुए लखनऊ हाईकोर्ट ने सरकार से 3 दिन में पक्ष रखने का निर्देश दिया है। वहीं बुलडोजर की कार्रवाई पर 15 दिन के लिए रोक लगा दी है।

हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार बीते रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान जमकर हिंसा हुई थी। जिसमें एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके भड़के हिंसा में कई लोगों के दुकान और मकानों को आग के हवाले कर दिया गया था। इसके बाद पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड की ओर से महराजगंज के 23 ग्रामीणों को नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा गया था। नोटिस का जवाब न मिलने पर सभी के मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी।

इसको देखते हुए दिल्ली की एपीसीआर संस्था के मुख्य कार्यकारी सैयद महफूजुर रहमान ने लखनऊ हाई कोर्ट में अधिवक्ता सौरभ शंकर श्रीवास्तव की ओर से वाद दायर करवाया था। रविवार शाम को 6.30 बजे मामले की सुनवाई हुई। जिसमें लखनऊ हाई कोर्ट के वरिष्ठ जज और मसूदी और सुभाष विद्यार्थी की टीम ने मामले की सुनवाई की।अधिवक्ता सौरभ शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि जजों की टीम ने सुनवाई करते हुए मामले में सरकार से 3 दिन में जवाब मांगा है जिसमें उनसे पूछा गया है कि यह सड़क ग्रामीण है या शहरी है।

इसके अलावा सभी तेज ग्रामीणों को 15 दिन का समय दिया गया है कि वह सभी अपना पक्ष पीडब्ल्यूडी कार्यालय में प्रस्तुत करें। ऐसे में बुलडोजर की कार्रवाई 15 दिन के लिए रोक दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट में बेटी समेत तीन की याचिका पड़ी

महाराजगंज निवासी मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद की बेटी रुखसार और दो अन्य लोगों ने एपीसीआर संस्था के सहयोग से सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई नहीं हो सकी है।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण में भारत समेत 40 देशों के नेताओं ने की शिरकत

गुवाहाटी/नई दिल्ली। इंडोनेशिया के पूर्व रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो ने देश के 8वें राष्ट्रपति के रूप में रविवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। 73 वर्षीय सुबियांतो ने देश के सांसदों और अन्य देशों से आमंत्रित किए गए गण्यमान्य के समक्ष 'कुरान' पर हाथ रखकर राष्ट्रपति पद की शपथ ली। इंडोनेशिया की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में भारत, अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, चीन और ऑस्ट्रेलिया समेत 40 से अधिक देशों के नेता शामिल हुए। भारत की ओर से शपथ ग्रहण समारोह में विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्घेरिटा उपस्थित रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दोनों नेताओं को बधाई दी।

पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले का दसवां आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

मुंबई। मुंबई के बहुचर्चित पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले के दसवें आरोपित को पुलिस ने रविवार को बेलापुर से गिरफ्तार किया है। इसके बाद मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आरोपित भागवत ओमसिंह (32) को 26 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। भागवत ओमसिंह पर बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में हथियार सप्लाई करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार भागवत ओमसिंह उदयपुर का मूल निवासी और मुंबई के बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स में रहता था। हाल ही में भागवत ओमसिंह ने बेलापुर में रहना शुरू किया था। इस मामले में पुलिस अब तक गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के बाद आज भागवत सिंह को नवी मुंबई के बेलापुर से गिरफ्तार किया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया और कोर्ट ने भागवत सिंह को 26 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

इस मामले की गहन छानबीन जारी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या 12 अक्टूबर को उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के बांद्रा स्थित कार्यालय के बाहर गोली मारकर कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने अब तक कुल दस आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन आरोपितों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है।

कस्टम्स ने मुंबई एयरपोर्ट पर आठ करोड़ से अधिक का मारिजुआना किया जब्त

मुंबई। सीमा शुल्क विभाग की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर बैंकाक से आए यात्री के पास से 8,909 ग्राम मारिजुआना जब्त किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। बरामद मारिजुआना की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 8 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले की गहन छानबीन कस्टम की टीम कर रही है। कस्टम सूत्रों ने रविवार को बताया कि मुंबई एयरपोर्ट पर शनिवार को बैंकाक की फ्लाईट से आया एक यात्री संदिग्ध हालत में दिखा। इसलिए कस्टम अधिकारियों ने उसे रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान यात्री के सामान में खिलौने और खाद्य पदार्थ के डिब्बों में 8,909 ग्राम मारिजुआना मिली।

यूपी विस उप चुनाव में कांग्रेस नहीं उतारेगी अपना प्रत्याशी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होगा। इस उपचुनाव को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

जानकारी के मुताबिक, चुनाव में कांग्रेस पार्टी समाजवादी पार्टी के लिए कुर्बानी देगी और उपचुनाव में किसी भी सीट पर अपना प्रत्याशी नहीं उतारेगी। इंडिया गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को दो सीटें गाजियाबाद और खैर सीट दी है, लेकिन कांग्रेस दोनों ही सीट पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है। इसलिए कांग्रेस अपना कोई भी प्रत्याशी चुनावी मैदान में नहीं उतारेगी। बता दें कि कांग्रेस की तरफ से पांच सीटों मांगी गई थी।

कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी से उन सीटों की मांग की थी जहां बीजेपी को 2022 के चुनाव में हार मिली थी। लेकिन बात नहीं बन पाई तो कांग्रेस की तरफ से फूलपुर और मंझवा सीट मांगी गई। लेकिन अखिलेश यादव ने इन दोनों ही सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए। हालांकि, गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी ने गाजियाबाद और अलीगढ़ की खैर सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दी। इन दोनों ही सीटों पर इंडिया गठबंधन के लिए राह आसान नहीं है। यहां बीजेपी काफी मजबूत है।

भाजपा ने महाराष्ट्र से 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

नयी दिल्ली । भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए 99 उम्मीदवारों की पहली सूची रविवार को जारी की। भाजपा ने उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस को नागपुर दक्षिण पश्चिम से तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी से उतारा है। भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने यहां यह सूची जारी की जिसे गत 16 अक्टूबर को पार्टी मुख्यालय में हुई केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में स्वीकृति दी गयी थी। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में यह बैठक हुई थी। पहली सूची में 99 उम्मीदवारों में से 13 महिलाएं हैं।

रणनीति : कृषि मंत्री शिवराज ने प्रत्याशियों को दिया जीत का मंत्र

एजेंसी

रांची। झारखंड विधानसभआ चुनाव का बिगुल बजने के बाद भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी प्रत्याशियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रविवार सुबह आठ बजे चर्चा की। इस दौरान शिवराज सिंह ने सभी प्रत्याशियों से विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

शिवराज ने कहा कि भाजपा ने अटल बिहारी के नेतृत्व में राज्य बनाया तो इसे बचाने और सवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा नारा नही संकल्प है। उन्होंने स्थानीय मुद्दों, रोजगार, महिला अपराध जैसे गंभीर विषयों पर फोकस कर विरोधियों को घेरने और प्रदेश में गठबंधन की सरकार के घोटालों, भ्रष्टाचार और नाकामियों को जनता के बीच पहुंचकर उजागर करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में जनता एनडीए गठबंधन की सरकार प्रदेश में बनाने को तैयार बैठी है। प्रत्याशी स्थानीय मुद्दों के साथ प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं।

सुविधा

महाकुंभ में रहने वाले कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के राशन कार्ड बनाए जाएंगे

महाकुंभ 2025 : मुफ्त राशन उपलब्ध कराएगी योगी सरकार

समृद्धि न्यूज

प्रयागराज। प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ 2025 के दौरान यहां आने वाला कोई भी श्रद्धालु, कल्पवासी भूखे पेट नहीं सोएगा। योगी सरकार की ओर से इसके लिए मेला क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की गई हैं। पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का तो आयोजन किया ही जाएगा, साथ ही उन्हें मुफ्त राशन की सुविधा का भी लाभ मिलेगा। कई-कई दिनों तक महाकुंभ में रहने वाले कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के राशन कार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें राशन की सुविधा प्राप्त होगी। पहले से राशन कार्ड धारण करने वालों को भी राशन कार्ड दिखाने पर राशन प्रदान किया जाएगा। इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में कुल 160 उचित दर वाली राशन की दुकानों की स्थापना की जाएगी, जहां से दो बार (जनवरी-फरवरी) में राशन प्रदान किया जाएगा। राशन के भंडारण के लिए 5 गोदाम भी स्थापित होंगे। इस पूरी परियोजना पर 43 करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च की जाएगी।

एडीएम मेला, विवेक चतुर्वेदी के अनुसार महाकुंभ के दौरान कई ऐसे श्रद्धालु आते हैं, जो कई-कई दिनों तक मेला में प्रवास करते हैं। इन्हें कल्पवासी कहा जाता है। ये अपना भोजन स्वयं पकाते हैं। इनकी सुविधा के लिए खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में उचित दर वाली कुल 160 राशन की दुकानें स्थापित की जा रही हैं। जहां न सिर्फइनका राशन कार्ड बनाया जाएगा, बल्कि इन्हें राशन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। जिनके पास पहले से ही राशन कार्ड है, उन्हें भी सुविधा प्राप्त होगी। यह सुविधा दो बार यानी जनवरी और फरवरी 2025 में उपलब्ध कराई जाएगी। राशन की कमी न हो, इसके लिए मेला क्षेत्र के अंदर ही 5 गोडाउन भी स्थापित किए जा रहे हैं।

अब शहर के उद्यानों का भी श्रृंगार कर रही योगी सरकार

प्रयागराज। संगमनगरी में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ को प्रदेश की योगी सरकार दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां कर रही है। एक तरफ जहां कुम्भ क्षेत्र के अंदर उच्च स्तरीय सुविधाओं के विकास का प्रयास जारी है तो वहीं कुम्भ क्षेत्र के बाहर शहर को भव्य स्वरूप देने के लिए सड़कों, चौराहों से लेकर शहर की दीवारों तक को पौराणिकता में रंगने की कवायद चल रही है। महाकुम्भ के पहले कुम्भनगरी प्रयागराज सज एवं संवर रही है। सड़क, चौराहे और दीवारों के बाद अब बारी है शहर के उन प्रमुख पार्कों की जहां महाकुम्भ आने वाले आगंतुक भ्रमण कर सकते हैं। उप निदेशक उद्यान कृष्ण मोहन चौधरी बताते हैं कि उद्यान विभाग की तरफ से शहर के 6 प्रमुख पार्कों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके लिए सरकार ने 495.97 लाख का बजट जारी कर दिया है। टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है।

पति की लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

पूरे देश में सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा है। महिलाओ अपने पति की लंबी आयु के लिए इस दिन निर्जल रही। महिलाएं सोलह श्रृंगार कर शाम को पूजा के बाद चंद्रमा के दर्शन करने के बाद पति की पूजा की इसके बाद महिलाओ ने अपने पति के हाथों पानी पीकर व्रत तोड़ा।

सोलह श्रृंगार के बाद चांद की हुई पूजा: पूजा, करवा चौथ के मौके पर ईसानगर क्षेत्र में महिलाओं ने रविवार को करवाचौथ की कथा सुनी. करवा माता की कथा सुनने के बाद भगवान शिव-पार्वती, करवा माता, गणेश और चंद्रमा की पूजा की। इस दौरान महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किया। महिलाओं ने करवा माता से अखंड सौभाग्य का वर मांगा।

चांद को देखकर खोला उपवास

ये है पौराणिक कथा

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पतिव्रता सती सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से बचाए थे। वहीं, एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार करवा नाम की एक पतिव्रता स्त्री ने अपनी सतित्व के बल पर अपने पति की जान बचाई थी। करवा ने मगरमच्छ को सूती साड़ी के धागे से अपने तप के माध्यम से बांध दिया था और अपने पति की जान बचाई थी। ईसानगर ग्रामीण क्षेत्र में करवा चौथ कर रही महिलाओं ने कहा कि उन्होंने करवाचौथ का व्रत रखा। अपने पति की लंबी आयु की कामना की है। इसके बाद करवाचौथ की कथा सुनी। पूरा दिन व्रत करके रात को चंद्रमा निकलने पर चांद को अर्घ्य देकर ही अपना व्रत पूरा किया।

चांद का दीदार कर सुहागिन महिलाओं ने खोला व्रत

मितौली खीरी। सुहागिन महिलाओं के अखंड सौभाग्य का प्रतीक करवा चौथ का पर्व रविवार को परंपरागत तरीके से मनाते हुए महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखा। देर शाम छलनी में चांद का दीदार कर अर्ध्य दिया, और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर व्रत खोला। करवा चौथ पर्व को लेकर रविवार को सुबह से ही सुहागिन महिलाओं में बेहद उत्साह दिखा। उन्होंने निर्जल व्रत रखते हुए रात को चांद निकलने पर अर्ध्य देने के बाद व्रत खोला।करवा चौथ के चलते बाजारों में चहल पहल रही। चूड़ियों एवं सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ जुटी रही । मिट्टी के दीए मिट्टी और चीनी के करवा कैलेंडर खानपान के सामान की भी खरीदारी हुई। नवविवाहिताओं में इस त्यौहार को लेकर ज्यादा उत्साह दिखाई दे रहा था। ब्यूटी पार्लर पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ लगी हुई थी सोलह सिंगार में सजी महिलाओं ने शाम ढलते ही आसमान की ओर निगाहें गड़ाए चांद का बेसब्री से इंतजार करते हुए परंपरागत तरीके से कथाओं तथा लोक गीतों के जरिए पूजन अर्चन कर अपने पति के हाथों जीवन की लट को धूल कर पिया के मुखडे का दीदार करने के बाद आशीर्वाद लिया।तथा विधि विधान से पूजा अर्चना की। चांद का दीदार करने के बाद महिलाओं ने व्रत खोला चांद निकलते ही कस्बो से लेकर गांवो की सड़कों पर भी जमकर आतिशबाजी चलाई गई।

कोटे की दुकान चयन में खमरिया पुलिस व ग्राम प्रधान पर धांधली का आरोप

खमरिया खीरी। अपनी कारगुजारियो के चलते खमरिया पुलिस एक बार फिर सुर्खियों में आ गई। अवैध खनन करवाने के मामले के बाद थाना क्षेत्र के एक गांव में कोटा चयन के दौरान ख़मरिया पुलिस व ग्राम प्रधान पर धांधली करवाने का आरोप लगाते हुए एस डीएम धौरहरा को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के दरिगापुर गांव में शनिवार को कोटा की दुकान चयन के लिए प्रस्ताव होना था। जहां सुरक्षा की दृष्टि से खमरिया पुलिस सहित कई थानों की पुलिस तैनात की गई थी। गौतम बुद्ध स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष कलावती पत्नी नीरज कुमार का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात खमरिया पुलिस ने कोटे की दुकान चयन के लिए बुलाई गई बैठक में धांधली करवाने की नियत से अंदर जाने नहीं दिया और न कागज जमा करने दिया ग्राम प्रधान व ख़मरिया पुलिस की मिली भगत द्वितीय पक्ष को निर्विरोध चयनित कर दिया। पीड़िता ने खमरिया पुलिस व ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी धौरहरा को तहरीर देकर दुकान निरस्त करने व दोषी अन्य कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

मोहाना नदी व कर्नाली नदी की कटान से उजड़े गरीबों के आशियाने

बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।

तहसील निघासन के कोतवाली तिकुनियाँ क्षेत्र में स्थित जसनगर के निवासी मोहाना व कर्नाली नदी के कटान से हुए बेघर। प्राप्त जानकारी अनुसार नदी तीव्र गति से कटान कर रही है जहाँ पर एक सिद्धि माता मंदिर है जो इस कटान की चपेट में आ सकता है जिससे लोगों के चेहरे पर मायूसी छाई दिखाई दी वही से करीब 50 मीटर की दूरी पर बने गरीबों के आशियाने आँखों देखते देखते नदी ने आगोश में ले लिया। लोगों ने बताया यहाँ करीब 10 घर से ऊपर गिर चुके हैं बाकी के घर वहाँ के निवासी संकट से घिरे हैं। वहाँ के निवासियों ने बताया की इसकी सूचना प्रशासन तक पहुंच चुकी हैं लेकिन कोई सुध लेने को तैयार नहीं रात में भयभीत लोगों ने स्थानीय पत्रकारों से वार्ता की व अन्य क्षेत्रीय पत्रकारों ने एक बैठक के दौरान डीएम व एसडीएम से बात की जिससे प्रशासन ने समय माँगा हैं। परन्तु शायद तब तक वहाँ सन्नाटा छा सकता है। लोगों का मानना है की कैलाशपुरी के सारे फाटक खुला होने से नदी की गति तीव्र है। ये क्लोज़िंग लगभग 19 दिन और रहेंगी तब तक वहाँ के निवासियों के जीवन पर गहरा संकट हो सकता है। लोगों ने 48 घंटो से कुछ नहीं खाया पिया है अपने घरो का सामान इधर उधर फेंक रहे हैं और फूट फूट कर रों रहे हैं। जगदीश, हरीश, श्याम लाल, शिया राम, शिव भगवान के आशियाने कटान में नदी की आगोश में समा गए इस प्रकरण में क्षेत्रीय लोग सरकार को दोषी ठहरा रहे हैं।

शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण, थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

निघासन खीरी। निघासन इलाके के पढुआ थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने निघासन कोतवाली क्षेत्र के एक युवक पर शादी का झांसा देकर लगभग एक साल तक यौन शोषण का आरोप लगाते हुए पढुआ थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

मामला निघासन इलाके के पढुआ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी लगभग 19 वर्षीय पीड़िता ने निघासन थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक पर आरोप लगाते हुए बताया कि युवक पिछले एक साल से उसे शादी का झांसा देकर फोन पर बात करता रहा और पीड़िता के घर आकर उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाता रहा, जब पीड़िता के परिजनों को मामले की जानकारी हुई, तो परिजन युवक के घर जाकर युवक और युवती के बीच जारी संबंधों का हवाला देते हुए रिश्ते की बात की। तब युवक के परिजनों ने पीड़िता के परिजनों से गाली-गलौज करते हुए पीड़िता के परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए अपने घर से भगा दिया। जिसके बाद पीड़िता ने 17 सितंबर को पढुआ थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी, तहरीर देने के एक माह बाद भी पुलिस ने कोई कर्रवाई ही की है, जिससे पीड़िता और उसके परिवार वाले बहुत परेशान हैं और कार्यवाही के लिए रोज थाने के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। मामले में पढुआ थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर पर जांच की जा रही है। आरोपी युवक के परिजनों ने भी निघासन थाने में भी तहरीर दी है। मामले में जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

नोटिस दिए बगैर काटे गए बिजली कनेक्शन, टीम पर रुपए लेने का आरोप

संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।



थाना हैदराबाद क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड बांकेगंज के ग्राम हरिहरपुर मे बांकेगंज विद्युत उपकेंद्र द्वारा बिजली विभाग की 3 दिन पूर्व टीम पहुंची थी। बिजली विभाग की टीम ने बगैर कोई सूचना दिए कुछ लोगों के कनेक्शन काट दिए , जिससे नाराज होकर गांव बालों ने भारी विरोध किया। विद्युत टीम और गांव वालों के बीच नोक झोंक भी हुई जिसके चलते 24 घंटे बाद पुनः कनेक्शन जोड़ा गया। गांव वालों ने आरोप लगाते हुए बताया बिजली विभाग की टीम द्वारा कुछ विद्युत कनेक्शन धारकों से रुपए वसूले गए। वसूल किए हुए रुपए की न तो गांव वालों को शुल्क प्रति दी गई न ही कोई रसीद दी गई। उनका कहना था कि हम बिजली विभाग द्वारा ठगी का शिकार हो गए है। ग्रामीणों का आरोप है लालजी प्रसाद पुत्र चेतराम से रु.1500 राम बेटी पत्नी पंचम लाल से रु.500 महेश पुत्र अंबारी लाल से रु.500 लालता प्रसाद अंबारी लाल से रु.500 ऐसे ही गांव के अन्य लोगों से बकाया बिल के नाम पर पांच सौ से 5 हजार रुपए वसूले गए और उनको कोई राशिद नहीं दी गई।

> एसडीओ क्षेत्र बांकेगंज ने बताया कि मेरी जानकारी में कनेक्शन काटे जाने की घटना है किंतु जिन लोगों ने रुपए लेने का आरोप लगाया है वह जानकारी मुझे नहीं है यदि वह लोग मेरे पास प्रार्थना पत्र देते हैं तो दोषी पाए जाने पर संबंधितो के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

अमृत भारत योजना के अन्तर्गत मैलानी व लखीमपुर स्टेशनों का हो रहा पुनर्विकास

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

पूर्वोत्तर रेलवे पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 58 स्टेशनों का पुनर्विकास लगभग रू. 2,000 करोड़ की लागत से किया जा रहा है, जिसमें लखनऊ मंडल के 22 स्टेशन सम्मिलित हैं।

महेश गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के लखनऊ-मैलानी प्रखण्ड पर स्थित मैलानी स्टेशन को अमृत भारत योजना के अन्तर्गत रूपया लगभग अठारह करोड़ की लागत से नयी सुविधाओं के प्रावधान के साथ ही पुरानी सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। जिसे लक्ष्य के साथ चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा।

इस कार्य योजना के अन्तर्गत मैलानी जं. स्टेशन के मुख्यप्रवेश द्वार के सरकुलेटिंग एरिया के विकास तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति को शामिल करते हुए स्टेशन का सुंदरीकरण, प्लेटफार्म सरफेस का अपग्रेडेशन, स्टेशन फसाड तथा स्टेशन परिसर में उन्नत लाईटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्पले बोर्ड, डिजिटल घड़ियों, यात्री उद्घोषणा प्रणाली, सोलर प्लांट, वाटर कूलर, एयर कंडीशनर, विभिन्न यात्री सुविधाओं से संबंधित ग्लोसाइन बोर्ड (साइनएज), एल.ई.डी. स्टेशन नाम पट्टिकाओं, 12 मीटर चौड़ा पैदल उपरिगामी पुल (एफ.ओ.बी.) एवं स्टेशन पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय व शौचालयों का आधुनिकीकरण तथा स्टेशन पर 03 लिफ्ट व 01 एस्केलेटर लगाने इत्यादि के कार्य सम्पन्न किए जायेगें।

वर्तमान में मैलानी जंक्शन स्टेशन पर लगभग 90त्न कार्य पूर्ण हो चुका है जिसमें सी ओ पी, वेटिंग रूम, टॉयलेट रेनोवेशन,प्लेटफॉर्म सरफेस ग्रेनाइट, स्टेशन बिल्डिंग रूफिंग, सर्कुलेटिंग रोड, सर्कुलेटिंग ड्रेन, फसाड कार्य इत्यादि शामिल है।

स्टेशन पर पोर्च का कार्य, डिजाइन पेंटिंग वर्क, पाथवे का कार्य आदि जारी है(एफ.ओ.बी. को छोड़कर) । अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत मैलानी स्टेशन के कार्य की टारगेट डेट 30 अक्टूबर 2024 है तथा एफ.ओ.बी. के कार्य की टारगेट डेट 30 जून 2025 है।

लखीमपुर स्टेशन को अमृत भारत के अंतर्गत रूपया सोलह करोड़ छत्तीस लाख की लागत से नयी सुविधाओं के प्रावधान के साथ ही पुरानी सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। जिसे लक्ष्य के साथ चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा। इस कार्य योजना के अन्तर्गत लखीमपुर स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के सरकुलेटिंग एरिया के विकास तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति को शामिल करते हुए स्टेशन का सुंदरीकरण, प्लेटफार्म सरफेस का अपग्रेडेशन, स्टेशन फसाड तथा स्टेशन परिसर में उन्नत लाईटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्पले बोर्ड, डिजिटल घड़ियों, यात्री उदघोषणा प्रणाली, सोलर प्लांट, वाटर कूलर, एयर कंडीशनर तथा विभिन्न यात्री सुविधाओं से संबंधित ग्लोसाइन बोर्ड (साइनएज), एल.ई.डी. स्टेशन नाम पट्टिकाओं, 12 मीटर चौड़ा पैदल उपरिगामी पुल (एफ.ओ.बी.) एवं स्टेशन पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय व शौचालयों का आधुनिकीकरण तथा स्टेशन पर 02 लिफट व 01 सेट एस्केलेटर का प्रायोजन इत्यादि कार्य सम्पन्न किए जायेगें।

वर्तमान में लखीमपुर स्टेशन पर 85त्न का कार्य पूर्ण हो चुका है जिसमें सी ओ पी, वेटिंग हॉल, प्लेटफार्म राइजिंग, प्लेटफार्म कॉपिंग, वी डी सी फ्लोरिंग इत्यादि कार्य शामिल है। स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, टॉयलेट्स ब्लॉक, पोर्च (एफ.ओ.बी. को छोड़कर) आदि का कार्य जारी है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लखीमपुर स्टेशन के कार्य (एफ ओ बी को छोड़कर) की टारगेट डेट 15 नवंबर 2024 है।

डीएपी की कालाबाजारी से नहीं मिल पा रही किसानों को खाद

कुलपहाड़ (महोबा)। इस समय किसान रवि फसलों की बुवाई में लग गया है। वहीं बुवाई में प्रयोग होने वाली डीएपी खाद नहीं मिलने से वह भटकने को मजबूर हो रहा है। समितियों में कम खाद आने के कारण अधिकतर किसान अपनी फसलों की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। बी पेक्स समिति के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को पत्र देकर अविलंब डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

बता दें कि दलहन तिलहन फसलों की कटाई के बाद किसान रवि फसल की बुवाई करने की तैयारियों में लग गया है। खेतों की जुताई बखराई आदि कर तैयार कर लिए गए हैं। लेकिन डीएपी खाद नहीं मिलने से बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानों का कहना है कि नवरात्रि के पूर्व से रवि फसलों की बुवाई का कार्य शुरू हो जाता है। खेत भी तैयार पड़े हैं। लेकिन खाद के अभाव में बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। समितियों में कम खाद आने पर अधिकतर किसान वापिस लोटने को मजबूर हो जाते हैं। किसान सेवा सहकारी समिति कुलपहाड़ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव एडवोकेट ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि इस समिति में 3 हजार किसान सदस्य है। मात्र 75 टन डीएपी खाद की बोरियां भेजी गई है। जिससे अधिकतर किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उन्होंने अविलंब डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

घर से प्राइवेट कंपनी में काम को गई युवती रहस्यमय ढंग हुई लापता...

सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है युवती

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।

निघासन कस्बे में स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाली युवती कंपनी से अचानक लापता हो गई, परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

निघासन इलाके के सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने निघासन कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री निघासन स्थित मथुड इंडियन सल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में विगत दो महीने से काम कर रही थी, प्रतिदिन की तरह उसकी पुत्री दिनांक 19.10.2024 को प्रातः 8ः30 बजे घर से निघासन कंपनी में काम के लिए निकली थी, जब रोज की तरह शाम तक घर वापस नहीं आई, तो वह निघासन स्थित कंपनी में जाकर पता किया, तो उसकी पुत्री का बैग कंपनी में ही मिला लेकिन उसकी पुत्री का कोई पता नहीं चला, तो पीड़ित पिता ने पुत्री के बारे में इधर उधर और रिश्तेदारी में तलाशता शुरू किया, जब उसका कहीं अता पता नहीं चला तो पुत्री की सुरक्षा के लिए निघासन कोतवाली में मथुड इंडियन सल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के विरुद्ध तहरीर देकर पुत्री की शकुशल बरामदगी के लिए न्याय की गुहार लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है।

मामले में इंस्पेक्टर महेश चंद्र ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच पड़ताल कर खोजबीन शुरू कर दी, तलाश के लिए संभव प्रयास किए जा रहे हैं और सभी संभावित पहलुओं की जांच की भी जा रही है।

दो तस्करों को बाघ के पांच दांत, दो नाखून के साथ वन विभाग की टीम ने धर दबोचा, भेजा जेल

बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।

लखीमपुर खीरी जनपद के दुधवा नेशनल पार्क के अंतर्गत पलिया वन रेंज के वन विभाग व यूपी एस.टी.पी.एफ की संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता। यूपी एस.टी.पी.एफ व वन विभाग की टीम ने दो वन्य जीव तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार आपको बता दें पलिया रेंज के वन विभाग को मुखबरी मिली की दो वन जीव तस्कर बाघ के अंगों की बिक्री करने के लिए मोटर साइकिल से पलिया की तरफ जा रहे हैं। सूचना मिलते ही वन विभाग व यूपी एस.टी.पी.एफ की संयुक्त टीम ने घेरा बंदी करते हुए दो तस्कर को बाघ के अंगों के साथ गिरफ्तार कर लिया। तस्करो के पास से एक मोटर साइकिल व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए तस्कर सिंगाही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैरमपुर गांव के निवासी पोस्ट मांझा बेलरायां सतीश कुमार, व दीनदयाल को वन विभाग एंव यूपी एस.टी.पी.एफ टीम ने धर दबोचा तस्करों के कब्जे से बाघ के पांच दांत, तीन नाखून भी बरामद किया गया है। तस्करों के कब्जे से एक मोटर साइकिल, मोबाइल फोन बरामद करते हुए वन अधनियम के तहत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जिला कारागार लखीमपुर खीरी भेजते हुए दुधवा टाइगर रिजर्व की टीम ने बड़े ही बारीकी के साथ जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण होने पर प्रभारी निरीक्षक ने स्मृति चिन्ह व फूलमाला पहनाकर दी विदाई

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली कुलपहाड़ में तैनात उपनिरीक्षक आकाश मौर्य एवं उपनिरीक्षक डीसी शुक्ला का तीन माह तैनाती के बाद उनका स्थानांतरण थाना अजनर कर दिया गया। जिसको लेकर कोतवाली परिसर में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। कोतवाली प्रभारी अर्जुन सिंह ने स्थानांतरित उपनिरीक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी। इसके अलावा अपराध इंस्पेक्टर यशवन्त सिंह, एस आई दिनेश सिंह, एस आई अश्वनी मिश्रा, एस आई महेंद्र सिंह सहित पुलिस स्टाफ आदि लोगों द्वारा फूल माला पहनाकर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक ने स्थानांतरित उपनिरीक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए आगे भी अपने कार्य को ईमानदारी और लगन से कार्य करने की बात कही। एस आई दिनेश सिंह ने कहा कि साथ रहकर कार्य करने पर जो सहयोग मिलता रहा है, उसे भुलाया नहीं जा सकता है। स्थानांतरण एक प्रक्रिया है, लेकिन यादें बनी रहती हैं। इस मौके पर पुलिस स्टाफ के साथ काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

करवा चौथ का व्रत रखकर सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

नवविवाहिताओं में करवा चौथ को लेकर दिखा उत्साह

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।

रविवार को करवा चौथ का पर्व श्रद्धा, उल्लास और परंपरा के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पूरे दिन निर्जल व्रत रहकर शाम को करवा माता का विधि विधान से पूजन कर उगते चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति की लंबी आयु के लिए अखंड सौभाग्यवती रहने की मंगल कामना की। वहीं नवविवाहिताओं में करवा चौथ पूजन को लेकर उत्साह दिखाई दिया।

अखंड सुहाग का प्रतीक करवा चौथ का व्रत रविवार को श्रद्धा उल्लास एवं परंपरा के साथ मनाया गया।करवा चौथ को लेकर सुबह से ही घरों में पूजन की तैयारियां शुरू हो गईं। दिन भर महिलाएं व्रत रहकर पूजा पाठ की तैयारियों में लगी रहीं। घरों में भगवान गणेश, करवा माता सहित शंकर पार्वती की स्थापना हुई। शाम होते ही महिलाओं ने सोलह सिंगार कर सामूहिक रूप से विधि विधान सहित पूजन अर्चन कर करवा माता की कथा सुनी। इसके बाद उगते चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति की दीर्घायु की कामना करते हुए छलनी में पति का चेहरा देखा और उनके हाथ से पानी पीकर व्रत का पारायण किया। पहली बार करवा चौथ का व्रत रखने वाली नई नवेली सुहागिनें करवा चौथ के व्रत को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दीं।

करवा चौथ का व्रत पूरा करने के बाद दंपत्तियों में सेल्फी लेने का दौरा शुरू हो गया जो देर रात तक चलता रहा। दंपत्तियों ने सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड कर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

महिलाएं सुबह से ही घरों में तरह-तरह के व्यंजन बनाने के साथ ही पूजन सामग्री एकत्रित कर पूजा करने में व्यस्त रहीं।घरों के अन्य सदस्य चंद्र उदय को बार-बार निहारत रहे। वहीं महिलाएं भी आसमान की ओर चंद्र उदय को लेकर टकटकी लगाए रहीं।

परंपरा के अनुसार सुहागिन महिलाओं ने आपस में करवा बदलकर विधि-विधान से पूजन कर पति की लंबी आयु के लिए ईश्वर से मंगल कामना की। रात 8 बजे चंद्रमा के दर्शन होते ही महिलाओं का उत्साह दो गुना हो गया महिलाओं ने छलनी से चंद्रमा को देखकर अर्घ दिया।

अनाथालय से भागी लड़कियां मिलीं, छह को बिहार के सिवान से पकड़ा गया

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । राजधानी लखनऊ के अनाथालय से भागी सभी लड़कियां बरामद कर ली गई हैं। 6 लड़कियों को को बिहार के सिवान से बरामद किया गया है। जबकि 1 लड़की शनिवार को अयोध्या के इनायतनगर में मिली। 2 को पुरनिया चौराहे से पकड़ा गया था।

गुरुवार (17 अक्टूबर) की रात 9 नाबालिग लड़कियां खिड़की की ग्रिल काटकर फरार हो गई थीं। सभी की उम्र 16-17 के बीच है। शुक्रवार सुबह गिनती होने पर लड़कियों के फरार होने की जानकारी मिली थी। इसपर संचालिका ने पुलिस और अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर केस दर्ज कर तलाश में लगी थी। दो लड़कियों को करीब 3 घंटे बाद बरामद किया गया था। वे पुरनिया के पास बस का इंतजार कर रही थीं। इनमें से एक जम्मू और दूसरी बहराइच की रहने वाली है।

उन्होंने कहा कि हमें पढ़ाई करना है, लेकिन यहां कोई पढ़ाता नहीं है। अन्य की तलाश में रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप और उनके जिलों को जाने वाले मार्गों पर तलाश की जा रही थी। घर वालों से भी संपर्क किया गया था।अलीगंज थाना क्षेत्र में श्री राम औद्योगिक अनाथालय है। अनाथालय में 45 लड़कियां हैं।

गुरुवार रात करीब 2 से 3 बजे के बीच 9 लड़कियां बारी-बारी से बाथरुम जाने के लिए कमरे से बाहर निकलीं। बाथरुम के पास खिड़की में लगी ग्रिल को काटकर भाग गई थीं। बरामद की गई लड़कियों से पुलिस जानकारी ले रही है। उनके अनाथालय से भागने के पीछे क्या कारण रहे, इसके बारे में पता लगाया जा रहा है। बताते हैं कि कुछ लड़कियां लावारिस हालत में अनाथालय लाई गई थीं।

मठ-मंदिर व कुंडों के जीर्णोद्धार, नगर के उद्धार से राम के राज्य का सपना साकार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ/अयोध्या। धरती पर साक्षात साकेत धाम, सूर्यवंश की राजधानी, सप्तपुरियों में अग्रणी नगरी तथा वैवस्वत मनु के साम्राज्य की राजधानी जैसे विशिष्ट अलंकार भले ही रामनगरी अयोध्या को प्राप्त हैं, मगर उसके मौजूदा स्वरूप और 2017 के पहले के स्वरूप में जमीन-आसमान का फर्क था। यूं तो, अयोध्या के कण-कण में राम बसते हैं मगर 500 वर्षों के पराभव काल ने अयोध्या को अपमान, अपयश, उपेक्षा और तिस्कार के अलावा कुछ नहीं दिया। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव की साक्षी रही सरयू की निर्मल जलधारा आज जिस तरह कल-कल करते हुए बह रही

है, वह वर्ष 2017 के पहले घोर उपेक्षा की शिकार थी। राम की पैड़ी हो, सूर्य कुंड हो, दशरथ महल हो या फिर प्रभु श्रीराम से जुड़े अन्य स्थल, सभी की हालत जर्जर हो चुकी थी।

मगर, 2017 में सीएम योगी द्वारा प्रदेश की सत्ता की कमान संभालते ही अयोध्या में विकास के नए आदित्य का उदय प्रारंभ हुआ। प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या के वृहद कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त किया है। रामनगरी के कोने-कोने में तीव्र गति से सौंदर्यीकरण व विकास की विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। आज अयोध्या अपने प्राचीन वैभव के संरक्षण के साथ ही आधुनिक शहरी विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रही है, तो इसके पीछे साफ तौर पर डबल इंजन सरकार की इच्छा शक्ति है, जो कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी के कुशल क्रियान्वयन से संभव हो सका है। योगी सरकार ने सबसे पहले अयोध्या के मठ मंदिरों की सुधि ली। 68 करोड़ की लागत से उनका सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। इनमें जानकी घाट, ब?ा स्थान, दशरथ भवन मंदिर, मंगल भवन, अक्षरी मंदिर, राम कचेहरी मंदिर, सियाराम किला, दिगम्बर अखा?ा, तुलसी चौराहा मंदिर, भारत किला मंदिर, हनुमान मंदिर, कालेराम मंदिर, नेपाली मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, छोटी देवकाली मंदिर, मौर्य मंदिर, राम गुलेला मंदिर, करतलिया बाबा मंदिर, तिवारी मंदिर, वेद मंदिर, मणिराम दास छावनी मंदिर, बरेली मंदिर, रंग महल मंदिर, टे?ायाती महादेव मंदिर, राम पुस्तकालय मंदिर, विद्या देवी मंदिर, देवीकाली कुण्ड मंदिर, रत्न सिंहासन मंदिर सहित पौराणिक मंदिर/आश्रमों व कुंड शामिल हैं। साकेत सदन को बिल्डिंग को रिपेयर किया जा रहा हैं।

चार वेदों से प्रेरित पथों ने सुगम यातायात का किया मार्ग प्रशस्त

चार वेद, चार युग की प्रेरणा से योगी सरकार में बने चार पथों ने अवधपुरी के वृहद कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त किया है। योगी सरकार के नेतृत्व में पुरातन वैभव को आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप ढालकर अयोध्या में कायाकल्प करने का मार्ग सुनिश्चित किया जा रहा है। यहां के चार प्रमुख पथ भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, राम पथ व धर्म पथ चार वेदों और चार युगों की अवधारणा पर विकसित किए गए हैं, जिन्हें म्यूरल पेंटिंग, वॉल पेंटिंग, पेबल स्टोन स्कल्चर, आधुनिक लाइटिंग, वाई-फाई कनेक्टिविटी समेत सौर ऊर्जा के उचित प्रयोग से वैश्विक प्रतिमान गढ़ने के अनुरूप बनाया गया है। यहां भगवान राम से जु? 108 कुंड हैं। अब तक 10 से अधिक कुंडों का जीर्णोद्धार कराया जा चुका है जो आज अयोध्या में नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहे हैं।

खबरें एक नजर में

डॉ अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच का रवींद्रालय में होगा अधिवेशन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। डॉ अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के केंद्रीय कार्यालय चंचल कांपलेक्स बर्लिंगटन चौराहा लखनऊ में रवीन्द्रालय चारबाग लखनऊ में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने हेतु उपस्थित पदाधिकारियों एवं अतिथियों के साथ विचार विमर्श हुआ। विचार विमर्श के बीच प्रदेश के बाहर से राष्ट्रीय अधिवेशन में आने वाले पदाधिकारियों व अतिथियों को ठहराने तथा उनके भोजन एवं कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों के भोजन तथा अन्य विषयों पर विधिवत विचार विमर्श किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने जिम्मेदारियां को ग्रहण करते हुए उसे पूरा करने के प्रति योजना बनाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष भवननाथ पासवान, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव इंजी एसपी सिंह, प्रदेश अध्यक्ष आशाराम सरोज,प्रदेश उपाध्यक्ष इंजी राम सजीवन, प्रदेश संगठन सचिव शैलेष धानुक, जिला संयोजक लखनऊ बालक राम, जिला संयोजक प्रयागराज अमरनाथ, विधानसभा अध्यक्ष मोहनलालगंज पीतांबर प्रसाद, नरेंद्र वर्मा, विश्राम राजवंशी, डॉक्टर उमेश वर्मा, जनपद हरदोई आदि मुख्य रूप से बैठक में उपस्थित हुए।

नशीला पदार्थ सुंघाकर असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ लूट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के पीजीआई इलाके में शनिवार रात करीब 10 बजे असिस्टेंट प्रोफेसर से लूट हुई। ऑटो चालक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर असिस्टेंट प्रोफेसर को नशीला पदार्थ सुंघा दिया। मारपीट की और मोबाइल फोन, पर्स और बैग लूट ले गए। पीड़ित ने रविवार सुबह पीजीआई थाने में तहरीर दी। मूलरूप से गोंडा के रहने वाले विजय कुमार शुक्ला लखनऊ के मोहनलालगंज के मौरावा रोड स्थित चतुर्वेदी कुंज में परिवार के साथ रहते हैं। वह एक इंस्टीट्यूट में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। विजय ने पुलिस को बताया कि बीती रात वृंदावन गेट से मोहनलालगंज जाने के लिए एक ऑटो बुक किया था। ऑटो चालक कुछ दूर चल कर कल्ली पश्चिम के पास आउटर रिंग रोड के नीचे रुक गया। तभी उसके चार साथी आ गए। इस दौरान ऑटो चालक ने जबरन मुझे कुछ सुंघा दिया। मुझे नशा होने लगा। विरोध किया तो मेरी पिटाई की। फिर चलते ऑटो से सड़क पर फेंककर भाग गए। विजय का कहना है कि रविवार सुबह जब होश आया तो मैं सड़क पर पड़ा था। मेरा मोबाइल फोन, पर्स और बैग गायब था।

भाजपा का निर्माण विकास का विषय नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का है उपाय

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने आज रविवार को एक्स पोस्ट पर एक वीडियो शेयर कर यूपी की योगी सरकार पर बड़ा हमला बोला है।उन्होंने लिखा कि कानपुर में भाजपा के भ्रष्टाचार की परत का परदा जब उठ गया तो उनके विधायक का नाटक शुरू हो गया। भाजपा की ये पुरानी आदत है कि पहले सफेदपोश बनकर चुपचाप भ्रष्टाचार करती है और जब पोल खुल जाती है तो उसका ठीकरा अधिकारियों के सिर पर फोड़ देती है। इसका अर्थ ये हुआ कि सरकार का अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है मतलब सराकर नाकाम भी है और निष्प्रभावी भी। यूपी की जनता पूछ रही है कि सरकार की लगाम क्या अधिकारियों के हाथ में है? उन्होंने कहा कि सच तो ये है कि भाजपा का हर निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। भाजपा के लिए कोई भी निर्माण विकास का विषय नहीं बल्कि भ्रष्टाचार करने का उपाय है।

सुरेश ग्यारहवीं बार बने प्रदेश महासचिव, नरेंद्र चुने गए प्रदेश अध्यक्ष

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संध वाणिज्य कर विभाग कार्यालय आयुक्त राज्य कर लखनऊ मे सम्पन्न हुआ। दो द्विवार्षिक अथिवेशन चुनाव आधिकारी आखिलेश कुमार दुबे कि देख रेख मे सम्पन हुआ।चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नरेन्द्र सिंह रावत चुने गए तो प्रदेश महामत्री सुरेश सिंह यादव ग्यारहवीं बार निवाचित हुए। अर्जुन सिंह भदोरिया प्रदेश काहवाहक अध्यक्ष राजवीर सिंह प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित पांडे प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष छगल चंद्र यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभु दयाल प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष बासुदेव सिंह संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार संयुक्त मंत्री रामदयाल प्रदेश एडिटर चंदन प्रसाद संयुक्त मंत्री मोहित अग्रवाल प्रदेश मीडिया प्रभारी दया शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मवीर भारती प्रदेश उपाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव रामकुमार प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र मीणा मंत्री प्रदीप कुमार संगठन मंत्री राकेश कुमार सतंविर सिंह सगंठन मंत्री राकेश आर्य चुने गए।

पुलिस के हत्थे चढ़ा ठग, कई राज्यों में की करोड़ों की ठगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ सहित कई राज्यों में करोड़ों रुपए की ठगी करने वाला शातिर ठग लखनऊ पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। हजरतगंज पुलिस ने इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के नेतृत्व में उसे गिरफ्तार कर लिया। ठग कन्हैया लाल ने दिल्ली, मुंबई, बाँदा, वाराणसी, लखनऊ, महोबा और कानपुर में लोगों को अपना शिकार बनाया। आरोपी पर पुलिस की नजरें काफी समय से थीं, लेकिन वह हर बार चकमा देकर बच निकलता था। कन्हैया लाल ने एक फर्जी कंपनी बनाकर बड़े-बड़े कारोबारियों से सरकारी ठेके और पट्टे दिलवाने के नाम पर करोड़ों की ठगी की। वह उनसे बड़ी रकम लेकर बदले में फर्जी चेक देता और फरार हो जाता। उसने लखनऊ में एक आलीशान अपार्टमेंट में अपना ऑफिस बना रखा था, जहां अपने जैसे दिखने वाले हमशक्ल को बिठाया था, ताकि किसी छापे के दौरान पुलिस उसे पकड़ नहीं सके। इस ठग के पीछे दिल्ली, मुंबई, बाँदा, वाराणसी और कानपुर की पुलिस थी, लेकिन वह हर बार बच निकलता था। आखिरकार हजरतगंज पुलिस की टीम ने डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी के निर्देशन में एक जाल बिछाया और ठग को धर दबोचा। ठग कन्हैयालाल कई कारोबारियों को सरकारी ठेके दिलाने का झांसा देकर बड़ी रकम ऐंठ चंपत हो गया।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष आज जाएंगी आगरा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा बबीता सिंह चौहान कल 21 अक्टूबर को आगरा में भ्रमण पर रहेंगी। डा चौहान पूर्वाहन 11 बजे आगरा स्थित नवीन सभागार सर्किट हाउस में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित करेंगी। जनपद में महिला उत्पीड़न एवं शिकायतों से संबंधित प्रकरणों की पुलिस आयुक्त अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं संबंधित थाने के क्षेत्राधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए महिला जनसुनवाई करेंगी। आयोग की अध्यक्ष अपराह्न 01:15 बजे से आगरा की आंगनबाड़ी केन्द्र कलाल खेरिया में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी।

दो सैचर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा, राजधानी लखनऊ (दक्षिणी) क्षेत्र में, सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को वादिनी मुकदमा सरिता सिंह पत्नी प्रदीप सिंह निवासी सेलेब्रिटी मिडोज अपार्टमेण्ट ब्लाक जे 501, सुशांत गोल्फसिटी लखनऊ, द्वारा लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया, अभियुक्तगण द्वारा मोटरसाइकिल से पीछे से आकर वादिनी का पर्स छीन कर भाग गया, जिसमें 2 मोबाइल फोन एटीएम तथा 25000, हजार रूपए व सोने की चेन थी, इस सूचना पर थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा ने पुलिस टीम को चोरों को पकड़ने के लिए रवाना किया, तभी मुखबिर की सूचना पर 1 सुजीत कुमार रावत,2 रविन्द्र गौतम को बेस्ट प्राइस की तरफसे शहीद पथ से गिरफ्तार किया, कब्जे से 1 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 1 मोटरसाइकिल बरामद हुई,इसी क्रम में (दक्षिणी) डीसीपी, द्वारा दिशा-निर्देश पर गठित की पुलिस टीम लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना सुशांत गोल्फसिटी प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा, के नेतृत्व में आरोपीयों को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

नई तकनीकों का उपयोग कर कार्यों की गुणवत्ता व दक्षता में किया जाए सुधार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा की और संतोष व्यक्त करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। सीएम योगी ने विभाग को कार्यों की समयबद्धता, गुणवत्ता, और कर्मचारियों की ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ अगले वर्ष बाढ़ से बचाव की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की समय पर पूर्णता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि देरी से ना केवल लागत बढ़ती है, बल्कि जनता को भी लाभ मिलने में देर होती है, इसलिए कार्यों की समयबद्धता प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर भी जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें उचित प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नई तकनीकों का उपयोग कर कार्यों की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार किया जा सकता है।

ट्रेनिंग के माध्यम से कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन के कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकें। उन्होंने आने वाले वर्ष में संभावित बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए पहले से तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया। बाढ़ से बचाव के लिए अगले वर्ष की कार्य योजना जन प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साथ मिलकर तैयार की जाए। योजना के तहत बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर, वहां तटबंधों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जानी चाहिए। बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया और मुख्यमंत्री को विभाग के चल रहे कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

स्थानीय महासंघ ने प्रधानमंत्री से किया हस्तक्षेप का अनुरोध

लखनऊ। प्रधानमंत्री के वाराणसी आगमन पर प्रदेश के निकाय कर्मचारियों की लम्बित समस्याओं पर प्रदेश सरकार व नगर विकास विभाग द्वारा समय रहते संज्ञान न लिए जाने पर हस्तक्षेप किए जाने की मांग की है। स्थानीय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा ने बताया कि महासंघ द्वारा वाराणसी इकाई एवं अन्य प्रदेश की इकाइयों द्वारा प्रधानमंत्री के वाराणसी आगमन पर हार्दिक स्वागत करते हुए, एक लम्बे समय से निकाय कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान उत्तर प्रदेश सरकार व नगर विकास विभाग द्वारा समय रहते न किए जाने पर मजबूरन 26 अक्टूबर से कार्यबन्दी का निर्णय लिया गया है। शशि मिश्रा के अनुसार महासंघ सदैव वार्ता एवं बैठक के माध्यम से समस्याओं के निस्तारण का पक्षधर रहा है, परन्तु खेद है कि प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री एवंमंत्री नगर विकास आदि के द्वारा निकाय कर्मचारियों की समस्याओं का समय रहते निदान किए जाने सम्बधी निर्देश के बाद भी प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा कोई सार्थक एव सकारात्मक निर्णय नहीं किया जा रहा। महासंघ प्रदेश की निकायों में कर्मचारी संदेश यात्रा के माध्यम से प्रदेश भर के निकाय कर्मचारियों को एक जुट करने तथा यदि .25 अक्टूबर तक नगर विकास द्वारा बैठक आदि के माध्यम से समस्याओं पर निर्णय नहीं लिया गया तो महासंघ .26 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन कार्य बन्दी की तैयारी कर रहा है। जिसके अन्तर्गत आज गोरखपुर, वाराणसी,आगरा, लखनऊ, गाजियाबाद, आजमगढ़, महराजगंज, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, सहारनपुर, आदि इकाइयों में कर्मचारियों की सभा,मीटिंग कर सेवा सम्बधी व अन्य लम्बित मांगों के सफलतापूर्वक समाधान कराने में प्रदेश की सभी निकायों से अपील की गयी

सार्वजनिक हो पीजीआई, केजीएमयू व अस्पतालों में बेड की उपलब्धता

समृद्धि न्यूज

▸ स्वास्थ्य सेवाओं को व बेहतर बनाया जाए मनोज सिंह

लखनऊ । प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा, पीजीआई, केजीएमएयू, सिविल, लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, बलरामपुर, और लोक बंधु अस्पतालों व राज्य के अन्य में अस्पतालों में बेड की उपलब्धता सार्वजनिक की जाए। इसे पब्लिक डोमन में डाला जाए। टेक्नालॉजी का उपयोग कर स्वास्थ्य सेवाओं को बनाया जाए।

मुख्य सचिव ने आज रविवार को चिकित्सा संस्थानो के प्रमुखों के साथ बैठक में कहा कि मरीजों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने में उत्तर प्रदेश शासन का सर्वाधिक फोकस रहा है। प्रदेश में तेजी से हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर पर कार्य हो रहा है। हेल्थ सेक्टर में बहुत सारा निवेश हुआ है। सरकारी अस्पतालों व संस्थानों में बेस्ट डॉक्टर्स व इंफ्रास्ट्रक्चर तथा पर्याप्त मात्रा में स्टाफ उपलब्ध है। निजी चिकित्सा संस्थानों में प्रायः शासकीय अस्पतालों व संस्थानों से सेवानिवृत्त चिकित्सक कार्य करते हैं। सरकारी अस्पताल आने वाले मरीज व तीमारदार अच्छा अनुभव लेकर जायें।बाहर जाकर अस्पताल व डॉक्टर की तारीफ करें, इस पर सोचने व कार्य करने की जरूरत है।

मुख्य सचिव ने कहा कि अस्पताल एंट्रेंस पॉइंट पर टीम मौजूद रहे, जो सुनिश्चित करे कि आने वाले मरीज के साथ सही व्यवहार हो, उसे वार्ड ब्वाय, व्हीलचेयर व स्ट्रेचर की सुविधा मिले। स्ट्रेचर, व्हीलचेयर से मरीज को कहां जाना है और क्या करना है, इस बारे में गाइड की व्यवस्था हो। कहीं भी स्ट्रेचर व व्हीलचेयर को ताले में न रहे। इमरजेंसी वार्ड के पास अस्पताल प्रशासन की टीम होनी चाहिए। अस्पतालों में मरीजों से अच्छा बर्ताव हो। मुख्य सचिव ने कहा कि मरीज के साथ अच्छा बर्ताव, बीमारी के बारे में सही से ब्रीफिंग और उचित गाइडेंस देने से किसी तरह की कोई शिकायत की गुंजाइश नहीं रह जाएगी। अस्पताल आने वाले व्यक्ति अच्छा अनुभव लेकर जायेंगे और बाहर जाकर वह संस्थान व डॉक्टर्स की प्रशंसा करेंगे।

फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ 12 साइबर जालसाज गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

▸ 11 लैपटॉप, टैबलेट, दो वाई-फाई यूनिट व कई उपकरण जब्त

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस ने एक फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर 12 कथित साइबर जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा रविवार को जारी एक बयान के मुताबिक, शनिवार को पुलिस ने एक सूचना पर पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन योजना के सेक्टर-18 में एवरेस्ट एन्क्लेव के एक फ्लैट पर छापा मारा और वहां काम कर रहे 12 साइबर जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया।

बयान के मुताबिक, पुलिस ने छापेमारी के दौरान 11 लैपटॉप, लैपटॉप चार्जर, एक टैबलेट, दो वाई-फाई यूनिट, दो राउटर, पांच हेडफोन , और 17 मोबाइल फोन सहित बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए। बयान के अनुसार, पकड़े गये साइबर अपराधी विदेशी नागरिकों, खासतौर से अमेरिका और कनाडा के बाशिंदों को निशाना बनाते थे। इसमें कहा गया है कि वे अपने शिकार लोगों के लैपटॉप कम्प्यूटर सिस्टम में जानबूझकर त्रुटियां या 'बग' भेजते थे, जिससे 'पॉप-अप' संदेश दिखाई देते थे। बयान के मुताबिक, प्रभावित व्यक्ति द्वारा समस्या हल करने की कोशिश करने पर जालसाज तकनीकी सहायता एजेंट बनकर उनसे संपर्क करते थे।

इसमें कहा गया है कि कंप्यूटर की समस्या हल करने की आड़ में साइबर जालसाज पीड़ितों के कम्प्यूटर सिस्टम तक पहुंच बना लेते थे और फिर वे लोगों को अपने लैपटॉप या कम्प्यूटर सिस्टम की परेशानी दूर करने के लिये भुगतान करने को मजबूर करते थे। पकड़े गये लोगों में चंदन उर्फ रिक्की (कानपुर), मोहन श्याम शर्मा (भरतपुर, राजस्थान), उत्कर्ष गोल्ड स्मिथ (लखनऊ), नीरज कुमार (रायबरेली), करण सिंह (लखनऊ), तरुण गुप्ता (संत कबीर नगर), नीरज पांडेय (दिल्ली), सिद्धार्थ कश्यप (गोंडा), ऋतुराज गुप्ता (लखनऊ), सोमनाथ सिंह (बहराइच), विराट कुमार (चंदौली) और राम जनक (बस्ती) शामिल हैं। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता तथा आईटी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

माटीकला मेला आज से उद्घाटन करेंगे खादी व ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान

लखनऊ । उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान 21 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे माटीकला मेला 2024 का उद्घाटन करेंगे। इस दस दिवसीय मेले का आयोजन उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के तत्वावधान में लखनऊ स्थित खादी भवन, 8-तिलक मार्ग, डालीबाग में किया जा रहा है।

मेले का समापन 30 अक्टूबर, 2024 को होगा।महाप्रबंधक उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड डॉ. उज्ज्वल कुमार ने बताया कि माटीकला मेला में प्रदेश की माटीकला इकाइयों के साथ-साथ बाहरी राज्यों की लगभग 50 स्टॉलें लगाई जाएंगी, जिनमें विभिन्न प्रकार की माटी से बनी वस्तुएं प्रदर्शित और विक्रय के लिए उपलब्ध होंगी। इस मेले में विशिष्ट और अति विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय जनता और पर्यटकों के आने की संभावना है। मेला प्रदेश के माटीकला उद्यमियों को अपनी कला और उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा

सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष की मां का निधन

श्रद्धांजलि देते डॉ जितेन्द्र सिंह यादव

समृद्धि न्यूज

▸ डॉ. जितेंद्र सिंह यादव अंतिम यात्रा में हुए शामिल, दी श्रद्धांजलि

फर्रुखाबाद । समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप की माताजी के गोलोक-वास हो जाने का समाचार मिलने से समाजवादी पार्टी के नेताओं व उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गयी। उनका अंतिम संस्कार रविवार को उनके पैतृक गांव में किया गया। इस मौके पर सपा के कई कद्दावर नेता मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व एमएलसी डा0 राजपाल कश्यप निवासी मझरेता जिला हरदोई में उनकी माता जी कमला का निधन हो गया। यह समाचार जैसे ही शुभचिंतकों व सपा नेताओं को मिला, तो उनमें शोक की लहर दौड़ गयी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव फर्रुखाबाद की विधानसभा अमृतपुर के पूर्व प्रत्याशी डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने राजपाल कश्यप के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर उनकी माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति व परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। डा0 जितेन्द्र सिंह यादव उनकी माता जी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए और अन्त्येष्टि के दौरान नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

डॉ राजपाल कश्यप की मां कमला का फाइल फोटो

छात्र ट्रेन से कटा, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

लखनऊ । कैंट थाना क्षेत्र में एक छात्र ट्रेन से कट गया। हादसे की सूचना परिवार को रविवार सुबह पुलिस ने दी। मृतक की पहचान दीपांशु (17) पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि छात्र गोसाईगंज के अनूप खेड़ा गांव के मजरा सिठौली कला का रहने वाला था। वह शनिवार सुबह कस्बा स्थित रामपाल त्रिवेदी इंटर कॉलेज के लिए निकला था, लेकिन घर वापस नहीं लौटा। परिजन उसकी आस-पास व रिश्तेदारी में तलाश करते रहे। इधर, पुलिस को कैंट में रेलवे ट्रैक पर एक छात्र का क्षत विक्षत शव मिला। यूनीफार्म के आधार पर पुलिस ने स्कूल से सम्पर्क किया। वहीं प्रिंसिपल से छात्र के परिजनों का नम्बर लेकर उनको सूचित किया। मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पर्व | महिलाओं ने अन्न व जल त्यागकर टीका, बिंदी, चूड़ियां, मेहंदी व नए कपड़े पहनकर किए 16 श्रृंगार

सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए रखा करवा चौथ का व्रत

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । पति व पत्नी के बीच प्रेम को दर्शाने वाला त्यौहार करवाचौथ पर राजधानी लखनऊ में सुहागिनों ने अपने पति की रक्षा के लिए निर्जला व्रत रख किया तथा पति की लंबी आयु की कामना की। करवा चौथ के मौके पर राजधानी में महिलाओं ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर करवाचौथ माता की कथा सुनी व भगवान शिव-पार्वती, करवा माता, गणेश व चंद्रमा की पूजा की।

सुहागिन महिलाओं ने अन्न व जल त्यागकर अपनी पति की लंबी आयु की कामना की तथा टीका, बिंदी,

चूड़ियां, मेहंदी व नए कपड़े पहनकर 16 श्रृंगार भी किए। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पतिव्रता सती सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से बचाए थे। वही एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार करवा नाम की एक पतिव्रत स्त्री ने अपनी सतित्व के बल पर उसके पति यमराज के पास पहुंचाने वाले मगरमच्छ को सूती साड़ी के धागे से

अपने तप के माध्यम से बांध दिया था तथा अपने पति की जान बचाई थी। इस मौके पर राजधानी की महिलाओं ने करवाचौथ के मौके पर अपने पति की लंबी आयु की कामना की है तथा सुबह से ही नहा-धोकर करवाचौथ की कथा सुनी है। उन्होंने पूरा दिन व्रत करके रात को चंद्रमा निकलने पर चंद्रमा को अर्घ्य देकर ही अपना व्रत पूर्ण किया।

अध्यक्ष बने दिलीप, महामंत्री पद पर सुशील मनोनीत

- आनंद को मिला कोष का जिम्मा, समर्थकों ने मिठाई खिलाकर दी ढेरों शुभकामनाएं

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

चित्रांश कल्याण समिति का द्विवर्शीय चुनाव संपन्न चुनाव आयुक्त अनिल श्रीवास्तव व प्रदीप श्रीवास्तव ने निभाई चुनाव आयुक्त की भूमिका जिनके कुशल संचालन से चित्रांश कल्याण समिति की मौजूद कार्यकारिणी व सदस्यों के मध्य समिति के अध्यक्ष प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव व महामंत्री सन्तोष श्रीवास्तव तथा कोषाध्यक्ष आई0बी0श्रीवास्तव ने अपनी बात रखी तत्पश्चात अध्यक्ष ने कार्यकाल भंग करने की घोषणा की ! चुनाव आयुक्त ने बैठे सदस्य को नामांकन करने की प्रक्रिया बताइ जिसमें सर्वसम्मत से इंजीनियर दिलीप कुमार श्रीवास्तव को अध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव गोपाल विला को महामंत्री तथा आनंद कुमार श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मत से मनोनीत किया गया जिसकी सूचना मिलते ही तमाम समर्थक सदस्य व चुने गए पदाधिकारी के नात रिश्तेदारों ने मिठाईयां खिलाकर दी शुभकामनाएं ! अध्यक्ष पद पर चुने गए इंजीनियर दिलीप कुमार श्रीवास्तव और महामंत्री शुशील श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में मौजूद सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि हम कोशिश करेंगे की चित्रांश कल्याण समिति नई ऊंचाइयां को छुए और हम अपने कार्यकारिणी के साथ सदस्यों को एक सूत्र में बांधकर चलने की कोशिश करेंगे मौजूद सभी सदस्यों ने चुने गए पदाधिकारी को मिठाईयां खिलाकर एक दूसरे को दी ढेरों शुभकामनाएं जिस समय महिला विंग की अध्यक्ष सुषमा श्रीवास्तव ,संयोजक वीणा श्रीवास्तव, इंद्रावती श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव के साथ ही राजकुमार श्रीवास्तव,अतुल श्रीवास्तव,जिनेन्द्र ,आनंद खरगूपुर, अरविंद सहाय, सुशील पंकज, संदीप, ओमप्रकाश, संतोष राधाकुण्ड ,दीपक,अवधेश, अजय, सुशील, विजित,बसंत, देवेंद्र श्रीवास्तव, विनय कुमार उर्फ लल्ला, अंजनी नंदन, महाराज कुमार श्रीवास्तव, अरविंद सिन्हा, बृज बिहारी,शौरभ पत्रकार,समेत सैकड़ो कार्यकर्ता व सदस्य गण मौजूद रहे।

गोंडा मेडिकल कालेज में अनियमितताओं की कमिश्नर से शिकायत, जांच के आदेश

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय गोंडा में अनियमितताओं की शिकायत पर जांच के आदेश दिए हैं। यह शिकायत रघु बाबा समाज सेवा संस्थान,बहराइच के राजकुमार दूबे द्वारा की गई है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन की सहमति से लिपिक और मेडिकल कॉलेज के एक अफसर ने कुछ चहेते फर्मों के नाम से कूटरचित दस्तावेजों का दुरुपयोग किया और सरकारी धन का गबन किया है। आयुक्त ने इस मामले में अपर निदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, देवीपाटन मंडल को पत्र भेजकर 10 दिनों के भीतर जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। शिकायत पत्र में लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। जांच अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा को सौंपी गई है।

डीएम कार्यालय परिसर में बनी सड़क जर्जर

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय के बगल जो सड़क सदर तहसील को जाती है उसकी हालत इतनी खराब है कुछ कहने को नहीं अगर हम यहां बात करें चिराग तले अंधेरा तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि कलेक्ट्रेट बार और जिलाधिकारी कार्यालय सब कुछ इसी परिसर में है इसके बावजूद सड़क पूरी तरह उखड़ गई है बजड़ियाँ बिखर रही हैं जरा सी भी चूक हो जाए तो कभी भी दुर्घटना घट सकती है जब जिला अधिकारी कार्यालय परिसर में बनी सड़क का यह हाल है तो पूरे जिले की तो बात ही छोड़िए इसी उखड़ी हुई सड़क से जब कार्य दिवस होता है तो कम से कम दस हजार लोग इस पर आवागमन करते हैं जिलाधिकारी महोदय का ध्यान इस टूटी हुई सड़क की तरफ आकृष्ट कराना चाहूंगा यदि उनकी जरा सी भी कृपा दृष्टि हो जाएगी तो उखड़ी हुई सड़क चिकनी सड़क में तब्दील हो जाएगी ऐसा विश्वास किया जा सकता है क्योंकि जिलाधिकारी महोदया का काम करने का तरीका बिल्कुल भिन्न है जैसे ही उनके संज्ञान में कोई बात आती है वे तुरंत उस पर कार्रवाई का आदेश पारित कर देती है अब देखना है कि इस सड़क की जिंदगी कितने दिन में बदलेगी आने वाला समय बताएगा ।

खबरें एक नजर में

तीसरे घायल युवक की इलाज के दौरान मौत परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

परसपुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज। परसपुर थाना क्षेत्र के भौरीगंज मार्ग पर बुधवार को हुए सड़क हादसे में घायल अमित यादव (28) की लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। इससे पहले इस हादसे में उनके दो दोस्त रमेश यादव और वीरेंद्र यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। शिवगढ़ चरसड़ी गांव के निवासी अमित यादव अपने दोस्त रमेश यादव और वीरेंद्र यादव के साथ बाइक से परसपुर बाजार की तरफ जा रहे थे,तभी परसपुर से आ रहे चौपहिया वाहन और भौरीगंज की तरफ से आ रहे बाइक सवार की आमने सामने टक्कर हो गई थी। इस भीषण दुर्घटना में रमेश यादव और वीरेंद्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी,जबकि गंभीर रूप से घायल अमित को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां शनिवार की सुबह करीब सात बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक अमित तीन भाइयों में मंझले थे। बड़े भाई अनिल घर पर रहकर पिता के साथ खेती करते हैं, जबकि छोटे भाई पंकज दिल्ली में काम करते हैं। अमित अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों बेटी आरोही (4) और बेटे अंकुश (2) को छोड़ गए हैं। अमित की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

पहले करवा चौथ में ही रोली की मांग हो गई सूनी, तीन माह पूर्व हुआ था विवाह

- हिंसा में पति की गोली मारकर हुई हत्या, नियत को कोशकर रो रही महिला



बहराइच, समृद्धि न्यूज। करवा चौथ का व्रत और पूजा महिलाएं अपने पतियों की दीर्घायु के लिए करती है। लेकिन रेहुआ मंसूर गांव निवासी रोली मिश्रा पहले की करवा चौथ पर विधवा हो गई। महराजगंज हिंसा में लोगों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। अब वह नियत के साथ अपनी किस्मत को कोश रही है।जिले में रविवार को करवा चौथ पूजन था। करवा चौथ व्रत और पूजन सुहागिन महिलाएं अपने पतियों की दीर्घायु के लिए करती हैं। जिसमें पत्नी पूरा दिन व्रत रहने के बाद शाम को सज संवरकर पूजा कर छलनी में पति के चेहरे का दीदार करती हैं । लेकिन यह पर्व रेहुआ मंसूर गांव निवासी रोली मिश्रा के किस्मत में नहीं है। नियत को कुछ और ही मंजूर था। जिसका नतीजा है कि रविवार को हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान हुई हिंसा में समुदाय विशेष की फायरिंग में राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई थी। ऐसे में अब रोली मिश्रा करवा चौथ का व्रत नहीं रख सकती है। क्योंकि करवा चौथ के एक सप्ताह पहले ही उनके पति की हत्या कर दी गई थी। यह सोचकर भी रोली मिश्रा की आंख नम हो रही है। घर पर वह बेसुध जैसी पड़ी रहती है। रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा (22) का विवाह पड़ोस के गांव निवासी रोली मिश्रा से हुई थी। लगभग तीन माह पहले ही विवाह हुआ था। रोली का इस बार पहला करवा चौथ था। लेकिन पहले ही करवा चौथ से पूर्व पति की हत्या कर दी गई।

बुलडोजर के खौफ से पलायन जारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के महराजगंज में भड़की हिंसा की आग अब उन लोगों को झुलसा रही है जो अपनी पुस्तैनी जमीन पर वर्षों से मकान बनाकर रह रहे हैं। लोक निर्माण विभाग ने 23 मकानों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी कर ली है। मकान खाली करने के लिए नोटिस जारी हो चुकी है। रविवार को नोटिस में दी गई मियाद भी पूरी हो गई।हालात यह हैं कि बुलडोजर किस वक्त आकर गरजने लगे इस डर से लोग जितनी जल्दी हो सके मकान से अपनी गृहस्थी समेटकर निकल जाना चाहते हैं। लेकिन दूसरी ओर प्रशासन की इस कार्रवाई से रोष भी बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग ने जिन 23 मकानों को अतिक्रमण बताकर ध्वस्तीकरण का नोटिस दिया है वो उनके पुरखों की जमीन पर बना है। सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह ने सवाल उठाया है। उन्होंने ट्वीट कर सवाल किया है कि गांव में नक्शा जारी नहीं होता है। बिना नक्शा के लोग मकान बनवाते हैं। ऐसे में जिला प्रशासन या लोक निर्माण विभाग द्वारा मकान निर्माण के लिए मानचित्र और डीएम के आदेश की प्रति मांगना लोगों को परेशान करने वाला है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन मकानों को ध्वस्तीकरण का नोटिस दिया गया है वो उनके पुरखों की जमीन पर वर्षों पहले बने थे। आबादी बसने के बाद सड़क का निर्माण हुआ। उस दौरान किसी को नोटिस नहीं दिया गया। जिनकी जमीन लोक निर्माण विभाग ने सड़क के लिए अधिग्रहित की उन्हें मुआवजा भी नहीं दिया गया था।इतने वर्षों से लोक निर्माण विभाग की फाइल में जो निर्माण वैध थे वे अचानक दंगे के बाद अतिक्रमण में कैसे तब्दील हो गए। लोगों का कहना है कि बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हाल में जो आदेश दिए उसका भी पालन नहीं किया जा रहा है। प्रशासन बुलडोजर को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता प्रदीप कुमार का कहना है कि यह मार्ग प्रमुख जिला मार्ग 186 ई महराजगंज के किलोमीटर 38 में आता है। इस मार्ग के किनारे कस्बे के लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया गया है। इसका अन्य किसी विवाद से कोई लेना देना नहीं है। इसकी चेतावनी एक वर्ष पूर्व ही दी जा चुकी थी। पीडब्ल्यूडी विभाग ने सभी 23 चिन्हित मकान स्वामियों से जवाब तीन दिन में जो मांगा है, उसमें मकान निर्माण का मानचित्र और डीएम, एसडीएम के आदेश की कॉपी शामिल है। अब सवाल उठता है कि लोग पुस्तैनी जमीन का दस्तावेज कहां से लाएंगे। ग्रामीण भूमि पर मकान का नक्शा पास कराने का प्राविधान नही है, ऐसे में नक्शे की कॉपी कैसे उपलब्ध करवा पाएंगे।

आबादी की जमीन को लेकर भिड़े दो पक्ष, चलाया ईट-पत्थर, तीन महिला सहित नौ घायल

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में पिपरी सागर ग्राम में आबादी की जमीन को लेकर दो पक्ष आपस मे भिड़ गये और जमकर ईट पत्थर चलाया जिस में तीन महिला सहित 9 लोगो घायल हो गए। दोनो पक्षों से पुलिस में एन सी आर का मुकदमा दर्ज कर के 9 लोगो को जेल भेजा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पिपरी सागर ग्राम के निवासी 45 वर्षिय सन्तोष कुमार तिवारी पुत्र माता प्रसाद और 35 वर्षीय अछैवर पुत्र केदार राम का परिवार आबादी की जमीन पर खूंटा गाड़ने को विवाद बढ़ गया। दोनो पक्षो के लोग एक दूसरे पर जमकर पत्थर इट चलाया। जिस में सन्तोष कुमार ,35 वर्षिय आदित्य प्रसाद पुत्र लक्ष्मी प्रसाद तिवारी 32 वर्षिय सुनीता, 45 वर्षीय सुषमा पत्नी बाबू दूसरे पक्ष से अछैवर पुत्र केदार राम 45 वर्षिय महेश्वरी पुत्र केदार राम 23 वर्षीय पवन कुमार पुत्र विजय कुमार 40 वर्षीया मीना देवी पत्नी बाबू राम तिवारी मंजू देवी पत्नी राम अछैवर घायल हो गए। सन्तोष कुमार तिवारी ने बताया कि उस के घर के पास आबादी की जमीन पर पड़ी है जिस पर उस का कब्जा है । रविवार की सुबह अछैवर के परिवार उस पर खूंटा गाड़ ने लगे जिस को लेकर विवाद हो गया। एक सप्ताह पूर्व भी दोनो पक्ष के लोगो ने इसी आबादी की जमीन को लेकर मार पीट किया था। प्रभारी निरीक्षक डीके श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों तरफ से मार पीट का मुकदमा दर्ज कर के तीन महिला सहित 9 लोगो को जेल भेजा गया है।

ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप

- गरीब महिला का राशन कार्ड अवैध तरीके से किया गया रद्द

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

तहसील व विकास खंड कर्नलगंज क्षेत्र के पैरौरी (चिंतापुरवा) गांव में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों पर एक गंभीर आरोप लगा है।

गांव की एक गरीब महिला सुशीला ने आरोप लगाते हुए कहा कि है कि उनका राशन कार्ड संख्या 210341302443 है,जिसे ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिलीभगत से अवैध रूप से रद्द कर दिया गया है। यह महिला अत्यंत गरीब और समाज के हाशिये पर खड़ी है,जिसके लिए राशन कार्ड जीवनयापन का मुख्य आधार था। शिकायतकर्ता जमुना प्रसाद ने बताया कि श्रीमती सुशीला का राशन कार्ड प्रतिनिधियों द्वारा फर्जी तरीके से कटवा दिया गया। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने पद का दुरुपयोग कर गरीब और असहाय लोगों के राशन कार्ड रद्द करवा दिए हैं, जिससे उन्हें राशन की सुविधा से वंचित किया जा रहा है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में इस संबंध में शिकायतें की गई थीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सुशीला ने अपनी शिकायत में पुनः जांच की मांग की है और आरोप लगाया है कि पंचायत प्रतिनिधियों ने फर्जी दस्तावेजों और गलत जानकारी के आधार पर उनका राशन कार्ड कटवा दिया। शिकायतकर्ता ने उच्चाधिकारियों से इस मामले की गहन जांच कराकर दोषी पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता जमुना प्रसाद ने शपथपूर्वक यह बयान दिया है कि यदि उनके द्वारा की गई शिकायत में कोई असत्य या झूठी जानकारी पाई जाती है, तो उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 182 के तहत दंडित किया जाए। बता दें कि इस घटना से ग्रामीणों में काफी रोष है और लोगों ने प्रशासन से गरीबों के राशन कार्ड को वापस बहाल कराये जाने और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की उम्मीद जताई है।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पर लगा गुर्गो द्वारा अनादिकृत कार्य कराने का आरोप, जिलाधिकारी से शिकायत

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के लोगों द्वारा विकास खण्ड परिसर में अनाधिकृत रूप से कार्यालय स्थापित कर सरकारी कार्य में बाधा डालने के सम्बन्ध में। शिकायती पत्र में कहा गया है कि विकास खण्ड पड़री कृपाल परिसर में प्रमुख प्रतिनिधि के गुर्गों द्वारा शौचालय के बगल में सरकारी कक्ष पर कब्जा कर सरकारी कार्य को प्रभावित किया जा रहा है। इसके अलावा सरकारी फाइलों से छेड़छाड़ कर उन्हें नष्ट करने के साथ ही प्रमुख प्रतिनिधि के प्रभाव से विकास खण्ड के कर्मचारियों पर दबाव बनाकर कार्य कराने जैसी अनाधिकृत गतिविधियां भी की जा रही हैं। शौचालय के बगल वाले कक्ष में अनाधिकृत लोग बैठते हैं। शाम होते ही शराब पीने का दौर शुरू हो जाता है, जो शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक लगातार चलता रहता है। चौकीदार द्वारा मना करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जाती है। कक्ष में 2 सरकारी आलमारी, कम्प्यूटर, पलंग, कुर्सी, सरकारी इन्वर्टर रखे हुए हैं तथा वहां अनाधिकृत काम किया जा रहा है। उपर्युक्त तथ्यों की पुष्टि के लिए किसी भी कार्य दिवस पर दोपहर 12 बजे के बाद औचक निरीक्षण किया जा सकता है तथा अनाधिकृत व्यक्तियों को पकड़ा जा सकता है।विकासखंड पंडरी कृपाल में अनाधिकृत लोगों का प्रवेश तथा प्रमुख प्रतिनिधि के माध्यम से उत्पात मचाकर कर्मचारियों पर दबाव बनाने वालों पर रोक लगाई जाए। उन्हें परिसर से बाहर निकालने के लिए क्या किया जाए, जिससे सरकारी कार्य प्रभावित न हो तथा सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ न हो।

मंडलीय एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता सम्पन्न

- सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बहराइच बना चैंपियन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेली जा रही 21वी माध्यमिक मंडलीय एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आज समापन हुआ । समापन के मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक देवीपाटन मंडल डॉ ओम प्रकाश गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार रहे। समापन दिवस पे एथेलेटिक्स जूनियर बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में कंचन बलरामपुर प्रथम, काजल बहराइच द्वितीय, ज्योति यादव गोंडा तृतीय रही। रिले रेस में बहराइच टीम प्रथम श्रावस्ती टीम द्वितीय स्थान पर रही। लंबी कूद में कंचन बलरामपुर प्रथम ,अन्नू गोंडा द्वितीय, मोहनी सिंह श्रावस्ती तृतीय रही।सीनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में सचिन बहराइच प्रथम, आशुतोष बहराइच द्वितीय, शुभम बलरामपुर तृतीय रहे। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बहराइच टीम प्रथम स्थान पर व श्रावस्ती टीम द्वितीय स्थान पर रही। डीआईओएस मनोज अहिरवार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की प्रतियोगिता में जिन खिलाड़ियों ने विजय हासिल की है वह उनके अच्छे प्रशिक्षण व मेहनत का परिणाम है कि उन्होंने पदक हासिल किया जो खिलाड़ी विजेता नहीं बन सके उनको थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है जिससे वह भी मेडल प्राप्त कर सके। उपस्थित सभी खिलाड़ियों ने बहुत ही शानदार खेल का परिचय दिया । मंडलीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी जो राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं कि वे सभी राज्यस्तर पर मंडल का नाम रोशन करें।प्रतियोगिता का संयोजन वैद भगवानदिन गांधी इंटर कॉलेज के द्वारा किया जा रहा है। निर्णायक राकेश मिश्र, अरविन्द कुमार,कृष्ण प्रताप सिंह, वंदना रंजन,रामपाल यादव रहे। संचालन डॉ राजेश सिंह व कुसुमेन्द्र सिंह ने किया। इस दौरान संयोजक प्रधानाचार्य जसवंत सिंह, क्रीड़ा अध्यक्ष विवेक रावत, क्रीड़ा सचिव अजय सिंह, नगेन्द्र कुमार, डॉ अमित पांडेय, वीरेश कुमार, यशवंत सिंह, शांतनु सिंह, राजेश पांडेय ,सोमेश मौर्य, प्रवीन सिंह, सुरेंद्र अवस्थी, जनार्दन गुप्ता, महेंद्र सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सहित खिलाडी व अभिभावक मौजूद रहे।

नगर पंचायत अध्यक्ष पयागपुर की गई कुर्सी, राज्यपाल ने की संस्तुति

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत पयागपुर के अध्यक्ष को राज्यपाल ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए पद से बर्खास्त कर दिया है। इसका आदेश प्रमुख सचिव अमृत अभिजात द्वारा जारी किया गया है। जनपद बहराच के नगर पंचायत पयागपुर का चुनाव बालेंद्र प्रताप श्रीवास्तव ने सपा पार्टी से अध्यक्ष का चुनाव जीता था। चुनाव जीतने के बाद वह अध्यक्ष बने थे। लेकिन इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष का विवादों से नाता जुड़ गया। कुछ समय बाद वह अध्यक्ष पद से हटा दिए गए। नगर पंचायत पयागपुर में प्रशासक की तैनाती हो गई। इसके बाद मामला कोर्ट में गया। भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी ने नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा कर्मचारियों को निकालने, घोटाले और अध्यक्ष पद का दुरुपयोग की शिकायत शासन में की। शासन द्वारा नगर पंचायत पयागपुर के तत्कालीन ईओ राम जनक तिवारी, वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव समेत अन्य के जांच और बयान दर्ज किए गए। इसके बाद बालेंद्र प्रताप श्रीवास्तव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। नोटिस के जवाब में अलग अलग मिलने और जिलाधिकारी की जांच आख्या शासन को भेजी । जांच रिपोर्ट के बाद राज्यपाल ने नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 48 के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए बालेंद्र प्रताप श्रीवास्तव को नगर पंचायत अध्यक्ष के पद से पदच्युत कर दिया गया है। राज्यपाल के अनुमोदन पर प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने अनु सचिव को आदेशित किया। जिसका पत्र जिलाधिकारी के पास आ गया है।

नारदमोह लीला से शुरू हुई श्रीकृष्ण लीला व रामलीला

- अन्य कई प्रकार की लीला नाट्य मंचन के माध्यम से दिखाई गई

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।

नारद मोह लीला के साथ सप्त दिवसीय रामलीला का आयोजन दुधाधारी में किया गया। जिसे देखने के लिए कई गांव के ग्रामीण एकत्रित रहे। जिले के तहसील मिहीपुरवा क्षेत्र के ग्राम दुधाधारी में लगभग 125 वर्ष से प्रत्येक वर्ष श्रीकृष्ण लीला व श्री रामलीला का आयोजन यहां होता आ रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जिला उपाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द गुप्ता ने फीता काटा कर व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की आरती के साथ हुआ।कार्यक्रम में आए हुवे अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम के पहले दिन नारद मोह की लीला का नाट्य मंचन किया गया। इसके बाद कई अन्य प्रकार की लीला लोगो को नाट्य मंचन के माध्यम से दिखाई गई। कार्यक्रम के आयोजक लल्लू सोनी ने बताया कि कार्यक्रम को देखने के लिए कई जनपदों से लोग यहां आते है इसलिए बैठने के लिए अच्छी व्यवस्था गत वर्ष की भांति की गई है। रामलीला समिति में दो दर्जन से अधिक सदस्य हैं।कार्यक्रम में सभी ग्राम वासियों का सहयोग रहता है। कार्यक्रम में प्रधान जगतापुर वकील अहमद, प्रधान दौलतपुर वसीम अहमद,पूर्व प्रधान बैवाही आलोक तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतीश पोरवाल, महेंद्र तिवारी उर्फ पप्पू, राधेश्याम पोरवाल, रमेश प्रजापति क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रकाश पासवान, गंगाराम पोरवाल मनीष तिवारी,विनोद यादव आदि लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत थाना खैरीघाट की पुलिस मौजूद रही।

जुआ का अड्डा चलाने का आरोप पुलिस से की शिकायत

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।

जिले के चौकी वैवाही क्षेत्र में चोरी और जुआ के लिए चर्चा का विषय बनता जा रहा है। चौकी क्षेत्र अंतर्गत महतौपुरवा गांव निवासी इतवारी पुत्र बदलू ने थाने सहित एसपी को शिकायती पत्र भेजकर गांव निवासी एक व्यक्ति पर जुआ का अड्डा चलने का आरोप लगाया है।शिकायतकर्ता का आरोप है कि जो व्यक्ति जुआ का अड्डा चलता है वह दबंग और अपराधी किस्म का आदमी है। जुआ खेलने वाले लोगों के साथ भी बदसलूकी करता है। 8-10 लड़कों के साथ बैठता है। जो जुआ में पैसा जीते हैं। उनका पैसा कट्टा लगाकर व धमकी देकर छीन लेते हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अवैध देसी कट्टा दिखाकर उससे भी 25000 रुपए छीन लिए हैं। साथ ही वैवाही चौकी की पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता ने बताया है कि जुआ खेलाने वाला व्यक्ति चौकी की पुलिस से सांठगांठ कर जुआ का अड्डा चल रहा है। खैरीघाट थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

एक और तेंदुआ पिंजड़े में हुआ कैद, दो सप्ताह में पकड़े गए छह तेंदुए

बहराइच, समृद्धि न्यूज। ककरहा रेंज के गोकुलपुर बीट पकड़िया गांव में लगाए गए पिंजड़े में सुबह तीन बजे के आसपास तेंदुआ पिंजड़े में कैद हो गया। उसे रेंज कार्यालय स्वास्थ्य जांच के लिए लाया गया है। स्वास्थ्य जांच के बाद उसे जंगल में छोड़ा जाएगा। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज धर्मपुर बेझा गांव निवासी एक किसान को तेंदुए ने दो सप्ताह पूर्व मार डाला डाला था। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग की ओर से पिंजड़ा लगाया गया। वन विभाग की ओर से तेंदुए की आमद को देखते हुए पिंजड़ा ककरहा रेंज के गोकुलपुर वन बीट के पकड़िया गांव में लगाया गया। पिंजड़े में रविवार तड़के सुबह तीन बजे से 3.30 बजे के मध्य एक तेंदुआ कैद हो गया। वन क्षेत्राधिकारी डीपी कनौजिया ने बताया कि तेंदुआ पिंजड़े में कैद हुआ है। उसे रेंज कार्यालय लाया गया है। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि तीन डॉक्टरों द्वारा उसका स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। स्वास्थ्य जांच के बाद उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा। ककरहा रेंज और सुजौली रेंज में तेंदुए के हमले के बाद वन विभाग ने पिंजड़ा लगाया। अब तक दो सप्ताह में रविवार सुबह छठा तेंदुआ पकड़ा गया है। ककरहा रेंज क्षेत्र में यह चौथा तेंदुआ पिंजड़े में कैद हुआ है।

वेदवान प्रीमियर लीग द्वितीय संस्करण की विजेता बनी बहराइच वुल्फ

- अमन अली बने मैन ऑफ द टूर्नामेंट
- अभिषेक यादव बने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

किसान डिग्री कॉलेज के मैदान पर खेली जा रही वेदवान प्रीमियर लीग के द्वितीय संस्करण में रविवार को बहराइच वुल्फ एवं बहराइच राइडर्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि हरेन्द्र वेदवान रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में अंकित यादव व बृजेश सिंह रहे। बहराइच राइडर्स के कप्तान निखिल श्रीवास्तव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अंश शुक्ला के 33 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 131 रनों पर आल आउट हो गई। बहराइच वुल्फ की तरफ से रेहान ने 03, अमन एवं शोभित ने 2-2 विकेट लिए । 131 रनों का पीछा करते हुए बहराइच वुल्फ ने 15.1 ओवर में 132 रन बनाकर 5 विकेट से मुकाबला जीत लिया। अमन ने सर्वाधिक 42 रनों का योगदान दिया। राइडर्स की तरफ से निखिल ने 3 विकेट लिए। बेहतरीन प्रर्दशन के लिए अमन अली को फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच चुना गया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अमन अली, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अभिषेक यादव, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक राज मोदनवाल, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर नरेंद्र कुमार नागर को चुना गया ।

टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार अमन अली को दिया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका अकील अहमद एवं संजय श्रीवास्तव ने निभाई। स्कोरर के रूप में गोविंद चौहान एवं मैच का आंखों देखा हाल मनीष सिंह के द्वारा सुनाया गया।इस अवसर पर, कुशमेंद्र राना, मोहित तिवारी, शुऐब अब्बासी, गौतम तरफदार, अजमल, हरेन्द्र वैदवान अरुण कुमार वर्मा, आयुष चित्रांश, सहित अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे।

दो दिन से लापता युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

- हत्या का केस दर्ज
- दो दिन पूर्व गांव के व्यक्ति ने मोबाइल चोरी का लगाया था आरोप, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली मुर्तिहा के प्रतापपुर जंगल मटेरा गांव निवासी एक युवक 17 अक्टूबर को घर से अचानक लापता हो गया। उसका शव शनिवार को दनई गौडी जंगल में पेड़ से लटकता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है।जनपद के कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत प्रतापपुर जंगल मटेरा के मजरा लक्ष्मनपुरवा गांव निवासी अमित निषाद (33) पुत्र हरीराम उर्फ हरि लाल पर गांव निवासी सालिक राम ने 17 अक्टूबर को मोबाइल चोरी का आरोप लगाया। इसके बाद सुबह ही अमित अचानक घर से गायब हो गया। परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। शनिवार को युवक का शव दनई गौडी जंगल में पेड़ से लटकता मिला। इस पर परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। कोतवाली की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भाई रामपाल और मां ने कोतवाली में तहरीर देकर सालिकराम पर हत्या का आरोप लगाया। कोतवाल अमितेंद्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की मां हीरा देवी की तहरीर पर हत्या का केस सालिकराम के विरुद्ध दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद गिरफ्तारी की जायेगी।

पांच दिन पूर्व राजस्थान से आया था मृतक

कोतवाली मुर्तिहा के लक्ष्मन पुरवा गांव निवासी सालिक राम राजस्थान में काम करता था। वह पांच दिन पूर्व ही राजस्थान से अपने गांव आया था। वहीं 17 अक्टूबर को मोबाइल चोरी का आरोप लग गया। पुलिस ने गांव पहुंचकर पूछताछ भी की थी।

आग की चपेट में आई आधा दर्जन दुकानें, मची भगदड़

- आग बुझाने में लगीं दमकल की तीन गाड़ियां
- आग से होने वाले नुकसान का अभी अनुमान नहीं

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

शहर के व्यस्ततम बाजार सुपरमार्केट के पास एक कॉम्प्लेक्स में अचानक आग लग गई। आसपास के लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने करीब आधा दर्जन दुकानों को अपने आगोश में ले लिया। इससे आसपास के भगदड़ मच गई। सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां आग को बुझाने में लग गई हैं। रविवार को दोपहर करीब 12 बजे सुपर मार्केट के निकट स्थित एक कॉम्प्लेक्स में अचानक धुआं निकलने लगा। लोग दुकान खोली रहे थे कि तभी आग ने विकराल रूप लेना शुरू कर दिया। धुआं उठता देख कॉम्प्लेक्स में भगदड़ मच गई। व्यापारियों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। वहीं कुछ ही देर में मौके पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां पहुंचकर आग बुझाने में लग गई। इस दौरान आग ने आसपास की करीब आधा दर्जन दुकानों को प्रभावित किया। इसी परिसर में केनरा बैंक, एटीएम के साथ ही करीब 20 दुकाने हैं। आग से कितना नुकसान हुआ है अभी इसका पता नहीं चल सका है। दमकल कर्मियों की माने तो आग बुझाने में करीब आधा घंटा का समय लग सकता है। आग लगने के कारण का भी अभी पता नहीं चल सका है।

घर की लिपाई कर रही महिला को सर्प ने डसा, हालत गंभीर

बछरावा रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपालगंज मजरे नीमटीकर गाँव में रविवार दोपहर तकरीबन 1:00 के आसपास घर में बरामदे में लिपाई का कार्य कर रही एक महिला मीना देवी पत्नी हरिप्रसाद उम्र 30 वर्ष को सर्प ने डस लिया, सर्प के डसने के बाद महिला चीखने चिल्लाने लगी, आनन फानन में पारिवारिक जनों के द्वारा इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां महिला का प्राथमिक उपचार प्रारंभ किया गया, परंतु महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। पारिवारिक जनों की मानी जाए तो उनका कहना है कि आज करवा चौथ के त्यौहार को लेकर महिला घर में लिपाई का कार्य कर रही थी तभी उसे सर्प ने डस लिया।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त महाकाल मोटर्स का होगा भव्य उद्घाटनः सतीश गुप्ता

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

महाकाल मोटर का भव्य उद्घाटन 21 अक्टूबर सोमवार को बाबूगंज रायबरेली इलाहाबाद मार्ग पर होना निश्चित हुआ है। हमारे संवाददाता से बातचीत करते हुए सतीश गुप्ता ने बताया कि इस भव्य उद्घाटन में टाटा मोटर्स के अधिकारी एवं टाटा मोटर्स के सभी सम्मानित मोटर मालिक एवं समाज के विशिष्ट महानुभाव उपस्थित रहेंगे। सर्वप्रथम सुबह 6:00 बजे से 12:00 तक पूजन एवं दोपहर 1:00 बजे से टाटा मोटर्स के आए हुए अधिकारी एवं टाटा मोटर्स परिवार के सभी मोटर मालिकों का कार्यक्रम है। महाकाल मोटर्स के सतीश गुप्ता ने रायबरेली फतेहपुर के टाटा के सभी मोटर मालिकों को आमंत्रित किया के। इस अवसर पर मिशन मोदी के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ़ नकुल सिंह एवं स्वामी भाष्कर स्वरूप जी अपना आशीर्वाद देने के लिए पधार रहे हैं।

यह टाटा मोटर्स का महाकाल मोटर्स प्रतिष्ठान सभी आधुनिक सुविधाओं से ग्राहकों को संतुष्ट करने में सक्षम रहेगा।

विहिप का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न

- कृपलानी सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- प्रखंड के पदाधिकारी को संगठन की रीति नीति, कार्य-कर्तव्यों का दिया गया प्रशिक्षण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

विश्व हिन्दू परिषद रायबरेली का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग कृपलानी सरस्वती विद्या मंदिर में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग मे जिला व प्रखंड के पदाधिकारी को संगठन की रीति नीति कार्य कर्तव्यो का प्रशिक्षण दिया गया प्रथम दिवस प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप जी तथा द्वितीय दिवस मे प्रांत मंत्री देवेन्द्र जी का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रांत सह मंत्री विवेक सिंह, प्रांत विशेष सम्पर्क प्रमुख हरिश्चन्द्र शर्मा, प्रांत सह धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख दिनेश सिंह लोधी, विभाग संयोजक रमा शंकर, विभाग सह संयोजक पंकज, विभाग धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख राम करन पाल, विभाग गौरक्षा प्रमुख प्रशांत नरेश , जिला मंत्री घनन्जय पाण्डेय, जिला सह मंत्री संतोष सोनी, जय शंकर, जिला बजरंग दल संयोजक सुरेश सिंह, जिला सह संयोजक आदर्श गुप्ता व उमेश पाण्डेय, जिला दुर्गा वाहिनी एश्वर्या मिश्रा आदि अनेक जिला प्रखण्ड के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दुग्ध उत्पादक एसो ने वार्षिक बैठक का किया आयोजन

शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

बनासकांठा(अमूल) जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ द्वारा पशुपालक किसानों के साथ वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में पशु पालक किसानों को बनासकांठा दुग्ध उत्पादक संघ की समिति द्वारा बोनस का वितरण किया गया गौरतलब हो कि शनिवार को विकास क्षेत्र शिवगढ़ के केसर खेड़ा गांव स्थित केसर खेड़ा दुग्ध उत्पादक एसोसिएशन द्वारा बनास डेयरी के सचिव कमलेश वर्मा की अध्यक्षता में वार्षिक बैठक एवं बोनस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राजकीय पशु चिकित्सालय शिवगढ़ के प्रभारी अधिकारी डॉ इंद्रजीत वर्मा द्वारा लगभग 300 पशुपालक किसानों को बोनस के रूप में वाटर जग का वितरण किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ इंद्रजीत वर्मा ने कहा कि ग्रामीण अंचल से लेकर शहरी क्षेत्र तक पशुपालन का काम लोगों का प्रमुख व्यवसाय बनता जा रहा है क्योंकि पशुपालन लोगों की समृद्धि का द्वार खोल रहा है इससे किसानों को दोहरी कमाई होती है पहला तो वह दुग्ध बिक्री करके, दूसरी पशुओं के गोबर से खाद बनाकर भी उसकी बिक्री करके अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं साथ ही उन्होंने कहा कि पशुपालन करने वाले किसानों को पशुओं की अच्छी तरह से देखभाल करनी चाहिए एवं समय-समय पर उनका टीकाकरण भी कराना चाहिए जिससे पशु का स्वास्थ्य भी अच्छा रहे जब पशु स्वस्थ रहेगा तभी वह अच्छा दुग्ध उत्पादन देगा उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पशु पालकों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं जो भी पशु पालक किसान इन योजनाओं का लाभ लेना चाहते हैं वह राजकीय पशु चिकित्सालय शिवगढ़ से संपर्क कर सकते हैं इस मौके पर समिति के अध्यक्ष जय सिंह उर्फ बच्चू, डेयरी के सुपरवाइजर सर्वेश मिश्रा, आशीष पाल शालिनी कुमारी सहित पशुपालक किसान मौजूद रहे।

ग्राम प्रधान ने रंगदारी और धमकी देने का लगाया आरोप

- उसी गांव का रहने वाला है व्यक्ति, प्रधान ने थाने में की शिकायत

बछरावा रायबरेली। ग्राम सभा के कार्य में बाधा डालने तथा रंगदारी मांगने का युवक पर आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधान ने कोतवाली में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। घटना शनिवार समय लगभग 4ः00 बजे के आसपास की है जब थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान अटरा सुखनंदन गौतम पुत्र राम गरीब के द्वारा स्थानीय थाने में दिये गये प्रार्थना पत्र के माध्यम से ग्राम सभा के ही निवासी शिवम यादव पुत्र शंकर दयाल यादव के खिलाफ रंगदारी मांगने तथा जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्राम प्रधान ने बताया है कि 17 अक्टूबर को युवक शिवम यादव अपने आप को विधायक प्रतिनिधि बताते हुए ग्राम सभा में कराए गए कार्य पर कमीशन के रूप में पैसे की मांग कर रहे थे। उक्त व्यक्ति के द्वारा गांव में कराये जा रहे कार्य पर बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया गया तो ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने मामले को समझा बुझाकर दोनो पक्षों को थाने आने की बात कही। वही ग्राम प्रधान के द्वारा थाने पहुंचकर उक्त व्यक्ति के खिलाफ तहरीर के माध्यम से कार्यवाही करने की मांग की है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

खबरें एक नजर में

ट्रक की चपेट में आने से खाई में गिरा बाइकसवार, गंभीर

बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कृष्णपुर ताला चौराहे के पास बांदा बहराइच राजमार्ग पर हाईवे से निकल रहे अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार खाई में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल बाइक सवार रामराज पुत्र धनीराम निवासी कृष्णपुर ताला थाना बछरावां जो की रायबरेली में रेलवे में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है, रविवार दोपहर 2ः00 बजे के आसपास जब वह अपनी पुत्री सरिता की दवाई लेने जा रहा था, तभी वह तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया और उसकी बाइक खाई में जा गिरी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, मगर गलीमत यह नहीं कि उसकी पुत्री को चोटे नहीं आई, राहगीरों की मदद से खाई से निकालकर एंबुलेंस की सहायता से इलाज के उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से पिता-पुत्र गंभीर

बछरावा रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल टैक्स के पास करवा चौथ के अवसर पर बहन को त्योहारी देकर लौट रहे बाइक सवार पिता पुत्र की बाइक के सामने कुत्ता जाने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल पिता सुभाष पुत्र गुरु प्रसाद उम्र 45 वर्ष निवासी इसिया थाना बछरावां एवं पुत्र ऋतिक चौरसिया पुत्र सुभाष उम्र 18 वर्ष निवासी इशिया थाना बछरावां, निगोहा थाना क्षेत्र के लवल गांव से अपनी बहन के यहां से करवा चौथ की त्यौहारी देकर वापस आ रहे थे, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल टैक्स के पास उनकी बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, घायल अवस्था में एनएचएआई की एंबुलेंस के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां दोनों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात पिता सुभाष की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

डीएवी कालेज की छात्रा कंचन ओवर ऑल चैंपियन

बलरामपुर। डीएवी इन्टर कालेज बलरामपुर की कक्षा 10 की छात्रा कंचन ने मंडलीय खेल प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन घोषित की गई है। बहराइच में आयोजित इस प्रतियोगिता में कंचन ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पाया है। विद्यालय प्रबंधक संजय तिवारी ने कंचन और खेल शिक्षक गया प्रसाद तिवारी को बधाई देते हुए प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भेजने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। कंचन के प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर प्रधानाचार्य हरि प्रकाश वर्मा, शिक्षक सुरेन्द्र यादव, शिव जगत, वंदना पाण्डेय, विनय तिवारी, अमित दीक्षित, शिव प्रसाद वर्मा, दलजीत, विनोद कुमार और रवि मिश्र आदि ने बधाई दी है।

कृषकों को उनकी बोई गई फसल के अनुरूप उर्वरक बेचें विक्रेताः जिला कृषि अधिकारी

बलरामपुर। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त उर्वरक विक्रेताओं को जिलाधिकारी एवं कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रकार के उर्वरक यथा यूरिया, डीएपी, सिंगल सुपर फॉस्फेट, एनपीके की बिक्री किसानों को उनकी भूमि की जोत एवं बोई गई फसल की आवश्यकता के अनुपात में ही करें, साथ ही किसान के आधार कार्ड एवं खतौनी विवरण को अभिलेख में दर्ज किया जाए। समस्त प्रकार के उर्वरक की बिक्री पीओएस मशीन से ही निर्धारित मूल्य पर की जाए। उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार से यह सूची प्राप्त हो जाती है कि किस उर्वरक विक्रेता द्वारा किस किसान को, कौन-सा उर्वरक, कितनी मात्रा में, किस तिथि को बिक्री किया गया है, जिसके सबंध में जनपद के उर्वरक विक्रेताओं को पूर्व में भी सूचित किया गया है। अतः जिस उर्वरक विक्रेता के द्वारा मनमाने ढंग से उर्वरकों की बिक्री की जाएगी अथवा किसी भी किसान को उनकी भूमि की जोत एवं बोई जाने वाली फसल की आवश्यकता से अधिक मात्रा में उर्वरक बिक्री की जाएगी, तो संबंधित उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस निरस्त करते हुए संबंधित उर्वरक विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी , जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदाई होंगे।

क्षेत्र में धड़ल्ले से परोसी जा रही नकली चाय

महुआ बाजार (बलरामपुर)। क्षेत्र में धड़ल्ले से परोसे जा रहे हैं नकली चाय पत्ती, रंग रोगन वाली चाय पत्ती का बना चाय पी कर रोगी हो रहे है लोग। महुआ बाजार, चिरकुटिहा, हसीनपारा, पिपरा राम, बक्सरियां, समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में एजेंट सक्रिय हैं जो छोटे से लेकर बड़े दुकानों पर लोकल चाय बेंच कर मालामाल हो रहे हैं वहीं भोली भाली जनता एक बड़े रोग को निमंत्रण देने में लगा हुआ है। खाद्य सुरक्षा विभाग सब कुछ जानने के बाद भी अंजान बन चुका है और जनता जहरीली चुस्की लेने में लगी हुई हैं। केमिकल युक्त चाय थोड़ा सा डालने से ही पीला हो जाता है चाय, लोगों को लगता हैं अब इससे बढ़िया चाय और कहीं नहीं मिल सकता। अगर जिम्मेदारों की लापारवाही ऐसे ही बनी रही तो आने वाले समय में कैंसर रोगियों की संख्या बहुतायत होगी। विनोद कुमार, राजा राम, डाक्टर अनीश, अशफाक अहमद, सुरेश निषाद ने सासन प्रशासन से केमिकल युक्त चाय को बंद करवाने की मांग की है।

सुहेलवा वन्य जीव अभ्यारण प्रोजेक्ट टाइगर अभियान शुरू

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

भारत नेपाल सीमा पर स्थित सुहेलवा वन्य जीव अभ्यारण को प्रोजेक्ट टाइगर में शामिल करने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। बलरामपुर फर्स्ट टीम ने स्कूली बच्चों के बीच जाकर पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत की। पूर्व माध्यमिक विद्यालय चकवा के बच्चों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर सोहेलवा जंगल को प्रोजेक्ट टाइगर में शामिल करने की मांग की। बलरामपुर फर्स्ट की ओर से सर्वेश सिंह ने स्कूली बच्चों को सुहेलवा जंगल के संरक्षण और उसके संवर्धन से होने वाले लाभ के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोहेलवा जंगल बलरामपुर की एक धरोहर है। प्राकृतिक स्वरूप के संरक्षण और इको टूरिज्म के विकास में यह जंगल बलरामपुर को आर्थिक उन्नति के मार्ग पर ले जाने में सक्षम है। बलरामपुर फर्स्ट की ओर से सचिन कुमार सिंह ने बच्चों को प्रकृति के प्रति जागरूक किया और जंगल के महत्व को बताया। जंगल के वृक्ष, वनस्पतियों और जानवरों के बारे में चर्चा कर उनके संरक्षण के विषय पर महत्वपूर्ण प्रकाश डाला और बताया कि सोहेलवा जंगल में टाइगर मौजूद है इसलिए यहां प्रोजेक्ट टाइगर लागू किया जाना अति आवश्यक है। इस अवसर पर मौजूद ग्राम प्रधान सर्वानंद मिश्रा ने बलरामपुर फर्स्ट के अभियान की प्रशंसा की और इस अभियान में अपने सक्रिय योगदान का आश्वासन दिया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय चकवा की प्रधानाध्यापक नेहा श्रीवास्तव और बलरामपुर फर्स्ट के सुजीत शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण और इकोसिस्टम को मजबूत बनाए रखने के लिए जंगल के संरक्षण पर बल दिया और सोहेलवा को प्रोजेक्ट टाइगर योजना के अंतर्गत विकसित किए जाने की बात कही।

संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

महराजगंज रायबरेली। शनिवार को विद्यालय स्वामी दयानंद इंटर कॉलेज घूराडीह में शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में संचालित संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा6 से 12 तक अनेको परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया।

परीक्षा का सफल आयोजन देवेंद्र बहादुर सिंह पूर्व नौ सेना अधिकारी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ,, इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह प्रधानाचार्य मारुत सिंह सीमा सिंह वीर बहादुर सिंह अरुण प्रताप सिंह आदि शिक्षक भी मौजूद रहे।

प्रेस ट्रस्ट ऑफ हिंदुस्तान मीडिया संगठन की बैठक सम्पन

सादुल्लानगर /बलरामपुर। रविवार को प्रेस ट्रस्ट ऑफ हिंदुस्तान मीडिया संगठन की अक्टूबर माह की बैठक बिलाल अहमद के अध्यक्षता में रामपुर अरना स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में की गई। जहां पर संगठन में जुड़े नए सदस्य मुकीम अहमद (अमर उजाला), रमेश शर्मा (गौरवशाली भारत) का माल्यार्पण कर उन्हें सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम संगठन से जुड़े सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त कर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी संगठन का मजबूत स्तंभ है। हम लोगों को मिलकर इस संगठन को आगे ले जाना है ।और आने वाले समय में पूरे प्रदेश में इसका विस्तार करना है । यह तभी संभव होगा। जब हम लोग एकजुट होकर कार्य करेंगे। वहीं बैठक में मौजूद लोगों को अनूप कुमार शुक्ला(दैनिक जागरण)ने संबोधित करते हुए पत्रकारिता से जुड़े अपने अनुभव को पत्रकार साथियो के समक्ष साझा किया। बैठक में मंच का संचालन पत्रकार शाहिद हुसैन ने किया। इस दौरान बैठक में मौजूद पत्रकार साथियों के समक्ष बसंत राम मौर्य,आशीष गुप्ता,अशोक पाल ने भी अपने-अपने विचार साझा किये। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सुशील श्रीवास्तव, हंसराज शर्मा, विकास श्रीवास्तव, माजिद अली समेत सभी पत्रकार साथी मौजूद रहे।

77 वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं बनी सड़क

- ग्रामीण कीचड़ भरे रास्ते से गुजरते को मजबूर

महुआ नजर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

आज़ादी के 77 वर्षो बाद भी नहीं बनी सड़क, कच्चे मार्ग से आवागमन करते हैं किसान, हर जगह गुहार लगाने के बाद भी नहीं बनी सड़क।

विकास खण्ड उतरौला अंर्तगत श्रृंगार जोत मार्ग से बभनी बुर्जुग डीह के लिए एक मार्ग निकला हुआ है जो बभनी डीह से तिलखी बढ़या होते हुए महुआ धनी मार्ग को जोड़ता है। प्रतिदिन दर्जनो गावों के लोगों का आवागमन इसी कच्चे मार्ग से होता है। सबसे मुख्य बात यह है कि दर्जनो गावों की जमीन इसी मार्ग से सटा हुआ है जो हजारों एकड़ में फैला हुआ है। मुख्य रूप से गेहूं का क्षेत्र होने से खूब गेहूं पैदा होता है किंतु रास्ता न होने से किसानों और राहगीरों को 8 किमी दूरी अतिरिक्त तय करनी पड़ती है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण ऊपर से कच्ची सड़क होने से मामूली वारिश में लोगों की दुर्दशा देखा नहीं जा सकता।मटियारिया कर्मा, बाघाजोत, मोहन जोत, भुदकुंडा, बभनी, देवरिया अर्जून, समेत दर्जनों गांवों की समास्या कम हो जाएगी इस सड़क के बन जाने से। माधव शरन, गोपाल चौधरी, आनंद त्रिपाठी दद्दन, अन्नू तिवारी, भागवत प्रसाद मिश्रा, वेद व्रत मिश्रा, जगराम यादव, दिलीप कुमार, शिव सागर ने बताया कि पिछले 20 वर्षो से इस कच्ची सड़क को प्रधान मंत्री सड़क बनवाने की मांग किया जा रहा है किंतु किसी भी जन प्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने सासन प्रशासन से अति शीघ्र कच्ची सड़क को प्रधान मंत्री सड़क बनवाने की मांग की है।

उतरौला बाजार सहित ग्रामीण इलाकों में सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ का पर्व

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

उतरौला बाजार सहित आस-पास के ग्रामीण इलाकों में करवा चौथ का त्योहार बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस पावन पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए व्रत रखा। करवा चौथ का व्रत न केवल श्रद्धा और भक्ति से भरा हुआ है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और परंपरा में पति-पत्नी के संबंधों की अटूट मजबूती का प्रतीक भी है।

सुबह लगभग चार बजे से पहले, व्रत रखने वाली महिलाओं ने जागकर सबसे पहले सरगी का सेवन किया। सरगी सुहागिनों की सास द्वारा दिया गया एक विशेष भोजन होता है, जिसे व्रत शुरू करने से पहले खाया जाता है। इसके बाद, महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखा, जिसमें जल ग्रहण नहीं किया जाता। यह व्रत कठिन माना जाता है, लेकिन पतियों की लंबी उम्र और उनकी सलामती के लिए महिलाएं इसे बड़े समर्पण के साथ निभाती हैं।

रात्रि में चंद्रमा के उदय होने पर महिलाओं ने छलनी के माध्यम से चंद्र दर्शन किया और चंद्रमा को अर्घ्य दिया। इस दौरान उन्होंने अपने पति के हाथों से पानी पीकर व्रत खोला। करवा चौथ का व्रत पति-पत्नी के बीच प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। महिलाओं ने पूरे विधिपूर्वक पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

यह पर्व न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह समाज में महिला-पुरुष संबंधों की गहरी मान्यताओं और परंपराओं को भी प्रकट करता है। उतरौला बाजार सहित ग्रामीण इलाकों में भी इस पर्व का उत्साह देखा गया, जहां महिलाएं सज-धज कर पारंपरिक परिधानों में त्योहार की रौनक में डूबी नजर आईं।

करवा चौथ की पूजा और पौराणिक कथा

शाम होते ही सुहागिन महिलाएं सज धज कर मंदिरों में या अपने घरों में करवा चौथ की विशेष पूजा के लिए एकत्रित हुईं। पूजा की विधि के अनुसार, मिट्टी के करवा (एक प्रकार का मटका) को सजाया जाता है और उसी के माध्यम से पूजा की जाती है। करवा चौथ की कथा सुनना इस व्रत का अहम हिस्सा है, जिसमें व्रत की महिमा और पौराणिक कथाओं का उल्लेख किया जाता है। महिलाएं करवा चौथ की पौराणिक कथा सुनकर एक-दूसरे को करवा (मिट्टी का मटका) देती हैं, जिसे बदलने की प्रथा है।

करवा चौथ की सबसे प्रमुख पौराणिक कथा

वीरवती की कथा है, जिसमें एक बार की बात है कि एक साहूकार की सात बहनें और एक भाई था। भाई की एकलौती बहन वीरवती ने पहला करवा चौथ का व्रत रखा, लेकिन व्रत के दौरान भूख और प्यास के कारण वह अत्यधिक कमजोर हो गई। भाई अपनी बहन की यह दशा देख नहीं सका और उसने छलपूर्वक पेड़ पर चढ़कर छलनी के पीछे से दीप जलाकर ऐसा दिखाया कि चंद्रमा निकल आया है। बहन ने चंद्रमा देखकर व्रत तोड़ दिया, लेकिन इसी वजह से उसका पति बीमार पड़ गया। वीरवती को अपनी गलती का एहसास हुआ और उसने माता पार्वती की पूजा कर पूरी श्रद्धा से अगले करवा चौथ का व्रत रखा। इसके प्रभाव से उसका पति स्वस्थ हो गया और उसे अखंड सौभाग्य प्राप्त हुआ।*

एक राष्ट्र, एक चुनाव भारत के लिए सही नहीं

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' एक ऐसा विचार है जो सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन भारत के लोगों के लिए कारगर नहीं होगा। इसके प्रचारित लाभ नकली हैं, और हमारा इतिहास बताता है कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री एक साथ या अलग-अलग चुनाव अपने स्वयं के राजनीतिक गणित के आधार पर चुनते हैं, न कि लोगों के लाभ के लिए। मोदी कैबिनेट ने हाल ही में भारत की राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय प्रतिनिधि सभाओं को एक साथ चुनने के लिए कोविंद समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। वन नेशन वन इलेक्शन (ओएनओई) का विचार पहली बार 2016 में पीएम मोदी द्वारा प्रस्तावित किया गया था, और पिछले साल उन्होंने इसकी जांच के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय समिति की स्थापना की थी। अब वह इस प्रस्ताव को अगली संसद के माध्यम से आगे बढ़ाना चाहते हैं। वर्ष 1951 से 1962 तक, प्रधानमंत्री नेहरू ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए भारत के पहले तीन चुनाव एक साथ आयोजित किए, क्योंकि वह और उनकी कांग्रेस पार्टी देश भर में बेहद लोकप्रिय थी। पार्टी ने लगभग सभी राज्यों में बहुमत हासिल किया, नेहरू ने अपने पसंदीदा मुख्यमंत्री चुने, और नई दिल्ली से पूरे देश को चलाते रहे। भारत के संविधान के प्रसिद्ध इतिहासकार ग्रैनविले ऑस्टिन ने लिखा है, 'केंद्र और अधिकांश राज्य सरकारों में, पार्टी और सरकार सियामी जुड़वां की तरह थे, जो सिर, कूल्हे और पैर की अंगुली तक जुड़े हुए थे।' परंतु जब 1967 के चुनाव में लोकसभा में कांग्रेस का बहुमत घटकर 25 रह गया और पार्टी आठ राज्यों में हार गई, तो प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रीय और राज्य चुनावों को अलग-अलग करने का फैसला किया। उन्होंने अपने 'गरीबी हटाओ' अभियान के तहत एक बड़ा कल्याणकारी कार्यक्रम शुरू किया, लोकसभा एक साल पहले भंग कर दी, और 1971 में चुनाव कराने की घोषणा की। उनकी कांग्रेस (आर) ने 520 में से 350 सीटें जीतीं और दो-तिहाई बहुमत हासिल किया। परंतु श्रीमती गांधी ने तमिलनाडु को अलग नहीं किया। उस राज्य में, सीएम करुणानिधि ने भी विधानसभा को जल्दी भंग कर दिया और श्रीमती गांधी के साथ गठबंधन कर लिया ताकि उनके एक प्रतिद्वंद्वी, के. कामराज, को हराया जा सके। प्रधानमंत्री की मर्जी से एक साथ या अलग-अलग चुनाव कराने की यह परंपरा देश के लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। उदाहरण के लिए, भारत के संघीय ढांचे पर इसके हानिकारक प्रभावों पर विचार करें। हमारे देश के आकार और विविधता को देखते हुए, यह हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छा है कि राज्य के मुद्दे, नेता और दल प्रमुखता से उभरें। राज्य के चुनावों के मूल्य को कम करनाज्जो राष्ट्रीय दलों, नेताओं और मुद्दों के साथ जुडने़ से निश्चित रूप से होगाज केवल स्थानीय जवाबदेही को नुकसान पहुंचाएगा।'ओएनओई' एक बुनियादी संसदीय सिद्धांत का भी मजाक बनाता है, कि सरकारों को जवाबदेह ठहराया जा सकता है और किसी भी समय वे गिर सकती हैं। यह वह मुख्य लाभ है जिसे हमारे संस्थापकों, विशेषकर बीआर अंबेडकर ने संसदीय प्रणाली के चयन के लिए प्रमुखता से गिनवाया था। अगर कोई सरकार गिरती है और 'ओएनओई' के तहत नया चुनाव होता है, तो नई सरकार का कार्यकाल छोटा करना होगा और कोविंद कमेटी यही सिफारिश करती है। यह न केवल उन लोगों के लिए अनुचित है जो चुनाव लड़ते हैं, और जो जीतते हैं, बल्कि यह अलोकतांत्रिक भी है। जनता चुनावी वादों को पूरा करने के लिए सरकारें चुनती हैं, लेकिन कुछ ही महीनों के लिए चुनी गई सरकार न इन्हें पूरा कर सकती है और न ही जवाबदेह ठहराई जा सकती है।

बाल-विवाह और घुसपैठ पर अहम फैसला

प्रेम शर्मा

सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की और 141 पन्नों के फैसला देते हुए साफकहा, बाल विवाह निषेध अधिनियम किसी भी 'पर्सनल लॉ' की परंपरा से बाधित नहीं हो सकता। ये बच्चों की आजादी, उनकी पसंद, उनके निर्णय लेने की क्षमता, बचपन में आनंद लेने के अधिकार को प्रभावित करता है। इसके साथ कोर्ट ने मामले पर फिक्र जाहिर करते हुए 'सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलेंटरी एक्शन' द्वारा 2017 में लगाई गई याचिका पर फैसला देते हुए कुछ निर्देश दिए है कि बाल-विवाह रोकने के लिए राज्य और केंद्र शासित क्षेत्र जिला स्तर पर चाइल्ड मैरिज प्रिवेंशन ऑफिसर नियुक्त किए जाएं। हर राज्य इस संबंध में 3 महीने में रिपोर्ट अपलोड करें। स्कूल, पंचायत, स्थानीय संस्थाओं में चाइल्डलाइन (1098) और महिला हेल्पलाइन (181) की जानकारी दी जाए। बच्चों को समझाया जाए कि कैसे मदद ली जाती है।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में प्रधान न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड के कार्यकाल में कई ऐसे फैसले आए है जो आने वाले समय मे न्याय के क्षेत्र में एक नजीर बनकर सामने आते रहेगें।लोगों को याद होगा कि वर्षो पहले एक फिल्म में न्याय की देवी की ऑखों में पट्टी का इशारा करते हुए एक गाना आया था।'' यह अन्धा कानून है। अब वर्षो बाद सुप्रीम कोर्ट में न्याय की देवी की नई मूर्ति लगाई गई है। इस मूर्ति में कुछ बदलाव किए गए हैं। मूर्ति की आंखों से पट्टी हटा दी गई है और हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब दी गई है।

भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने ये बदलाव करवाए हैं। इसका मकसद ये बताना है कि भारत में कानून अंधा नहीं है। नई मूर्ति को सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में लगाया गया है। डीवाई चंद्रचूड़ ने खुद इस मूर्ति को बनाने का आदेश दिया था। दरअसल पुरानी मूर्ति में दिखाया गया अंधा कानून और सजा का प्रतीक आज के समय के हिसाब से सही नहीं था, इसलिए ये बदलाव किए गए हैं। यही नही बीत सप्ताह में सुप्रीम कोर्ट ने बाल विवाह और असम अवैध घुसपैठ पर अहम फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बचपन में कराए गए विवाह से बच्चों के जीवन साथी चुनने का अधिकार खत्म हो जाता है, और यह अधिकार चाइल्ड मैरिज के माध्यम से उल्लंघन होता है। कोर्ट ने बाल विवाह रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों से कदम उठाने की अपील की और नाबालिगों को सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता बताई। इसी तरह नागरिकता कानून की धारा 6-। की संवैधानिकता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक पुराने मसले के नए सिरे से उभर आने की आशंकाओं पर तो विराम लगा ही दिया, कई ऐसे पहलुओं पर भी रोशनी डाली, जिससे समकालीन बहस को दिशा मिल सकती है। इस लिहाज से यह फैसला असम में अवैध प्रवासियों के मामले को देखने के असम समझौते में रेखांकित हुए नजरिए की पुष्टि करता है।

सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की और 141 पन्नों के फैसला देते हुए साफ कहा, बाल विवाह निषेध अधिनियम किसी भी 'पर्सनल लॉ' की परंपरा से बाधित नहीं हो सकता। ये बच्चों की आजादी, उनकी पसंद, उनके निर्णय लेने की क्षमता, बचपन में आनंद लेने के अधिकार को प्रभावित करता है।÷इसके साथ कोर्ट ने मामले पर फिक्र जाहिर करते हुए 'सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलेंटरी एक्शन' द्वारा 2017 में लगाई गई याचिका पर फैसला देते हुए कुछ निर्देश दिए है कि बालविवाह रोकने के लिए राज्य और केंद्र शासित क्षेत्र जिला स्तर पर चाइल्ड मैरिज प्रिवेंशन ऑफिसर नियुक्त किए जाएँ। हर राज्य इस संबंध में 3 महीने में रिपोर्ट अपलोड करें। स्कूल, पंचायत, स्थानीय संस्थाओं में चाइल्डलाइन (1098) और महिला हेल्पलाइन (181) की जानकारी दी जाए। बच्चों को समझाया जाए कि कैसे मदद ली जाती है। जबकि इसके ठीक विपरीत मुस्लिम पर्सनल लॉ जैसी चीजें भी हैं जो एक मजहब को पूरी तरह से आजादी देती हैं कि लड़की का निकाह 15 साल की उम्र में करवा दिया जाए। यानी अगर कोई मुस्लिम परिवार बच्ची के इस उम्र में प्रवेश करते ही उनकी शादी करा देता है तो इसका मतलब ये है कि वो उनके हिसाब से गलत नहीं है और कानून भी उन्हें कोई सजा न दे। मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) आवेदन अधिनियम, 1937 के तहत नाबालिगों (18 साल से कम उम्र की लड़ी) को निकाह की अनुमति दी गई है। कानून के अनुसार लड़की के यौवन में प्रवेश करते ही उसे वयस्क मान लिया जाता है और उसका निकाह जायज होता है।

ध्यान रहे कि कट्टरपंथियों के बनाए नियमों का असर सिर्फसमुदाय पर नहीं पड़ता बल्कि इससे देश की न्यायव्यवस्था भी प्रभावित होती है। ज्यादा पुराना नहीं, 2022 का मामला है। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने एक मुस्लिम लड़की के निकाह को शरिया का हवाला देकर वैध माना था। इसके बाद झारखंड हाईकोर्ट ने भी एक मामले में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के तहत एक निकाह को जायज बता दिया था। अब सोचिए, एक देश, जहाँ हर वर्ग के लोग संविधान के हिसाब से चलते हों,अपराध करने से पहले कानून में दी गई सजा से डरते हों, वहीं उसी देश में एक मजहब को ये आजादी है कि वो अपनी बनाई व्यवस्था से अपनी महिलाओं पर अत्याचार करें। उनकी कम उम्र में निकाह करवा दें, उनसे तीन तलाक ले लें, फिर उन्हें हलाला के गर्त में ढकेल दें। देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते बताइए क्या ये रवायत सही है? क्या मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का असर सिर्फ उन्हीं तक है जो इसको मानते हैं।

न्यायालय में फैसले देते समय इसका असर कैसे पड़ता है ये तो आपने पढ़ा ही है ऐसे में अब सामाजिक तौर पर भी सोचिए। जहाँ ऐसी चीजों को बढ़ावा मिलेगा क्या उससे दूसरा समुदाय प्रभावित नहीं होगा! क्या वो देखा-देखी में अपनी कम उम्र की बेटी की शादी के ख्याल मन में नहीं लाएँगे ? हालांकि हर समाज में एक पढ़ा लिखा वर्ग ऐसा है जिससे पर्याप्य उम्र के बाद ही विवाह की परम्परा को अपनाया है। जबकि घुसपैठ मसले में अदालत के सामने एक बड़ा सवाल यह था कि नागरिकता के लिए दो कटऑफ डेट रखना सही है या नहीं। कोर्ट ने इसे सही बताते हुए स्पष्ट किया कि असम की खास भौगोलिक स्थिति और अवैध घुसपैठियों की समस्या की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने असम समझौते के रूप में एक राजनीतिक समाधान निकाला। धारा 6-। का जुड़ाव इसी मसले का विधायी समाधान है। कोर्ट के मुताबिक सरकार को इसका पूरा अधिकार है। जहां तक अन्य राज्यों में ऐसा प्रावधान करने की बात है तो इसका सीधा, सहज जवाब हां में आता है।

विचार

तकनीकी शिक्षा अति महत्वपूर्ण

संजीव ठाकुर

परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता हैस पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता हैस पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है।

शिक्षा और संस्कार किसी भी विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि हो सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र एक महान राष्ट्र बन सकता है।सुसंस्कृत देश को एक सभ्य शांत और शालीन राष्ट्र माना जाता है जो वैश्विक शांति स्थापना का पक्षधर होने की दिशा में निरंतर प्रगतिशील होता है। भारत देश की गिनती ऐसे ही सभ्य संस्कारी राष्ट्र के रूप में होती है और ऐसी भावना तथा संकल्पनाओं को हमने कई सोपानों में प्रमाणित भी किया है।

सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगास शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैंस शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प हैस जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक हैस साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता हैस साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता हैस शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती हैस ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षो के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है। पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में हैस ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएस शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं हैस वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण हैस महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है। परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता हैस पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता हैस पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती हैस ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता हैस अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार, लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं।

कांग्रेस के साथ ही आगे बढ़ेगा अखिलेश यादव का समाजवाद

सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि उपचुनाव के लिए हुए समझौते के तहत अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट के साथ गाजियाबाद सीट पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी। वैसे इसे सपा का डैमेज कंट्रोल भी माना जा रहा है।?

कांग्रेस आलाकमान और गांधी परिवार भले ही यूपी से बाहर समाजवादी पार्टी को अपने तेवर दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहा हो, लेकिन उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी चाह कर भी कांग्रेस को अनदेखा नहीं कर पा रही है। इसे समाजवादी पार्टी की सियासी मजबूरी कहें या फिर समय की मांग जिसकी वजह से हरियाणा में खाली हाथ रहने के बावजूद समाजवादी पार्टी यूपी में कांग्रेस के साथ रिश्ता बनाए रखेगी। यूपी में उपचुनाव वाली 10 सीटों में सपा 8 पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। शेष दो सीटें उसने कांग्रेस के लिये छोड़ दी हैं। जबकि कांग्रेस पांच सीटों की मांग कर रही थी, वैसे पांच सीटों वाली उसकी मांग तर्कसंगत भी नहीं थी। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने गाजियाबाद और खैर विधानसभा सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने का फैसला किया है। यूपी में उपचुनाव वाली 10 सीटों में सपा 8 पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि उपचुनाव के लिए हुए समझौते के तहत अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट के साथ गाजियाबाद सीट पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी। वैसे इसे सपा का डैमेज कंट्रोल भी माना जा रहा है। हरियाणा में कांग्रेस की करारी हार के अगले दिन ही सपा ने यूपी में छह सीटों पर उपचुनाव के उम्मीदवार घोषित कर दिए थे। इसे कांग्रेस के नेता नाराज हो गये थे। कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने भी सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत से इंकार कर दिया था। सूत्रों का कहना है कि गत दिनों जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के शपथ ग्रहण के दौरान राहुल व अखिलेश की मुलाकात के बाद सीट बंटवारे पर सहमति बनी। वैसे कइ बार अखिलेश कह चुके हैं कि यूपी में इंडिया गठबंधन जारी रहेगा।

बात उम्मीदवारों की कि जाये तो समाजावादी पार्टी ने बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली की बेटी सुंबुल राणा को मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से उम्मीदवार बनाया है। गत दिवस स्थानीय नेताओं व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सुंबुल का नाम तय किया है। सुंबुल बसपा के पूर्व सांसद कादिर राणा की बहू हैं। कादिर राणा इस समय सपा में हैं। मुनकाद और कादिर का सियासी रिश्ता 2010 में पारिवारिक रिश्ते में बदला था, तब कादिर भी बसपा में थे। 2022 के विधानसभा चुनाव के पहले कादिर सपा में शामिल हो गए थे। मीरापुर सीट सपा के साथ गठबंधन में रालोद ने जीती थी। हालांकि, लोकसभा चुनाव के पहले रालोद ने भाजपा का साथ पकड़ लिया। मीरापुर के विधायक चंदन चौहान के बिजनौर से सांसद बनने के बाद यहां उपचुनाव हो रहा है। सपा अब तक उपचुनाव वाली सात सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इसमें छह टिकट नेताओं के परिवार में ही गए हैं। अल्पसंख्यकों की भागीदारी का संदेश देने के लिए अखिलेश ने अब तक तीन टिकट मुस्लिमों को दिए हैं। बहरहाल, नौ विधान सभा सीटों पर चुनाव के लिये सभी दल पूरी मेहनत कर रहे हैं,वहीं मिल्कीपुर उपचुनाव टलने को लेकर सपा और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप बढ़ता जा रहा है। अब भाजपा ने सपा पर चुनाव टालने का आरोप लगाया है। जब मिल्कीपुर का चुनाव घोषित नहीं किया गया तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा को घेरा था। और उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके तंज किया था कि जिसने जंग टाली है, उसने जंग हारी है। वहीं, मिल्कीपुर के पूर्व विधायक गोरखनाथ ने इसका जबाव देते हुए कहा है कि भाजपा नहीं, बल्कि सपा डर गई है। यही वजह है कि उन्होंने (गोरखनाथ) अपनी याचिका वापस लेने की अपील कोर्ट से की।

राशिफल

मेषः- अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

बृषभः- विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

मिथुनः- किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें।

कर्कः- किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

सिंहः- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

कन्याः- कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

तुलाः- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

वृश्चिकः- बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें।

धनुः- दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

मकरः- रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।

कुंभः- रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

मीनः- आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

कांग्रेस ने भ्रष्टाचार से सबक नहीं सीखा

योगेन्द्र योगी

कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के कारण देशभर में हुई बदनामी से सत्ता गंवाने के बावजूद सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाए हैं। कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी जिसे वापस लेने पर प्राधिकरण ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री के जमीन आबंटन में हेराफेरी की जांच के बीच मल्लिकार्जुन खडगे़ ने कर्नाटक द्वारा आबंटित जमीन लौटा दी। यह विवाद मार्च 2024 में शुरू हुआ, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने राहुल खडगे़ की अध्यक्षता वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को जमीन दी।

विचाराधीन भूमि मल्लिकार्जुन खडगे़ के बेटे राहुल एम. खडगे़ को कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा बगलूर में हाईटेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क के हार्डवेयर क्षेत्र में आबंटित की गई थी। कांग्रेस का शायद ही ऐसा कोई वरिष्ठ नेता होगा जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप और मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। पार्टी में कनिष्ठ से लेकर शीर्ष तक के नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वाली पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती रही है। पार्टी का कहना है कि बीजेपी की मोदी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। करोड़ों की एंबुलेंस खरीद में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदम्बरम, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एए खान, श्वेता मंगल, शफी माथेर और निदेशक एनआरएचएम के विरुद्ध 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का मामला दर्ज किया गया था। एंबुलेंस खरीदने के लिए जो टेंडर जारी किया गया, उसमें गड़बड़ी की गई थी। इस मामले में 31 जुलाई 2014 को जयपुर के अशोक नगर थाना पुलिस ने जयपुर नगर निगम के पूर्व मेयर पंकज जोशी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक में कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबरदस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। उस दौरान डीके शिवकुमार व अन्य कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। इसी तरह हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने जांच की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी। कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की सीबीआई आदि केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। यह मामला अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी से 36 अरब रुपए के 12 वीआईपी हेलिकॉप्टर खरीदने से जुड़ा है। आरोप है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया इस वीआईपी चॉपर खरीद के पीछे अहम भूमिका निभा रही थीं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने इस मामले को पिछली मोदी सरकार में उठाया था, जिसके बाद घमासान मचा था। नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। आरोप है कि कांग्रेस के पैसे से 1938 में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी खड़ी की गई, जो नेशनल हेराल्ड, नवजीवन और कौमी आवाज नामक तीन अखबारों का संचालन करती थी। एक अप्रैल 2008 को सभी अखबार बंद हो गए। इसके बाद कांग्रेस ने 26 फरवरी 2011 को इसकी 90 करोड़ रुपए की देनदारियों को अपने जिम्मे ले लिया था। मतलब पार्टी ने इसे 90 करोड़ का लोन दे दिया। इसके बाद 5 लाख रुपए से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया और राहुल की 38-38 फीसदी हिस्सेदारी है। बाद में घालमेल कर यंग इंडियन के कब्जे में एजेएल कंपनी को कर दिया गया।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

निजी अस्पताल में उपचार के दौरान नवविवाहिता की मौत

- परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप
- पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर मोर्चरी में रखवाया मृतका का शव
- सूचना पर भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे सीओ दीपक दुबे

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान नवविवाहिता की मौत हो जाने के बाद परिजनों में हड़कम्प मच गया। परिजनों ने अस्पताल में तैनात डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगा अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा काटा। निजी अस्पताल में महिला मरीज की इलाज के दौरान मौत के बाद हँगामे की सूचना पर सीओ सदर सहित कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर मृतका का शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। प्राप्त विवरण के अनुसार मुख्यालय के शेखनपुरा मुहाल निवासी अजय उर्फ रिंकू की 25 वर्षीय पत्नी ज्योति को बुखार आने पर परिजनों द्वारा इलाज के लिए शनिवार को शहर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया था। रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। विवाहिता की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया, विवाहिता की मौत से आक्रोशित हुए परिजनों ने

अस्पताल परिसर हंगामा करना शुरू कर दिया। निजी अस्पताल में परिजनों के हंगामा करने की सूचना मिलते ही सीओ सदर दीपक दुबे,अपराध निरीक्षक बलवान सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मृतका ज्योति का पति अजय उर्फ़ रिंकू जिला पुरुष अस्पताल में स्वीपर के पद पर कार्यरत है। मृतका ज्योति का विवाह डेढ़ वर्ष पूर्व अजय उर्फ़ रिंकू के साथ हुआ था।

गुरुवार को अजय उर्फ रिंकू की पत्नी ज्योति उम्र 24 वर्ष को बुखार आने पर मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया शाम को घर ले जाने के बाद रविवार को सुबह ज्योति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के पिता भुन्नी का कहना है कि डॉक्टर एक बार भी देखने नहीं आया अस्पताल में स्टाफ ही इलाज करता रहा जिससे मेरी पुत्री की लापरवाही के चलते आज मौत हो गई परिजनों ने डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। अस्पताल के डॉक्टर सौरभ ने बताया कि शनिवार को दोपहर अस्पताल में ही काम करने वाले स्वीपर गोलू के भाई की पत्नी की हालत ख़राब होने पर परिजनों द्वारा अस्पताल लाया गया था प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर परिजनों से उसे बाहर लेकार दिखाने के लिए कहा गया था लेकिन परिजन उसे बाहर न ले जाकर शाम को घर ले गए थे और रविवार को सुबह परिजनों द्वारा उसे फिर अस्पताल लाया गया जिसे देखते ही स्टॉफ द्वारा बाहर दिखाने के लिए कहा गया लेकिन परिजन उसे बाहर नहीं ले गए। चूँकि स्टॉफ के व्यक्ति का परिजन मरीज था इसीलिए उसके कहने पर उपचार शुरू किया गया और थोड़ी ही देर बाद उसकी मौत हो गई।

चांद की पूजा-अर्चन कर सुहागिनों ने खोला व्रत

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

सुहागिनों द्वारा करवाचौथ का त्योहार बडे ही धूमधाम व हर्षोउल्लाश के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु व सुखमय जीवन के लिये सुबह से ही निर्जला व्रत रखा और रात्रि में चांद निकलने के बाद पूजा अर्चना कर अपने पति के हाथों से व्रत खोला।

रविवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने अपने पति की लम्बी आयु और सुखमय जीवन के लिये करवाचौथ का व्रत रखा। करवाचौथ के वृत की तैयारियां सुहागिन महिलाओं ने पहले ही कर रखी थी। जिसमें महिलाओं ने बाजार जाकर साज श्रृगार के सामान की जमकर खरीददारी की तथा वृत के लिये करवा आदि की खरीददारी पूर्व से ही कर ली गई थी। रविवार के दिन भी बाजार में महिलाओं की भारी भीड उमडी रही। जिन्होने साडियां, साज

श्रृंगार के सामान व करवा आदि की खरीददारी की। नव विवाहिताओं में करवाचौथ के वृत को लेकर गजब का उत्साह देखा गया। उन्होने सुबह से ही स्नान आदि से निर्वत होकर निर्जला बृत रखा और शाम को चांद निकलने के बाद श्री गणेश व माता इन्द्राणी की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। इसके बाद अपने पति से करवाचौथ की कथा का श्रवण कर चांद के सामने अपने पति को खडा कर चलनी में अपने पति का मुख देखा और पूजा अर्चना की। तत्पश्चात अपने अपने पति के हाथों से प्रसाद खाकर ब्रत खोला। करवा चौथ का पर्व समूचे जनपद में सुहागिन महिलाओं द्वारा बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। खाशकर नवविवाहिताओं ने इस पर्व को बडे ही उल्लाश के साथ मनाया और शाम को पजा अर्चना कर अपने पति के हाथों से बृत खोला।

गैस सिलेंडर लीकेज हादसा में इलाज के दौरान तीसरी मौत, तीन की हालत अभी भी गंभीर

सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।

सुमेरपुर कस्बे में नवरात्रि की अष्टमी के दिन कन्या भोज बनाते समय गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई, जिससे गृहस्वामी समेत 11 लोग झुलस गए। हादसे में चार दिन पहले दो लोगों की मौत हो चुकी थी और आज तीसरे व्यक्ति की भी मौत की खबर आई है। वहीं, तीन अन्य लोग गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। सुमेरपुर थाना कस्बे के वार्ड संख्या पांच में 10 अक्टूबर को राजाराम प्रजापति के आंगन में नवरात्रि की अष्टमी पर कन्या भोज का आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान गैस सिलेंडर की पिन लॉक

टूट गई जिससे गैस में आग लग गई। इस घटना में 70 वर्षीय राजाराम उनकी 65 वर्षीय पत्नी तीजिया और अन्य 9 लोग झुलस गए। झुलसे हुए लोगों में से 6 को कानपुर और फिर लखनऊ रेफर किया गया था। 15 अक्टूबर को गृहस्वामी राजाराम और 16 अक्टूबर को 24 वर्षीय सुनील की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बीती रात राजाराम के नाती 22 वर्षीय दुर्गेश ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई है। जब दुर्गेश का शव घर पहुंचा, तो वहां कोहराम मच गया। अभी राजाराम की पत्नी तीजिया 18 वर्षीय संदीप और 24 वर्षीय अमित की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की जांच के लिए प्रशासन ने कार्यवाही शुरू कर दी है, ताकि इस तरह की घटनाओं को भविष्य में रोका जा सके। इस दर्दनाक घटना ने पूरे कस्बे को सन्नाटे में डाल दिया है और स्थानीय लोग पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

प्रधानों ने गौशालाओं का काम किसी स्वयं सेवी संस्था को सौंपने की उठायी मांग

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

- तहसील स्तर पर गौवंश संरक्षण को लेकर हुई बैठक, लोग अन्ना पशु छोड़कर प्रधान को करते हैं बदनाम

उप जिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने बीती देर शाम अन्ना गौवंश के संवर्धन व संरक्षण के संबंध में तहसील स्तरीय बैठक कर संबंधित अधिकारियों व प्रधानों को निर्देशित किया है कि वह अन्ना घूम रहे गोवंश हर दशा में गौशाला में संरक्षित करलें।उन्होंने कहा कि मौसम बदल रहा है और अभी से इन मवेशियों को ठंड से बचाने के पूरे प्रबंध कर लिए जाएं।

वहीं पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह अभी भी पूरी तरह टैगिंग का कार्य नहीं कर सके। कई जगह जांच में देखा गया की गौशाला में बंद मवेशियों की कोई टैगिंग नहीं हो सकी।इस कार्य को तत्काल पूरा किया जाए। प्रधानों से कहा कि उन्होंने गोचर की भूमि की सूची दोनों विकास खंडों में भेजी है। गौशालाओं के निकट वाली गोचर की जमीन पर हरी घास व विशेष तौरपर नैपियर घास लगाएं। इस का उत्पादन भी अधिक होता है। इस बैठक में रीवन की महिला प्रधान प्रतिनिधि शिवप्रकाश ने सुझाव दिया कि अच्छा होगा कि गौशालाओं का कार्य किसी स्वयं सेवी संसथा को सौंप दिया जाए। वहीं बड़ी आबादी वाले अरतरा गांव के प्रधान माहेश्वरी दीन प्रजापति ने

कहा कि सबसे बड़ी समस्या यह है कि जो निजी गौ पालकों की गाँये अन्ना घूम रही हैं। उन्हें बंद करने पर वह उन्हें छुड़ा ले जाते हैं और उसके बाद पुनः अन्ना छोड़ देते हैं। जिससे उनकी समस्या बढ़ती है और लोग शिकायत करते हैं कि प्रधान अन्ना छोड़े हुए हैं। उसने यह तक कहा कि इस संबंध में जब वह पुलिस से शिकायत करते हैं तो पुलिस सुनती नहीं है।सीधे प्रधानों की आम लोगों से बुराइयां पैदा हो रही है। प्रशासन को इस मामले में अलग से नियम कानून बनाने चाहिए। जिस अन्ना की समस्या का समाधान हो और उनकी अनावश्यक बुराइयां ना हो। इस संबंध में उप जिलाधिकारी ने कहा कि इन मामलों में जब पुलिस उनकी न सुने तो उन्हें सीधा अवगत करा कर इसका समाधान करा सकते हैं। बैठक में विकासखंड मुस्करा के दो सहायक विकासखंड अधिकारीए मौदहा विकासखंड अधिकारी तथा दोनों विकासखंडों के पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी तहसीलदार नायब तहसीलदार तथा गांव पंचायत के कई प्रधान मौजूद थे। ठंड के मौसम में गोवर्ष को शीत लहरी से बचाव के प्रबंध पूरे किए जाएं भाई एक भी गवां सड़कों पर अल्लाह ना दिखाई दे। कितना नहीं जो डिमांड प्रधानों द्वारा भेजी जाती है वह महीने की 22 तारीख से 27 तारीख तक अवश्य भेजें। बताया गया कि अभी तक बहुत बहुत से प्रधानों ने यह डिमांड भेजी ही नहीं जब के प्रधानों का आरोप था के अधिकांश सचिव इसमें लापरवाही करते हैं और वह चारा पानी तथा व्यवस्थाओं के लिए डिमांड ही नहीं भेज रहे।

खबरें एक नजर में

अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगा जान दी



पनवाड़ी महोबा। पनवाड़ी थाना क्षेत्र के भरवारा गांव निवासी सलामत अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। सलामत ने बताया कि वह किसी काम से गांव आया था जबकि उसका पुत्र आरिफ अपनी मां और भाई के साथ दिल्ली में ही था। शनिवार की रात्रि में आरिफ ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जान दे दी रात में जब खाना खाने के लिए मां आरिफ को बुलाने गई तो कमरे में पंखे से आरिफ लटक रहा था जिसकी जानकारी पत्नी द्वारा फोन कर दी गई। स्थानीय पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेजा है इधर युवक की मौत से परिवारजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

शहरी पीएचसी में पर्चा व दवाएं होगी कंप्यूटराइज्ड, राठ में नयी खोली जायेगी अर्बन पीएचसी

हमीरपुर। शहरी पीएचसी में अब हर मरीज का पर्चा कंप्यूटराइज्ड होने के साथ साथ उसमे मरीजो की दी जाने वाली दवाए भी कंप्यूटर में दर्ज करायी जायेगी। शासन ने इस मामले का आदेश कर दिया है। जिले में अर्बन पीएचसी हमीरपुर, मौदहा व राठ में है अभी तक यहां पर मरीजों का पर्चा हाथ से लिखकर दे दिया जाता था मगर शासन ने साफ कहा है कि पर्चा कंप्टयूटर से बनाने के बाद हर मरीज को क्या दवा दी गयी है उसका भी डिटेल कंप्यूटराइज्ड होगा ताकि यह जानकारी हो सके कि शहरी क्षेत्र में कितने मरीज किस मर्ज के पाये गये है। डिप्टी सीएमओ संजय कुमार ने बताया कि तीन अर्बन पीएचसी राठ में खोली जायेगी क्योकि राठ क्षेत्र में बडा क्षेत्र है यहा मरीजो की संख्या अधिक पायी जाती है।

टायर पंक्चर की दुकान से हजारों की नकदी चोरी

राठ(हमीरपुर)। बीती रात चोरों ने किराना व टायर पंचर की दुकान से हजारों की नकदी व मोबाइल पार कर दिया है। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी खलक सिंह ने बताया कि वह गांव के बाहर किराना व पंचर की दुकान किए हुए हैं। दुकान बंद करके वह घर चला गया। चोरों ने गांव के बाहर रखी किराना की दुकान में घुसकर चोर ने मोबाइल व दुकान का सामान खरीदने के लिए रखे रखे 35 हजार रुपए चोरी करके ले गए। जब उसने सुबह दुकान जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। गोलक से रुपए गायब थे। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया मामले की जांच कराई जा रही है।

मोबाइल व नकदी चोरी

राठ(हमीरपुर)। कस्बे के दीवानपुरा गोविंद नारायण पुत्र वीरेन कुशवाहा ने बताया कि आठ अक्टूबर की रात वह घर में सो रहा था। सुबह जब वह जागा तो मोबाइल व 17 हजार रुपए चोर चोरी करके ले गए। वहीं प्रताप सिंह कुशवाहा के घर से मोबाइलए मोहन कुशवाहा के घर से दो हजार चोरी करके ले गए। चोर पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बाइक सवार वृद्ध की अज्ञात वाहन की टक्कर से मृत्यु

राठ(हमीरपुर)। तेरहवीं संस्कार में शामिल होने जा रहे वृद्ध की बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार घायल हो गए। घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया। जहां पर उनकी मौत हो गई। जानकारी होने पर स्वजन जन उरई पहुंचे तब वृद्ध की पहचान हो सकी। मझगवां थाने के बकरई गांव निवासी सलाम ने बताया कि 60 वर्षीय बड़े भाई मुन्ना 2 दिन पहले तेहरवीं संस्कार में शामिल होने बिहूनी गांव जा रहे थे। तभी धनौरी गांव के पास रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। पहचान न होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद अज्ञात में मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया। इलाज के बाद वृद्ध ने दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र इकरार ने बताया कि उसके पिता के पास पांच बीघा जमीन थी। खेती कर परिवार का भरण पोषण करते थे। मृतक अपने पीछे दो पुत्र इकरार इसरार का रो रोकर बुरा हाल है।

नशे में धुत शराबी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

राठ(हमीरपुर)। कोतवाली के धमना गांव में शराब के नशे में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। धमना गांव निवासी धीरेन्द्र राजपूत पुत्र रामस्वरूप ने बताया कि छोटे भाई 32 वर्षीय धीरेंद्र राजपूत ने शनिवार की रात अटारी में रस्सी से फंदा लगाकर फांसी लगा ली। बताया कि उसके भाई मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। वह शराब पीने का आदि था। बताया कि वह अविवाहित था। पुत्र की मौत पर मां रूपरानी का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि युवक शराब पीने का आदि था। शराब के नशे में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी है।

पुलिस ने मारपीट व छेड़खानी का दर्ज किया मुकदमा

मौदहा, हमीरपुर। कस्बे के एक घर में घुसकर युवक द्वारा युवती के साथ अश्लीलता कर मारपीट करने तथा जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी एक युवती के पिता ने कोतवाली पुलिस को बताया कि वहीं का कल्लू यादव पुत्र जगदेव यादव उसके घर में घुसकर उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें करने लगा जिसका विरोध पुत्री द्वारा करने पर उक्त युवक मारपीट करने पर आमादा होने लगा तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर घटना की जानकारी किसी से साझा करने पर धमकी देता हुआ चला गया। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सर्व सम्मति से मोहनबाबू को चुना गया अध्यक्ष

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

कस्बे के फत्तेपुर में स्थित सतगुरु कबीर आश्रम बौद्धिक चेतना समिति के गठन में सर्वसम्मति से मोहनबाबू को अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद सभी सदस्यों के साथ नवनियुक्त अध्यक्ष ने आज शपथ ग्रहण की।

कस्बे के फत्तेपुर में स्थित सतगुरु कबीर आश्रम बौद्धिक चेतना समिति के गठन के अवसर पर समाजसेवी मोहनबाबू को समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना। अध्यक्ष चुने जाने के उपरांत नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी सदस्यों के साथ संत कबीर जी के चित्र को साक्षी मानकर अध्यक्ष पद की गरिमा बनाए रखने

तथा संविधान की नियमावली के अनुरूप कार्य करने तथा आश्रम के प्रगति हेतु प्रयत्नशील रहने सहित आश्रम को आर्थिक सामाजिक क्षति से बचाने हेतु पक्षपात रहित बहुमत के निर्णय अनुसार कार्य करने की शपथ ग्रहण की। इस दौरान कबीर आश्रम में समिति के दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।

संतों ने विरक्त आश्रम में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सुमेरपुर। कस्बे के एक गार्डेन में प्रवचन के लिए पधारे संत स्वामी गिरिशानंद महाराज एवं स्वामी डॉ. मुक्तानंद पुरी महाराज ने ब्रह्मलीन संत रोटीराम महाराज की समाधि क्षेत्र में पारस पीपल का पौधरोपित करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज नागास्वामी जी के कृपा पात्र शिष्य स्वामी गिरिशानंद महाराज ने अलवर राजस्थान के संत स्वामी डॉ. मुक्तानंद पुरी जी महाराज के साथ रविवार को स्वामी जी के समाधि स्थल पहुंचकर उनकी मूर्ति में माल्यार्पण करके पूजन अर्चन भी किया। इस अवसर पर स्वामी गिरीशानंद महाराज ने कहा कि स्वामी रोटीराम महाराज इंसान के रूप में भगवान थे, उन्हें मां गायत्री का आशीर्वाद प्राप्त था। वह मां के अनन्य उपासक थे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए समिति के कार्यों की सराहना की और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर स्वामी जगन्नाथ

महाराज स्वामी सुखानंद रामायणी रामानुज दीक्षित राजेश सिंह सौमित्र सिंह, महेश गुप्ता दीपू अनुज शिवहरे, एमण्खान राजेश सहारा प्रकाश बाबू शिवहरे आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

मौदहा, हमीरपुर। फर्जी दस्तावेज तैयार कर मृतक के नाम केसीसी बनाकर वसूली के मामले में तत्कालीन शाखा प्रबंधक सहित अन्य कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है, मामला दर्ज होते ही पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया निवासी शकील अहमद ने बताया कि उसके पिता की मौत वर्ष 2015 में हुई थी जिसके बाद उनकी चल अचल संपत्ति वसीयत के आधार पर उसके नाम आ गई है। पीड़ित ने बताया कि उसे रुपयों की जरूरत पड़ी तो उसका आर्यवर्त बैंक से लोन लेने के लिए बैंक के अधिवक्ता महेश श्रीवास्तव के माध्यम से दस्तावेज तैयार करने की बात कही तब पता चला कि उसके स्वर्गीय पिता पर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से तीन लाख रुपये कर्ज है।जब पीड़ित ने वकील के माध्यम से बैंक के दस्तावेज जांच कराए तो दस्तावेजों में उसके पिता के फर्जी हस्ताक्षर थे जो मेल नहीं खा रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि इस मामले में उसकी भाभी नुसरत बानो की भूमिका होने की आशंका जाहिर की है क्योंकि उसी के माध्यम से उसके स्वर्गीय पिता की फोटो व दस्तावेज उपलब्ध कराए गए होंगे। इस मामले में तत्कालीन आर्यवर्त बैंक इलाहाबाद यूपी ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक सुरेश चंद्र कौशल अन्य सहयोगी कर्मचारियों सहित नुसरत बानो पर मामला दर्ज किया गया है।

रहा न नगर वसन, घृत, तेला, बाढ़ी पूंछ कीन्हि कपि खेला

- माता पार्वती ने रावण को दिया था श्राप कि एक दिन लंका जल कर भस्म हो जाएगी

श्रीनगर ,महोबा, समृद्धि न्यूज़।

रावण ने कहा कि बंदरों को अपनी पूंछ बहुत प्यारी होती है इसीलिए हनुमान की पूंछ में आग लगा दो तब ÷रहा न नगर वसन, घृत, तेला, बाढ़ी पूंछ कीन्हि कपि खेला÷ अर्थात लंका में कपड़ा, घी और तेल खत्म हो गया और हनुमान जी की पूंछ बढ़ती गई. जब रावण ने हनुमान जी की पूंछ में आग लगाई, तो लंका जलकर राख हो गई। नव युवक रामलीला मंडल श्रीनगर द्वारा कस्बा श्रीनगर के किले के पास चल रही रामलीला में आज



रावण द्वारा जनक नंदनी सीता का हरण कर ले जाते समय जटायु ने विरोध किया तब रावण के पंख काट दिए इसके बाद राम लक्षण जब सीता की खोज ने निकले तो जटायु ने पूरा हाल बता प्राण त्याग दिए इसके बाद शबरी आश्रम पहुंच कर राम ने झूठे बेर खाए और उन्हीं के कहने पर पम्पापुर में हनुमान जी से मिलन होगा और सुग्रीव से मित्रता हुई और बाली का वध कर दिया इसके बाद हनुमान जी सीता की खोज करते हुए लंका पहुंचे और वहां पर अशोक वाटिका को तहस-नहस कर दिया फलस्वरूप रावण ने पहले अक्षय कुमार को भेजो जिसको हनुमान जी ने मार दिया इसके बाद मेघनाथ ने ब्रह्मास्त्र में पड़कर हनुमान जी को रावण के पास ले आए जहां पर रावण ने हनुमान जी की पूछ में आग लगाने का आदेश दिया पूछ में आग लगती ही हनुमान जी उड़ चले और पूरी लंका को जलाकर राख कर दिया । राम मृदुल गौरव, लक्ष्मण राजेश , रावण सुबोध गंगेले, बाली अखिल उर्फ दीपू शुक्ला, सुग्रीव यशवर्धन त्रिवेदी, हास्य अभिनय प्यारे लाल श्रीवास, पप्पू विश्वकर्मा, प्रकाश कुशवाहा का रहा व्यास गद्दी पर रतीश चंद्र रावत रहे और संचालन अनिल शुक्ला का रहा।

आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष, महोबा बने रणजीत सिंह गौतम

महोबा। ब्लॉक चरखारी के ग्राम धवारी में बहुजन महापुरषों की विचारधारा को और बड़े भाई चंद्रशेखर आजाद जी और बड़े भाई विनयरतन सिंह जी के संघर्षों को अपनो के बीच रखा जिसमे ग्रामीण लोगों ने बड़े भाई चंद्रशेखर आजाद जी और बड़े भाई विनय रतन सिंह के हाथों को मजबूत करने का वादा किया और घनश्याम वर्मा तहसील संयोजक भीम आर्मी चरखारी और जयराम कुशवाहा को ग्राम संयोजक धवारी के पद पर नियुक्त किया गया साथ में ,रणजीत सिंह गौतम जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), भगवान दास जिला प्रभारी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) मुकेश कुमार नगर संयोजक खरेला भीम आर्मी,श्यामबाबू चौधरी ग्राम संयोजक बाराएं भीम आर्मी और बराएं टीम और खरेला टीम के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का मिला शव

- डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी युवक महेंद्र की शादी

महोबा। झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर रविवार सुबह युवक का क्षत विक्षत अवस्था में युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक ग्राम मकरबई के पास रविवार सुबह चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि ट्रैक पर क्षतविक्षत अवस्था में अज्ञात युवक का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल के मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है। पुलिस ने दोपहर को युवक की शिनाख्त मूल रूप से ग्राम सुरहा, हाल निवास कबरई के 28 वर्षीय महेंद्र अहिरवार पुत्र स्व.राजाबाबू के रूप में की है। मृतक की पत्नी पुष्पा ने बताया कि उसका पति राजमिस्त्री था और शाम को वह काम करके घर लौटा था। पति शराब का आदी था। शनिवार की रात को वह घर से खाना खाकर 11 बजे नशे की हालत में चला गया था। उसे बहुत रोका पर वह नहीं रुका। उसकी शादी डेढ़ साल पहले हुई थी। उसके एक सात माह की पुत्री गुड़िया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि शराब के नशे में महेंद्र ने आत्महत्या की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मासूम को बुरी तरह कुचला, गंभीर

महोबा। कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के जैतपुर कस्बे में अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने 10 वर्षीय मासूम बालिका को बुरी तरह कुचल दिया। इस सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बालिका को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने बालिका को हायर सेंटर रिफर कर दिया है। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मोके से फरार हो गया है। कुलपहाड़ कोतवाली इलाके के जैतपुर कस्बे में रहने वाले करन सिंह ने बताया कि उसकी बेटी अपनी सहेलियों के साथ सड़क किनारे पुलिया पर बैठी हुई थी। इसी दौरान उसने ट्रैक्टर ट्राली से अपना संतुलन खो दिया। जिसके चलते ट्रैक्टर ट्राली ने मेरी बेटी को बुरी तरह कुचल दिया है।

बुंदेली लोककला के नाम रही 'चलचित्रम' की शाम

- जित्तू खरे की राई और रूद्रांश के रश्मिरथी पाठ ने खूब जमाया रंग
- शार्ट फिल्मों में काम करने के लिए चुने गए स्थानीय कलाकार

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

बुंदेली लोककला को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शहर में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बुंदेलखंड के जाने-माने कलाकारों के साथ नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान किया गया। बुंदेलखंड में ही बनने वाली फिल्मों के लिए कलाकारों का भी चयन किया गया।

शहर के वीर भूमि डिग्री कालेज में शनिवार की शाम चलचित्रम नाम से बुंदेली कलाकारों की चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व नवरस म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद यहां पर दीक्षा-प्रतीक्षा यादव द्वारा आल्हा गायन के जरिए बुंदेलखंड की महिमा का बखान किया गया। कवि पंकज पंडित ने ओजपूर्ण काव्य पाठ से युवाओं में जोश भर दिया। महोबा के नन्हें कलाकार रूद्रांश पचौरी ने खंडकाव्य 'रश्मिरथी' का काव्य पाठ करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बुंदेली कॉमेडियन राजू शुक्ला ने लोगों को खूब हंसाया। बिन्नू रानी और बेबी इमरान के संवाद ने कार्यक्रम को जीवंत कर दिया। परी गुप्ता के नृत्य को भी लोगों ने खूब सराहा। कलाकार मंगलदीन, चरन सिंह यादव, आयुष तिवारी ने अपनी गायकी से समां बांधा। बादल अली के राम भजन ने परिसर को राममय कर दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में जित्तू खरे ने राई की प्रस्तुति दी। इसमें बेबी इमरान ने नृत्य करके साथ दिया तो मंच एक बार फिर जीवंत हो गया। इस दौरान बुंदेलखंड के विभिन्न हिस्सों से कार्यक्रम में आए सभी कलाकारों, समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

महोबा के लिए अनोखा आयोजन: चलचित्रम महोबा के लिए अनोखा आयोजन रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अटल श्री दीपेंद्र अरजरिया शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर और भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर भूमि डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सुशील बाबू ने की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अपर्णा नायक ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक धनेंद्र दीक्षित और सुनील नाहर ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

बुंदेली सिनेमा को लेकर चर्चा: इस कार्यक्रम के दौरान सार्थक इंटरटेनमेंट कंपनी द्वारा स्थानीय युवाओं के आडीशन लिए गए। डायरेक्टर एसके प्रसाद के अनुसार बुंदेलखंड में आगामी दिनों में 10 शार्ट फिल्म और वेबसीरीज बनाई जानी हैं। इसके लिए स्थानीय कलाकारों को चुना गया। इसके साथ ही जिला पर्यटन अधिकारी डॉ. चित्रगुप्त श्रीवास्तव और फिल्म कलाकार संजीव बाबरा ने बुंदेली सिनेमा के भविष्य पर विचार रखे।

बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

- ऑडिटोरियम में बच्चों ने प्रस्तुत किये विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम
- दर्शकों ने तालियां बजाकर की हौसला अफजाई

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

देवा मेला के ऑडिटोरियम में रविवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत नोडल/ जीजीआईसी देवा की प्रिंसिपल डॉ0 सुविद्या वत्स और मंचीय कार्यक्रम के संयोजक सतीश कुमार तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। इस अवसर पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मित्तई के छात्र अफजाल हुसैन ने, बेटे को है सम्मान जग में, गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज नरैनी देवा, की छात्रा, रहनुमा वारसी ने, ऐसा देश है मेरा गीत प्रस्तुत करके देश की विविधता सबका ध्यान आकर्षित कराया। प्रियंका वर्मा ने देख तमाशा लकड़ी का गीत गाया। इसके बाद प्रियांशी कनौजिया ने सबमें वहीं है राम गीत की प्रस्तुति दी। छात्रा शालू तिवारी ने सारे तीरथ धाम आपके के चरणों में गीत की प्रस्तुति दी, इसके बाद छात्रा आकांक्षा सिंह के गीत, युग राम राज का आ गया, पर दर्शकों ने तालियां बजाकर छात्रा का हौसला बढ़ाया। मंतशा वारसी ने ए मेरे प्यारे वतन गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हैदरगढ़ की छात्राओं ने राजस्थानी गीत आयो रे मारो ढोलना गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बनीकोडर की छात्राओं द्वारा ये देश है वीर जवानों का देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रतिभागी छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया।

अवधेश बालेश्वर व साथी कलाकरों के गीतों पर झूमे दर्शक

बाराबंकी। देवा मेला के तीसरे दिन रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत लोकप्रिय अवधी गायक अवधेश बालेश्वर व साथी कलाकरों के मनमोहक गीतों से हुई। अवधेश बालेश्वर ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत राम जी के आवनवा बाजे घर घर बजनवा गीत से की। इसके बाद दुनिया वाले हमके कहेला बिहारी मितवा गीत पर खूब तालियां बटोरी, इसके बाद उड़त बाकुलवा के सारे लू रोली गीत की प्रस्तुति दी। टीम की साथी कलाकर अंकिता सिंह सूर्यवंशी ने नीक लागे अवध नगरिया आज मिथला नगरिया की प्रस्तुति दी। अगंद राम ओझा ने सोनरा दुकनिया भीड़ लगी को कहता है महगांई है और आइहौ दादा बदल गयी दुनिया की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

एजुकेशन वर्ल्ड ने डीपीएस इटावा को किया सम्मानित

- नंबर वन रैंकिंग के लिए चेयरमैन डॉ. विवेक पुरस्कृत

इटावा, समृद्धि न्यूज।

सर मदन लाल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन द्वारा संचालित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), इटावा को देश की प्रतिष्ठित संस्था एजुकेशन वर्ल्ड ने रैंकिंग के आधार पर इटावा जनपद का टॉप यानी नंबर वन स्कूल घोषित करते हुए सम्मानित (एवॉरडेड) किया गया है। गुडगाँव के द लीला एंबिएंस गुरुग्राम होटल एंड रेजिडेंसी में 19 अक्टूबर को डीपीएस इटावा को इसके लिए एजुकेशन वर्ल्ड संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया। डीपीएस इटावा के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव और प्रिंसिपल भावना सिंह ने स्वयं मौजूद रहकर यह पुरुस्कार प्राप्त किया। पुरस्कृत किए जाने पर अनेक हस्तियों ने डीपीएस इटावा और उसके प्रबंध तंत्र को बधाई दी है। दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव और प्रधानाचार्या भावना सिंह ने इस पुरस्कार के लिए पूरी डीपीएस स्कूल टीम और डीपीएस के सभी अभिभावकों और बच्चों को बधाई दी है।

खबरें एक नजर में

खेती में उत्कृष्ट कार्य करने पर महिला किसानों को सौंपे प्रमाण-पत्र

कदौरा (जालौन), समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड कदौरा के ग्राम पंचायत बवीना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला किसानों को अधिकारियों ने प्रमाण पत्र सौंपे। बवीना गांव में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. हासिम सांगवान ने बताया कि कृषि जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक क्षेत्र की 16 ग्राम पंचायतों में 60 कृषि लोकल समूह संचालित है। जिसमें 600 महिला किसान जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया गया कि कृषि जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत, लोकल समूह अध्यक्ष, महिला किसानों को उनके खेतों की मिट्टी के नमूने लेकर मृदा परीक्षण प्रयोगशाला उरई में जांच कराई गई थी। जांच उपरांत मृदा में कौन-कौन पोषक तत्वों की कमी है, उसकी जानकारी महिला किसानों को दी गई और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत मटरा, गरैही, सुजानपुर, मवई ब्राहमण सहित अन्य गांव है। महिला किसानों कृषि जैविक खेती संबंधित गतिविधियां की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। महिला किसानों ने कहा कि जैविक खेती जरूरी है। इस मौके पर सुनील विश्वकर्मा, महिला किसान साधना, बबली, पिंकी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

रोटावेटर में फंसकर किसान की मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के राजापुर गांव में खेत की जुताई करते समय किसान की रोटावेटर में फंसकर पैर कटने से दर्दनाक मौत हो गई। थाना बदोसराय क्षेत्र के राजापुर निवासी किसान प्रेम सागर पुत्र गया प्रसाद उम्र करीब 45 वर्ष शनिवार की रात करीब 8 बजे अपने खेतों की रोटावेटर से जुताई कर रहा था। अचानक रोटावेटर में कुछ फंस गया जिसे निकालने के लिए टैक्टर खड़ा कर दिया और रोटोवेटर में फंसी हुई घास को छुडाने का प्रयास कर रहा था। अचानक रोटावेटर चालू हो गया। जिससे किसान प्रेम सागर का पैर रोटावेटर के सम्पर्क में आ गया। जिसमें उसके पैर के कई टुकड़े हो गए शरीर लहूलुहान हो गया। घटना की सूचना पर परिजनों के साथ ही ग्रामीणों में कोहराम मच गया। परिजन उन्हें तत्काल एंबुलेंस बुलाकर सिरौलीगौसपुर अस्पताल ले कर पहुचे । जहां इमरजेंसी में तैनात डाक्टरों ने प्रेम सागर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुची बदोसराय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।
इस संबंध में थाना अध्यक्ष बदोसराय संतोष कुमार ने बताया कि राजापुर का एक किसान ट्रैक्टर से खेत जुताई कर रहा था। उसका पैर रोटोवेटर में फस गया जिससे वह घायल हो गया। इलाज के लिए सिरौली अस्पताल लाया गया। जहां पर उसकी मृत्यु हो गई, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

मतस्य विभाग की बैठक कल

बेलहरा-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। सुरतगंज ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ढखवा में मंगलवार 22 अक्टूबर को दोपहर 2:00 बजे मतस्य विभाग की ओर से एक बैठक आयोजित की जाएगी।बैठक में नदी के आठ किलोमीटर की एरिया में बसे दौलतपुर, पिपरी, ढखवा, छंगेपुर आदि गांव के लोगो को मतस्य पालन समिति में सदस्यता दिलाई जाएगी और संगठन बनाकर मछली पालन को बढ़ावा दिया जाएगा।इस मौके पर मतस्य से सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।इसकी जानकारी समिति के मुख्य प्रवर्तक रामपाल ने दी।

वन विभाग से बंदरों को पकड़ने की उठाई मांग

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। नगर में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बंदरों की बढ़ती संख्या से लोग परेशान हैं। नगर के लोगों ने बंदरों को पकड़वाने की मांग वन विभाग के अधिकारियों से की है। नगर में बंदरों की संख्या पहले ही बहुत थी। धीरे-धीरे इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। पहले ये नगर की फुटकर सब्जी मंडी के आसपास के मोहल्ला नारोभास्कर, गणेशजी, चौधरयाना, जोशियाना, हरीपुरा, बैठगंज व बालमभट्ट तक सीमित थे। धीरे-धीरे ये नगर के अधिकांश मोहल्लों में पहुंच गए। गल्ला मंडी, थोक सब्जी व फल सब्जी मंडी व जहां जहां भी उत्सव गृह जहां से उन्हें खाने मिल रहा है, वहीं बंदर पहुंच गए हैं। बंदरों के कारण पहले लोगों को खाने का सामान लेकर जाने, छत पर कपड़े सुखाने या छत पर अनाज आदि सुखाने में दिक्कत होती थी। अब तो इनका आतंक गल्ला मंडी आदि में इतना ही कि मोटरसाइकिल को देखर उसका सीट कवर फाड़ देते हैं। झोले सामान निकालकर ले जाते हैं अगर विरोध करो काट लेते हैं। इसके बाद भी वन विभाग इनको पकड़कर जंगल में भेजने का प्रयास नहीं कर रहा है। नगरवासी सुरेंद्र कुशवाहा, रहीस खान, नवीन, अमित, अशफाक आदि ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि नगर से बंदरों को पकड़ कर जंगल में भिजवाया जाए जिससे लोगों को राहत मिल सके।

छात्र-छात्राओं ने मिलकर तैयार की एआई छड़ी

सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।

इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के एआई बीटेक द्वितीय के तीन छात्र आदर्श कुमार, प्रगति वर्मा, रोहन श्रीवास्तव ने मिलकर पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस के लिये एक ख़ास एआइ छड़ी तैयार किया हैं। देश में कई ऐसी घटनाएं देखने को मिली हैं जिसमें ड्यूटी के दौरान पुलिस के जवानों के साथ भी कई बार अपराधिक घटनाएं हो जाती हैं जिसमें अपराधी पुलिस पर जान लेवा हमला कर देता हैं।

जिससे कई बार पुलिस कर्मी की मौत भी हों जाती हैं द्य इस तरह की घटना ज़्यदातर सुनसान जगह पर होती है जहाँ पुलिस के जवान अकेले तैनात होते हैं। कई जगहों पर किसी घटना या किसी गलती की वजह सें घटना स्थल पर तैनात पुलिस के जवानो के ऊपर दंगाई भीड़ द्वारा जान लेवा हमला कर दिया जाता हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक देश भर में प्रतिदिन ड्यूटी पर तैनात पुलिस के एक जवान की हत्या कर दी जाती हैं। एआई द्वितीय वर्ष के छात्र आदर्श कुमार ने बताया इस छड़ी को हमने एआई पुलिस स्टिक का नाम दिया हैं। ये छड़ी मुसीबत के वक्त अपराधियों सें आत्मरक्षा के लिये बेहद कारगर हैं इस छड़ी को बंदूक और जरुरत पड़ने पर पुलिस कर्मी इसे आरामदायक कुर्सी भी बना सकतें हैं द्य छात्रा प्रगति वर्मा ने बताया ये एआई छड़ी ड्यूल कैमरे सें लैस हैं जो पुलिस कर्मियों की ड्यूटी में मदद करता है और नजदीकी पुलिस चौकी और थाने के अधिकारियो सें कभी भी लाइव जुड़ सकता है द्य इस छड़ी की मदद सें सुनसान जगहों पर भी ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मी कभी अकेला महसूस नहीं करेंगे द्य लोकेशन की लाइव ऑडियो वीडियो के माध्यम से थाने और चौकी सें मदद ले सकते हैं द्य छात्र रोहन ने बताया एआई स्मार्ट छड़ी सें भीड़ में असामाजिक तत्वों को खदेड़ने के साथ उपद्रवियों को भीड़ में पहचाने में पुलिस अधिकारियों को मदद मिलेगी और जरुरत पड़ने पर पुलिस कर्मी एआई छड़ी सें लाल और हरी मिर्च की गोलियाँ भी चलायी जा सकती है। एआई पुलिस स्टिक बंदूक, कुर्सी और छड़ी के रूप मे प्रयोग किया सकता हैं द्य एआई पुलिस स्टिक पूरी तरह सें मोड़कर रखा जा सकता हैं।

इस पुलिस स्टिक चेयर को ख़ास कार्बन फाइबर स्टील,और एल्मयुनियम सें बनाया गया हैं। हल्का होने के साथ ये मजबूत भी हैं। इस छड़ी में हैंडल के पास इसका ट्रिगर दिया गया हैं जिसे ऑन कर जरुरत पड़ने पर मिर्ची बुलेट फायर किया जा सकता हैं। मिर्ची बुलेट भीड़ को खदेड़ने का काम करता हैं। इसके साथ हीं इसमें पैनिक बटन भी हैं। जिसे मुसीबत में पुलिस कर्मी चौकी व थाने सें मदद लें सकतें हैं। घटना स्थल पर पत्थर फेके जा रहे हों ऐसे परिस्थिति में स्टिक चेयर को मोड़कर के पीछे लगे ग्रिप को पकड़ कर एक ढाल बना कर पत्थरो सें पुलिस कर्मी अपनी सुरक्षा कर सकतें हैं द्य प्रगति ने बताया एआई छड़ी को बनाने में 2 महीने का समय लगा और लगभग पचीस हजार रूपये का खर्च आया है द्य इसे बनाने में 9 वोल्ट बैटरी, स्विच, स्टिक चेयर, मेटल पाईप, सिमकार्ड, सॉफ्टवेयर, अलार्म, ब्लूटूथ आदि उपकरणों का इस्तेमाल किया गया हैं। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने बताया कि कॉलेज के इन्नोवेशन सेल में सभी विभागों के छात्र अपने नवाचार पर शोध करते रहते हैं और इसके पूर्व भी हमारे छात्रों ने देश व समाज हित में कई इन्नोवेशन किये हैं द्य इस बार छात्रों ने पुलिस के जवानों के लिये एक छड़ी तैयार किया जिसके माध्यम सें मुसीबत में पुलिस के जवान इस छड़ी के माध्यम से अपनी सुरक्षा कर सकते हैं ।

छात्रों ने पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस की सुरक्षा को ध्यान रख कर बनाया गया स्मार्ट छड़ी एक नया और सफल प्रयोग साबित होगा। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्यामबिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया ,संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।

पिता की तेहरवीं के पहले बंटवारे को लेमकर भाईयों में विवाद, बहा खून

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज। पिता की तेरहवीं से पहले भाईयों में बंटवारा को लेकर संघर्ष हो गया। जिसमें एक की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे सीएचसी में दाखिल कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा खास निवासी खुशाली निषाद की मौत गत सप्ताह हो गई थी क्रियाकर्म के बाद पुत्रों ने पिता के सामान की तलाशी ली तो उसके पास 53 हजार रुपये निकले और उन्हीं रुपयों तथा अन्य सामान को लेकर रविवार सुबह पुत्र राजेश और सुरेश में जंग हो गई जिसमें उसकी पत्नियां भी कूंद पड़ी थी और इसी दौरान बड़े भाई राजेश की पत्नी चोट लगने से घायल हो गई। झगड़े की जानकारी पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और झगड़ा कर रहे दोनों भाईयों और घायल पत्नी को सी एच सी मे दाखिल कराया है। इस दौरान मौके पर आये ग्राम प्रधान राजभोज निषाद ने पिता की तेहरवी होने से पहले लड़ाई झगड़ा और बँटवारा न करने की सीख देकर इलाज कराने का भी आश्वासन दिया पर वह मामले को पुलिस तक ले जाने के लिए अडे रहे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक के अनुसार शिकायती पत्र आता है तो जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय
उत्तमनगर, बड़नापुर (तेजवापुर) - बहराइच उ.प्र.
(सम्बद्धः डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

आवश्यकता है
स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत एल.एल.बी. पंचवर्षीय पाठयक्रम में प्राचार्य-01 पद तथा **प्रवक्ता- 15 पद**
तथा स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत एल.एल.बी. पंचवर्षीय पाठयक्रम में अर्थशास्त्र प्रवक्ता, अंग्रेजी प्रवक्ता, इतिहास प्रवक्ता, राजनीतिशास्त्र प्रवक्ता, मनोविज्ञान प्रवक्ता एवं समाजशास्त्र प्रवक्ता।
योग्यता एवं वेतनमान- यू.जी.सी., बी.सी.आई. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
भवदीय-
प्रबन्धकः विनोद कुमार त्रिपाठी
मो.नं.- 9415442258

सीएचसी में मानसिक स्वास्थ्य मेला 22 को

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता ने अवगत कराया है कि चिकित्सालय परिसर में आगामी 22 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की उल्लेखनीय तरीके से मौजूदगी रहेगे। उन्होंने अवगत कराया कि मानसिक स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में तैनात चिकित्सकों डॉक्टर विशाल सचान, डॉक्टर शेख शहरयार , डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी, डॉक्टर रूबी सिंह के अलावा मानसिक रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक मेले में आकर के मरीज का उपचार करेंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य में लेकर के व्यापक तैयारियां की गई है।

ई श्रम कार्ड बनाने के लिए कोटेदारों ने लगाया कैम्प

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में रविवार को ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के राशन कार्ड बनाए जाने के लिए विकास विभाग से पंचायत सहायकों ग्राम प्रधानों व पूर्ति विभाग से कोटेदारों के द्वारा कैम्प लगाया गया।कैम्पों का निरीक्षण पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह विकास विभाग के नोडल देवेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर तहसील सिरौलीगौसपुर तहसील में रविवार को बरदरी, लोधपुरवा, भरतीपुर,रसूलपुर सहित सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में पूर्ति विभाग व विकास विभाग के द्वारा कैंप लगाया गया।

इस कैंप में प्रवासी मजदूर, ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत मजदूरों के राशन कार्ड बनाए जाने के लिए डेटा एकत्रित किया गया । पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने शहरी, सैदनपुर, मुस्काबाद सहित आधा दर्जन से अधिक पंचायत भवनों में पहुंचकर कैंपों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र में 136 उचित दर की दुकानें हैं। जिनपर 20004 श्रमिक पंजीकृत हैं। सभी की सूची उचित दर विक्रेताओं को उपलब्ध करवा दी गई है। इस प्रक्रिया में प्रत्येक ग्राम पंचायत में ऐसे लाभार्थी जिनके द्वारा ई-श्रम में पंजीकरण किया गया है, उनसे सम्बंधित अभिलेख प्राप्त कर नवीन राशन अथवा उनके परिवार में पूर्व से प्रचलित राशन कार्ड में नाम दर्ज कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आच्छादित किया जा रहा।

कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय
उत्तमनगर, बड़नापुर (तेजवापुर) - बहराइच उ.प्र.
(सम्बद्धः डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

आवश्यकता है
स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत **एल.एल.बी. त्रिवर्षीय पाठयक्रम में प्राचार्य**-01 पद तथा **प्रवक्ता- 07 पद**
योग्यता एवं वेतनमान- यू.जी.सी., बी.सी.आई. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
भवदीय-
प्रबन्धकः विनोद कुमार त्रिपाठी
मो.नं.- 9415442258

कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय
उत्तमनगर, बड़नापुर (तेजवापुर) - बहराइच उ.प्र.
(सम्बद्धः डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

आवश्यकता है
स्नातक स्तर पर **बी.एस.सी. पाठ्यक्रम** में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में **प्रवक्ता- 07 पद**
स्नातक स्तर पर बी.ए. पाठ्यक्रम में (भुगोल, चित्रकला)।
योग्यता एवं वेतनमान- यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
भवदीय-
प्रबन्धकः विनोद कुमार त्रिपाठी
मो.नं.- 9415442258

आर्थिक तंगी से परेशान ग्रामीण ने की आत्महत्या

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा

रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।

आर्थिक तंगी से जूझ रहे ग्रामीण ने फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस ने गांव पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम टीहर में गरीब मजदूर ने आर्थिक तंगी के कारण फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम टीहर निवासी सुनील कोरी पुत्र मूल चरण उम्र लगभग 41 वर्ष ने छत में लगे कुंडे में साड़ी से बने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है कि मृतक सुनील शराब एवं जुआ का भी लती था। भूमिहीन होने से मजदूरी करके किसी तरह परिवार का भरण पोषण करता था। अगले माह उसकी जवान पुत्री का विवाह भी होना सुनिश्चित था। घर में खाने पीने की किल्लत अगले माह होने वाली शादी में संभावित खर्च की चिंता से वह परेशान रह रहा था आखिरकार अपने सामने मुंह बाए खड़ी समस्याओं का सामना करने से वह डर गया और बीती रात समय लगभग 10 बजे अंदर कमरे में फांसी के फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। मृतक के एक जवान पुत्री के अतिरिक्त दो छोटे पुत्र भी है।

घटना की सूचना पाकर उप निरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी, उप निरीक्षक दिनेश कुमार यादव मय हमराही मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने आकर घटनास्थल पर आसपास के नमूने लिए। रामपुरा थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 30वॉ वृत्त (वि0/ यॉ0) लो0 नि0 वि0, 96 महात्मा गॉधी मार्ग, लखनऊ

पत्रांक-3694/52CB-30/2024 दिनांक- 17/10/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, महोदय, उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिशत दर पर निविदाए अधोहस्ताक्षरी की ओर से दिनांक 23.10.24 से 28.10.24 तक की अपरान्ह 4:00 बजे तक बेची जायेगी। निविदा मूल्य जमा कर निविदा विद्युत अनुरक्षण खण्ड-1/2 लो0नि0वि0 लखनऊ कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुहरबन्द निविदाएँ दिनांक 29.10.24 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उक्त कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा दिनांक 29.10.24 को अपरान्ह 3:30 बजे जिलाधिकारी महोदय, लखनऊ के कार्यालय उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधयों के समक्ष खोली जायेगी। यदि दिनांक 29.10.24 को अवकाश होता है । तो निविदाएँ अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेगी। निविदा के साथ 100/- का जनरल स्टैम्प जिस पर रु0 1/- का रेवेनयू स्टैम्प ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षरित किया हुआ लगा हो, जमा करना अनिवार्य होगा । निविदाओं की स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

क्रम सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत	धरोहर धनराशि (रु. लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	नवीन भवन सचिवालय स्थित तिलक हॉल में साउण्ड सिस्टम से सम्बन्धित कार्य।	9.92 लाख	1.00 लाख	02 माह	766.00	मूल निर्माता/अधिकृत प्रतिनिधि जिन्हें इसी प्रकृति के कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो वही निविदा के पात्र होगे।
2	नवीन भवन सचिवालय स्थित तिलक हॉल में सिविल नवीनीकरण उपरान्त साउण्ड सिस्टम की शिफ्टिंग एवं पुनः स्थापित कराने सम्बन्धित कार्य	3.90 लाख	0.39 लाख	02 माह	677.00	मूल निर्माता/अधिकृत प्रतिनिधि जिन्हें इसी प्रकृति के कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो वही निविदा के पात्र होगे।

निविदा की अर्हताएं -
1. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दि0 28.10.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में विद्युत अनुरक्षण खण्ड नं0-2 लो0नि0वि0 लखनऊ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त प्रात्रताओं का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदादाता को जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा, उपरोक्त लागत में जी0एस0टी0 सम्मिलित है।
4. निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत अनुरक्षण खण्ड नं0 - 2 लो0नि0वि0 लखनऊ के पक्ष में बंधक को, लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत अनुरक्षण खण्ड-2
लो0 नि0 वि0, लखनऊ

www.upidadv.gov.in
R.O. No. 220990 Date-19/10/2024

अधीक्षण अभियन्ता 30वॉ
वृत्त (वि0 / यॉ0) लो0 नि0
वि0, लखनऊ

नीमा के चुनाव में डॉ. नवेश अध्यक्ष व डॉ. मनीष महामंत्री निर्वाचित

- नेशनल इण्ट्रीग्रेटेड मेडिकल एसोसियेशन नीमा शाखा उरई की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

नेशनल इण्ट्रीग्रेटेड मेडिकल एसोसियेशन नीमा शाखा उरई की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह स्टेशन रोड स्थित गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से निर्वाचित हुये डा. नवेश कुलश्रेष्ठ अध्यक्ष, डा. मनीष अग्रवाल महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष डा. उदयभान के साथ अन्य निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण करायी गयी। कार्यक्रम का संचालन डा. सहन बिहारी गुप्ता ने किया।

इससे पूर्व नेशनल इण्ट्रीग्रेटेड मेडिकल एसोसियेशन नीमा शाखा उरई की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव कराने के लिये चुनाव अधिकारी डा. सुमन गुप्ता व डा. वीपी साहनी की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद के लिये डा. नवेश कुलश्रेष्ठ के प्रस्तावक डा. सहन बिहारी गुप्ता, डा. राकेश रजन रहे। जबकि उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी डा. अरुण वीर के प्रस्तावक डा. एसपी सिंह, डा. आरआर दीक्षित रहे। महामंत्री पद के प्रत्याशी डा. मनीष अग्रवाल के प्रस्तावक डा. सुभाष थे, कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी डा. उदयभान के प्रस्तावक डा. राहुल दीक्षित, डा. संतोष अग्रवाल थे वहीं सहमंत्री पद के प्रत्याशी डा. जगदीश गुप्ता के प्रस्तावक डा. नरोत्तम गुप्ता थे। निर्वाचन प्रक्रिया में उक्त पांच पदों के लिये एक-एक प्रत्याशी के द्वारा पर्चा दाखिल करने के चलते सभी पांचों पदो के लिये सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हो गया। जबकि कार्यकारिणी के शेष पदों के लिये नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने चुनाव किया जिसमें स्टेट रिप्रेशेन्टेविक डा. सहन बिहारी गुप्ता व डा. आरके गुप्ता, संरक्षक मंडल में डा. रामरतन दीक्षित, आडीटर डा. नासिर खान व मीडिया प्रभारी डा. अविनाश सिंह का चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया सभी पदों की संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान संरक्षक मंडल के डा. आरआर दीक्षित के अलावा डा. एसपी बुधौलिया, डा. अविनाश सिंह सेंगर, डा. आरके गुप्ता, डा. संतोष अग्रवाल सहित अनेकों नीमा चिकित्सक शामिल हुये।

सजना के लिए सजने-संवरने की महिलाओं में रही होड़

▸ सौंदर्य प्रसाधन व साड़ी की दुकानों पर की खरीददारी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

करवाचौथ पर्व को धूमधाम से मनाने और सबसे अलग दिखने के लिए महिलाओं ने न सिर्फचूड़ी, साड़ी, जेवरात आदि की खरीददारी की। बल्कि ब्यूटी पार्लरों पर भी घंटों का समय देकर खुद को सजाया संवारा। जबकि ब्यूटी पार्लरों पर भीड़ अधिक होने के कारण महिलाओं को घंटों इंतजार भी करना पड़ा। व्रत अनुष्ठान के लिए आवश्यक सामग्री की खरीददारी भी महिलाओं ने की।

करवाचौथ पर्व के चलते महिलाओं ने रविवार को दिन भर बाजार में खरीददारी की। पूजा के दौरान कोई वस्तु न छूटे इसके लिए महिलाओं ने चिउरा, बताशा, गटटा, कैलेण्डर, करवा, सींक, मिष्ठान, वस्त्र, आभूषण आदि की खरीद कर तैयारियों को पूर्ण किया। जबकि संजने संवरने के लिए महिलाएं घंटों ब्यूटी पार्लर पर डटी रही। जहां महिलाओं ने लम्बे इंतजार के बाद सुंदर दिखने के लिए श्रृंगार कराया। तो वही ब्यूटी पार्लर संचालकों ने भी भीड़ अधिक होने के कारण मनमाने दाम बसूले। इसी तरह सौदर्य प्रसाधन, साड़ी, बर्तन, सर्राफा की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ लगी रही। करवाचौथ त्योहार पर अधिक बिक्री करने के लिए दुकानदारों ने भी दुकान को आकर्षक तरह से सजाया। बाजार में भीड़ अधिक होने के कारण कई बार जाम की स्थित भी उत्पन्न हुई। जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पीतल, स्टील सहित अन्य धातुओं के करवों की अपेक्षा मिट्टी के करवों की बिक्री अधिक रही। जबकि भीड़ अधिक होने के कारण दुकानदार भी व्यस्त नजर आए। देर शाम तक महिलाएं त्योहार को लेकर खरीददारी करती नजर आई। पुरूषों ने भी पत्नियों को खुश करने के लिए उपहार, वस्त्र, मिष्ठान आदि की खरीददारी की।

बाजार में खरीददारी करतीं महिलाएं।

करवा चौथ को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़, ब्यूटी पार्लरों पर भी लगी महिलाओं की लाइन

छिबरामऊ कन्नौज। सुहागिन महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार करवा चौथ रविवार को बनाया जाएगा। वही करवा चौथ को लेकर बाजारों में इस प्रकार पिछली बात की अपेक्षा अधिक खरीदारी हो रही है। महिलाएं कपड़े और गहनों की खरीदारी में लगी है बाजारों में इस बार महिलाओं द्वारा लाल रंग की साड़ी और नई इटालियन ज्वेलरी की विशेष मांग की जा रही है। करवा चौथ से पहले ही ब्यूटी पार्लर में महिलाओं की भी बढ़ने लगी है महिलाओं ने एडवांस में ही फेशियल करने से लेकर करवा चौथ के दिन मेकअप और सजने सवरने तक की बुकिंग करवा ली है। वहीं महिलाओं का कहना है कि करवा चौथ पर ब्यूटी पार्लर में भीड़ अधिक बढ़ जाती है। ब्यूटी पार्लर संचालकों ने करवा चौथ को लेकर ऑफर भी दे रखे हैं ब्यूटी पार्लर संचालक आरती गुप्ता ने बताया कि सजने सवारने के लिए एक सप्ताह पूर्व से ही महिलाएं ब्यूटी पार्लर में पहुंचने लगती है आरती, रेखा, मेकअप से पहले फेशियल करना जरूरी होता है इसलिए ब्यूटी पार्लर में फेशियल कर रही है जिन्हें फेशियल नहीं करना उन्हें सीधे करवा चौथ पर मेकअप के लिए बुकिंग कराई है।

जिला कारागार में बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

▸ 32 बंदियों को नेत्र परीक्षण के बाद बांटे गए चश्मे

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

कारागार में निरुद्ध बंदियों व कर्मियों के स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा शिविर का आयोजन जिला कारागार परिसर में किया गया। जिसमें नेत्र परीक्षण कर चश्मा व दवा वितरित की गई।

रविवार को जिला कारागार में अपर्णा हेल्थ फाऊंडेशन कानपुर व रोटरी क्लब संस्था कन्नौज द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का मुख्य अतिथि अपर सत्र न्यायाधीश नंदकुमार पटेल व अपर जिला जज लवली जायसवाल ने दीप प्रज्वंलित कर शुभारंभ किया। उन्होने कारागार में निरुद्ध बंदियां के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा पर विशेष ध्यान देने व सहायता हेतु आश्वासन दिया। शिविर में मेडिकल स्टाफ द्वारा 89 कर्मियों व बंदियो का परीक्षण किया गया। जिसमें 79 महिला व पुरूष बंदी व 05 कर्मियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इसके बाद 52 बंदी व 05 कर्मियों को दवा वितरित की गई। जबकि 32 बंदियों को चश्मा वितरित किए गए। इस दौरान जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान, रोटरी क्लब संस्था के उमाकांत शुक्ला, अमिताभ गुप्ता, सतनाम मटौलिया, पुष्कर कनौजिया, विवेक तिवारी, नेत्र चिकित्साधिकारी शुभम साहू, शुभम सिंह, सौरभ दुबे, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल उर्मिला सिंह, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, शिक्षाध्यापक मनोज कटियार आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य शिविर का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते अतिथि।

खबरें एक नजर में

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

मृतक साजिया

समधन, समृद्धि न्यूज़। विवाहित महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। समधन नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी आदिल शाह अपनी पत्नी साजिया बानो (23) वर्ष के साथ बीते करीब तीन वर्ष से नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित सरकारी कालोनी में दूसरी मंजिल पर कमरे में रहता है। वह रोज की तरह मजदूरी करने के लिये रविवार को भी चला गया जब वह काम करके दोपहर करीब एक बजे कमरे पर पहुंचा तो दरवाजे की कुण्डी अन्दर से लगी होने की वजह से आवाज लगाने पर पत्नी की ओर से जबाब न आने पर उसे शक हो गया तो उसने आनन-फानन में कमरे की दीवार में लगा रोशन दान के सहारे से कमरे में प्रवेश किया तो देखा पत्नी छत के पंखा की लगी कड़ी मे अपने दुपट्टे के बने फंदे में लटकी हुई थी जिसे देखकर उसके होश उड़ गये आनन-फानन में दुपट्टे के फंदे को काटकर नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी लगते ही सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई मृतक महिला की करीब तीन वर्षीय एक पुत्री है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। उधर समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह से इस घटना के बाबत जानकारी करने पर उन्होंने बताया कि अभी घटना की कोई जानकारी नहीं है। लिखित शिकायती पत्र मिलने पर जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

दंपति को मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। मोहल्ले के लोगों ने किसी बात को लेकर गाली गलौज की और दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी साधना देवी शर्मा पत्नी अनुज कुमार शर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मोहल्ले के तीन लोगों ने 19 अक्टूबर की शाम लगभग 07.30 बजे दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके पति को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वृद्ध को मारपीट कर किया घायल, दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। परिवार के लोगों ने समर की केबिल डालने के विवाद में गाली गलौज की और वृद्ध को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम इंदुईयागंज निवासी लगभग 65 वर्षीय श्याम सुंदर पुत्र पातीराम प्रजापति ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रविवार की दोपहर लगभग 12 बजे समर की केबिल डालने के विवाद को लेकर परिवार के 04 लोगों ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

महिला ने दुपट्टे से फांसी लगाकर की आत्महत्या

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। किसी बात से नाराज होकर महिला ने घर के कमरे में दुपट्टा का फंदा गले में कस कर पंखा पर लटकर जान दे दी। जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गई थी। कस्बा समधन के मुहल्ला आजाद नगर काशीराम कॉलोनी में निवासी मो. आदिल की शहनाज बेगम (28) ने रविवार की दोपहर किसी बात से आजिज आकर छत के पंखे से गले में दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मजदूरी करके घर लौटे युवक ने पत्नी को लटका देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। महिला की मौत से पुत्री तैयब (03) का रो-रो कर बुरा हाल है। समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

धूमधाम से आज निकलेगी श्री राम बरात

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। नगर के तिर्वा रोड स्थित नव निर्मित श्री आदर्श रामलीला समिति नई गल्ला मंडी द्वारा सोमवार की शाम लगभग सात बजे श्री राम की भव्य बरात का आयोजन किया जा रहा है। जिसे देखने के लिए नगर सहित क्षेत्र से लोग भारी संख्या में पहुंचेंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता ने दी।

मोमबत्ती जलाकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

पुराने सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में मोमबत्ती जलाकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अविनाश दुबे, पत्रकार मनोज शुक्ला एवं कार चालक कौशल कुमार तिवारी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

बुधवार को फतेहपुर से प्रयागराज जाते समय कार पर सवार कन्नौज के गोमती देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अविनाश दुबे, ग्वाल मैदान कन्नौज निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं वरिष्ठ नागरिक समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला तथा कार चालक कौशल कुमार तिवारी की हादसे में मौत हो गई थी। इस अवसर पर कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष विनोद दुबे ने कहा हादसे में इन तीनों की मौत से हम सभी स्तब्ध हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके परिवारों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस मौके पर कांग्रेस सेवा दल के महासचिव देवकीनंदन दुबे मुन्ना, आसाराम यादव, रामेंद्र सिंह चौहान, राजीव अग्निहोत्री, ज्ञान प्रकाश भारद्वाज, जितेंद्र कुमार यादव, अजय दुबे, बालिस्टर सिंह यादव, भैया लाल दुबे, राजेश कुमार एवं दिनेश पांडे आदि मौजूद रहे।

संगठन की मजबूती से हर कार्य में मिलेगी सफलता : अखिलेश

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन अवधेश की महापंचायत ग्राम जगतपुर में अखिलेश दुबे जिला उपाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने कहा संगठन की मजबूती से हर कार्य में सफलता मिलेगी।

संचालन कर रहे प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक ने बताया संगठन के जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ अरविंद कुमार दुबे के आवास पर ताला तोड कर लाखों रूपए के जेवर व नकदी चोरी हुई। संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस का सहयोग किया तथा थाना प्रभारी की कार्य कुशलता से चोरों को मय माल के गिरफ्तार किया गया। संगठन ने थाना प्रभारी सहित पुलिस की सराहना करते हुए सम्मानित किया। उस समय थाना प्रभारी ने संगठन को आश्वासन दिया था कि चारों शातिर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई कर लंबे समय तक जेल में रखने का प्रयास किया जाएगा किंतु चारों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई न होने पर अदालत द्वारा उनको जमानत दे दी गई। जमानत पर आने के उपरांत वह अपराधी लगातार दबाव बना रहे हैं। वादी व सहयोग करने वालों के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दे रहे हैं तथा पुनः अपराध करने लगे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी ने बताया यदि स्थानीय पुलिस द्वारा उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो इस संबंध में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को शीघ्र ही ज्ञापन देकर समस्या से अवगत करवा कर समाधान कराया जाएगा। इस बीच संगठन में तमाम नए पदाधिकारियों को जोड़ा गया। आशीष सक्सेना को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, प्रियांशी मिश्रा तहसील उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, भोगांव से आदित्य कुमार तहसील उपाध्यक्ष व राहुल कुमार तहसील सचिव, छिबरामऊ से अभिषेक दुबे तहसील सचिव, जितेंद्र कुमार तहसील सचिव, डॉक्टर सचिन तहसील सचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ, सुमित ठाकुर जिला महासचिव युवा प्रकोष्ठ, अंकित दुबे जिला सचिव सैनिक प्रकोष्ठ तथा संजीव तिवारी उर्फ टिल्लू तिवारी को प्रदेश सहायक सचिव नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, अश्विनी मिश्रा, आरके पाल, अरविंद दुबे एवं सैनिक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों ने नए पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा प्रदेश उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह यादव को संगठन में रुचि न रखने व लगातार किसान पंचायत में सम्मिलित न होने के कारण संगठन से निष्कासित किया गया।

वरिष्ठ पत्रकार को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

▸ पत्रकारों ने शोकसभा का आयोजन कर रखा दो मिनट का मौन

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी के निधन पर पत्रकारों ने शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि उनके निधन से एक युग का अंत हुआ है। पत्रकारिता सहित धार्मिक व सांस्कृतिक जगत को अपूर्णनीय क्षति हुई है।

रविवार को कान्यकुब्ज पत्रकार समिति गुरसहायगंज के द्वारा तिर्वा रोड स्थित केसी एजूकेशन सेंटर में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी स्वर्गीय मनोज कुमार शुक्ल के निधन पर दुख व्यक्त किया गया। पत्रकार केके श्रीवास्तव, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, संजीव चौहान, मनोज गुप्ता, राज गुप्ता, प्रदीप पाठक, अंशू पंडित, राजीव चौहान, रंजीत सिंह, पंकज वर्मा, नईम खान, नासिर अहमद आदि ने स्वर्गीय मनोज कुमार शुक्ल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर आत्म शांति के लिए प्रार्थना की। संपादक संजीव चौहान ने कहा कि स्वर्गीय मनोज कुमार शुक्ल का धार्मिक व समाजिक कार्यों में विशेष योगदान रहता था। धर्म, संस्कृति के प्रचार प्रसार और उसको गति देने के लिए उन्होने अंतिम समय तक कार्य किया। तमाम प्राचीन धरोहरों और देवालयों में नियमित आयोजन कराए। पत्रकारिता के विकास और रक्षा के लिए संघर्ष किया। पत्रकारों को हक व सम्मान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत रहे। जिला ब्यूरो मनोज गुप्ता ने कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्यों से समाज को एक राह मिली है।

स्वर्गीय मनोज कुमार शुक्ल को श्रद्धाजलि देते पत्रकार।

कंटेनर चालक ने फांसी के फंदे पर झूल कर की आत्महत्या

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत एक कंटेनर चालक ने आम के पेड़ से लटक कर आत्महत्या की

राहगीर द्वारा जब सबको आम के पेड़ से लटका देखा तब घटना की सूचना पुलिस चौकी सिकंदरपुर दी घटना स्थल पर चौकी प्रभारी के अलावा प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार पुलिस क्षेत्राधिकार ओंकार शर्मा पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल शुरू की

गुड्डू उर्फ अनिल पुत्र सियाराम उम्र 32 वर्ष निवासी रत्नापुर कन्नौज

करमुल्लापुर गांव के जीटी रोड के किनारे खड़े एक आम के पेड़कंटेनर चालक ने फांसी के फंदे पर झूल कर की आत्महत्या स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी सूचना मौके पर पहुंचे पुलिस जांच में जुटी मौके पर पहुंचे परिजनों में भी मचा कोहराम।

शनि देव की मूर्ति चोरी, पुजारी को जान से मारने की दी धमकी

▸ उमर्दा के प्राइमरी विद्यालय के निकट ब्रहमदेव मंदिर की घटना

▸ इंदरगढ़ पुलिस कर रही मामले की जांच पड़ताल

तिर्वा समृद्धि न्यूज। प्राथमिक विद्यालय उमर्दा के निकट एक धार्मिक स्थल में स्थापना के लिए लाई गई शनि देव की मूर्ति को कुछ अराजकतत्वों ने चोरी कर ली। संदेह के आधार पर जब कुछ लोगों से पूछताछ की, तो उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुजारी ने इंदरगढ़ थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है।

उमर्दा कस्बे में प्राइमरी विद्यालय के निकट ब्रहमदेव मंदिर बना हुआ है। उसकी पूजा अर्चना पुजारी महादेव उर्फ भोले व ठाकुर गिरी करते हैं। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उन्होने ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर परिसर में शनि देव की मूर्ति की स्थापना के लिए चंदा एकत्रित किया था। शनि देव की मूर्ति भी खरीद लाए थे। उस मूर्ति को 19 अक्टूबर को मंदिर परिसर में स्थापित कर दिया था। इसी दिन मध्य रात्रि के दौरान किसी ने शनि देव की मूर्ति मंदिर परिसर से चोरी कर ली। सुबह जब उन्होने प्राइमरी विद्यालय में तैनात कुछ लोगों से पूछा, तो उक्त लोग गाली-गलौज करने लगे और उसे जान से मारने की धमकी दी। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चैधरी ने बताया कि मिले शिकायत के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। जल्द ही चोरी गई मूर्ति को बरामद कर लिया जाएगा।

चिकन दुकानदार खुलेआम फैला रहे गन्दगी, राहगीर परेशान

▸ स्वागत द्वार गंदगी से करता है स्वागत

समधन, समृद्धि न्यूज़।

शासन के निर्देश पर नगर पंचायत की ओर जहां स्वच्छता मिशन अभियान चलाया जा रहा है वहीं दुकानों पर बिकने वाला मुर्गा चिकन से निकलने वाले पंख आदि को दुकानदार मैन सड़क किनारे फेंक कर खुलेआम गन्दगी को बढ़ावा दे रहे हैं जिससे आवागमन करने वाले राहगीर उसकी बदबू से अजिज आ चुके हैं। सड़क किनारे पड़े कचरे के पास कुत्तों का जमाबड़ा लगा रहता है आए दिन वाहनों से कुत्ते टकरा जाते हैं और कई कुत्तों की सड़क पर मौत हों चुकी मरे पड़े कुत्तों की महक से भी लोग काफी परेशान रहते हैं। समधन नगर के पश्चिमी स्वागत द्वार गेट के पास नगर में मुर्गा चिकन से निकलने वाले कचरे को दुकानदारों की ओर से गुरसहायगंज व फर्रुखाबाद मार्ग के मैन सड़क किनारे डालने से उस गन्दगी से जहां एक ओर राजकीय इण्टर कालेज को जाने वाले छात्र व छात्राऐ बदबू से परेशान हे वहीं सड़क से गुजरने वाले राहगीरों का निकलना दुशभार है। स्थानीय लोगों ने मुर्गा चिकन दुकानदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग अधिशासी अधिकारी से की है। उधर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह का कहना है कि उन्हें जानकारी नहीं है अब संज्ञान में आने पर खुलें स्थान पर मुर्गा चिकन का कचरा फेंकने वाले दुकानदारों के खिलाफ नोटिस भेजकर कार्यवाही की जायेगी।

मुख्य सड़क किनारे पड़ा चिकन का कचरा

बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, मौत

▸ जसोदा में बाजार करने आ रहा था युवक

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

बाइक से बाजार करने आ रहे युवक को कार के चालक ने अनियंत्रित गति से चलाते हुए टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम जसोदा के मैकूपुर्वा निवासी रामपाल सिंह यादव (20) रविवार की दोपहर लगभग 03 बजे बाइक पर सवार होकर घर से जसोदा बाजार में त्योहार के समानकी खरीदने करने के लिए आ रहा था। जैसे ही वह भट्टा गांव के सामने पहुंचा तभी गुरसहायगंज की तरफआ रही कार के चालक कुलदीप निवासी वीसरा मड़िया, राजेपुर फर्रुखाबाद की कार का टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई। इससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का एक भाई व एक बहन है। मौके पर पहुंचे जसोदा चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मौके पर कार को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में ले लिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मृतक रामपाल सिंह।

शराब पीकर चलाया वाहन, तो होगी कार्रवाई

▸ ठठिया रोड चैराहे पर नाबालिग ई-रिक्शा चालक को पकड़ा

▸ एक दर्जन दोपहिया वाहनों के काटे चालान

तिर्वा, समृद्धि न्यूज।

त्यौहारी सीजन में सड़को पर टैऊफिक कन्ट्रोल करने के लिए यातायात पुलिस ने रविवार को कस्बे के कई स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक नाबालिक को ई-रिक्शा चलाते पकड़ा। इसके अलावा करीब एक दर्जन दोपहिया वाहनों का चालान किया।

यातायात उपनिरीक्षक अरशद अली के नेतृत्व में रविवार को गांधी चैक चैराहा, इंदरगढ़ तिराहा व ठठिया रोड चैराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग में उपनिरीक्षक ने पाया कि नाबालिक सवारियों को बैठाकर ई-रिक्शा ले जा रहा था। इसपर उन्होने उसको रोका। ई-रिक्शा को थाने में खड़ा करा लिया। नाबालिक के परिजनों को थाने में बुलाकर उन्हे कड़ी हिदायत दी। बाद में जुर्माना भरवाकर ई-रिक्शे को छोड़ दिया। इसी तरह से अन्य स्थानों पर एक दर्जन दोपहिया वाहन चालकों का चालान किया गया। चेकिंग के दौरान यातायात उपनिरीक्षक ने वाहन चालकों को हिदायत दी कि वह शराब पीकर वाहन न चलाएं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें।

ठठिया रोड चैराहे पर दोपहिया वाहन चालक का चालान काटते टीएसआई अरशद अली

न्यायालय में अभियुक्त को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड से किया दण्डित

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली में पंजीकृत अभियोग में न्याया0 द्वारा अभियुक्त को में दोषी पाते हुये न्यायालय में अभियुक्त में आजीवन कारावास व रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किये।

अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री पूजा से दहेज की अतिरिक्त मांग करना न देने पर जान से मार देने के सम्बन्ध में थाना छिबरामऊ पर के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था, जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया।

पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में अभियुक्तों कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय जिला जज द्वारा अभियुक्त अंकित उर्फ मंगल सिंह पुत्र स्व0 नन्हे उर्फ सुरेन्द्र सिंह निवासी अल्हा थाना छिबरामऊ कन्नौज को आजीवन कारावास व 70,000 को रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

कानपुर नगर की टीम ने जीता चल वैजन्ती का पुरस्कार

- फतेहगढ़ की टीम रही उपविजेता
- अन्तरजनपदीय पुलिस जोन की प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कबड्डी प्रतियोगिता में भिड़ती कानपुर नगर व फतेहगढ़ की टीमें

चल वैजन्ती पुरस्कार के साथ कानपुर नगर की महिला टीम

अन्तरजनपदीय कबड्डी, खो-खो, फेंसिंग एंव जिम्नास्टिक क्लस्टर प्रतियोगिता का पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में रविवार को कानपुर नगर व फतेहगढ़ का फाइनल खेल हुआ। कबड्डी पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में कानपुर नगर विजेता तथा फतेहगढ़ की टीम उपविजेता रही।

कानपुर की टीम में अभिषेक कौशिक, मोहन कुमार, अर्जुन, नितेश कौशिक, राहुल कन्तल, अरुणेन्द्र सिंह, राहुल सिंह, भीमसेन, सचिन, रिंकू सिंह, ललित, सचिन द्वितीय तथा फतेहगढ़ टीम की तरफ से रोहित शुक्ला, तेजवीर, अंकित, तरुण, नितिन, किंग हिटलर, विजेन्द्र सिंह, गौरव, मुनवेन्द्र सिंह, मनीपाल, सुनील कुमार, जगदीश बघेल ने भाग लिया। महिला कबड्डी में कानपुर नगर विजेता तथा फतेहगढ़ की टीम उप विजेता रही। कानपुर नगर की महिला टीम में राजलक्ष्मी, खुशबू, गुंजन, ज्योति, ममता, रिका, बबली, प्रियंका द्विवेदी, सुमन, सुरभि, वंदना ने भाग लिया।

वहीं फतेहगढ़ टीम की तरफ से पूजा, वीनू सोन, देवकी कुमारी, प्रिया तोमर, भारती, राखी, कामिनी शर्मा, पूनम रश्मि ने भाग लिया। खो-खो पुरुष वर्ग में कानपुर नगर की टीम विजेता तथा फतेहगढ़ की टीम उप विजेता रही।

कानपुर नगर की टीम में मोहन कुमार, विजय यादव, राहुल यादव, रावेन्द्र कुमार, राहुल वाल्मीकि, विशाल सोमवंशी, अफजल खान, मंजीत सिंह, सचिन कुमार, अरुणेन्द्र सिंह, राहुल सिंह, बेदोसि मिश्रा ने भाग लिया। वहीं फतेहगढ़ की टीम की तरफ से अंकित, अंकित आर्या, मनीपाल, गौरव यादव, विजेन्द्र, तरुण, मुकेश पचौरी, राजकुमार, कृष्णपाल, तेजवीर, दिलीप कुमार, जगदीश बघेल ने भाग लिया। विजेता टीम को अमृतपुर सीओ ने पुरस्कृत किया गया। इस दौरान दीपिका त्रिपाठी व टीम के कोच मौजूद रहे।

डीएम के कड़े निर्देश पर किसानों को मिल रहा पर्याप्त उर्वरक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सरकारी गोदाम में लगी खाद

जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने किसानों की आलू की फसल को ध्यान में रखते हुए जनपद में आ रही उर्वरक की रैक से उर्वरक सीधे समितियों एवं बिक्री केंद्रों पर भेजे जाने का कड़ा निर्देश जिला कृषि अधिकारी एवं ए0आर0 कॉआपरेटिव को दिया है। इसका असर भी देखने को मिल रहा है कि चारों तरफ सड़कों पर उर्वरक के वाहन आपूर्ति करते दिखायी दे रहे हैं।

जिला कृषि अधिकारी बी0के0 सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि इस सप्ताह चम्बल कंपनी एवं इफको की दो रैक लगातार आने से आलू हेतु डी0ए0पी0 एवं एन0पी0के0 की उपलब्धता करायी जा रही है। इसी सप्ताह पी0पी0एल0 एवं आर0सी0एफ0 तथा कोरोमंडल की रैक से डी0ए0पी0 एवं एन0पी0के0 की आपूर्ति जनपद को हो रही है। इसी सप्ताह कृफको कंपनी की एन0पी0के0 की बड़ी रैक प्राप्त होने की सूचना मिली है। इसके बाद आलू हेतु उर्वरकों की कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कृषक भाइयों से अनुरोध किया कि केवल डी0ए0पी0 डालने पर मिट्टी की दशा खराब होने की सम्भावना बनी रहती है। आप लोग डी0ए0पी0 की जगह अन्य उर्वरकों से भी आलू में पोषक तत्वों की पूर्ति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान भाई 5-5 बोरी एक बार में उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं।

भांजी का ट्रैक्टर व जबरिया दुकान से परचून का सामान भरकर मामा फरार

- विरोध करने पर भांजी समेत दो महिलाओं को पीटा, ससुर के भी आयीं चोटें

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

अस्पताल में भर्ती घायल

भांजी के ट्रैक्टर पर अपना हक जताकर छीन लिया। साथ में परचून की दुकान से लगभग चार लाख रुपए का सामान जबरिया समेटकर फरार हो गये। वहीं विरोध करने पर गर्भवती भांजी सहित 2 महिलाओं एवं विकलांग ससुर के चोटें आयी हैं। घटना के संबंध में जब पीड़ित थाने में शिकायत करने गया, तो पुलिस ने उसकी शिकायत दर्ज नहीं की।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अलाउद्दीनपुर निवासी हजरत पुत्र हलीम शेख ने थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि मेरी बहू के मामू डाक्टर निजामुद्दीन ने नया ट्रैक्टर निकालने के लिए मेरी बहू से पुराने ट्रैक्टर के कागज एवं ट्रैक्टर मांगा।

कागज ना देने पर मारपीट की। जिसमें मेरी बहू जो चार माह की गर्भवती है उसके चोटें आयी हैं। बचाने आयी सास मुन्नी देवी व पति हजरत एवं विकलांग ससुर हलीम शेख को भी लाडी-डंडों एवं धारदार हथियारों से घायल किया एवं घर पर चल रही परचून की दुकान को अपने अज्ञात साथियों सहित सारा सामान ट्रैक्टर में भरवा लिया और मौके से फरार हो गए। शिकायत करने गए हजरत पुत्र हलीम शेख को पुलिस ने थाने में बैठा लिया एवं शिकायत भी दर्ज नहीं की।

जमीनी रंजिश को लेकर पीटा, दी तहरीर

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेरा पोस्ट सकवाई निवासी गोपाल पुत्र अनंत राम कोरी ने दी तहरीर में कहा है कि 19 अक्टूबर को रात्रि लगभग 11 बजे वह मजदूरी करके घर गया था, तभी पड़ोस के ही पुनीत पुत्र प्रेम सागर, तुलसी पुत्र पुत्तूलाल, विमला देवी पत्नी पुत्तूलाल, रूबी पत्नी तुलसी कोरी निवासीगढ़ उपरोक्त आये और गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। जब पीड़ित की पत्नी मीणा बचाने आई, तो उक्त लोगों ने पीड़ित की पत्नी के साथ भी मारपीट कर दी। जिससे पीड़ित के सर में तथा पत्नी के भी चोटें आईं। पीड़ित अपने मां-बाप का इकलौता है। इसलिए उसकी जानमाल का खतरा है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि तहरीर मिल गई है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

करवा चौथ पर सजा बाजार, मिट्टी के करवा व सामग्री की हुई बिक्री

करवा खरीदती महिला

बाजार में बिकती फूलों की मालायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

करवाचौथ के त्यौहार पर नगर में बाजार सज गया। मिट्टी के करवा और पूजा सामग्री की महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। वहीं फूलों की दुकानों पर ग्राहकों की खासी भीड़ रही।

करवाचौथ के त्यौहार पर नगर में दुकानें सज गयीं। महिलाओं ने पहुंचकर चूरा, कैलेंडर, गट्टा, सींक तथा मिट्टी के करवा की जमकर खरीददारी की।

वहीं साड़ियों की दुकानों पर भी महिलाओं की खासी भीड़भाड़ देखी गयी। महिलाओं ने अपनी मनपसंद की साड़ी खरीदी। ज्वैलरी की दुकानों पर भी महिलाओं ने पहुंचकर आभूषण खरीदे। हालांकि महंगाई के चलते ज्वैलरी की दुकानों पर ज्यादा भीड़भाड़ नहीं रही, लेकिन फिर भी महिलाओं ने कंजूसी दिखाते हुए खरीददारी की। इसके अतिरिक्त फूलों की भी दुकानों पर पुरुषों की भारी भीड़ देखी गयी। पुरुषों ने मालायें खरीदीं। फूलों की मालाओं के दाम आज दोगुने वसूले गये। कुल मिलाकर करवाचौथ के त्यौहार को लेकर बाजार में खासी रौनक रही। भीड़भाड़ के चलते कई जगह जाम की स्थिति भी देखने को मिली।

महिला सहित वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस हिरासत में अभियुक्तगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जहानगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 206/2024 धारा-85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्तगण 1. गुड्डी देवी पत्नी रमेशचंद्र, 2. ओमवीर पुत्र रमेशचंद्र निवासीगण बनपोई कोतवाली मोहम्मदाबाद जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दिनांक 19.10.2024 को को वादी हरिश्चंद्र पुत्र रामस्वरुप निवासी गढ़ाखेरा थाना जहानगंज ने दर्ज कराये गये मुकदमे में कहा कि दिनांक 17.10.2024 को समय करीब 14.30 बजे वादी की पुत्री वंदना ने ससुरालीजनों द्वारा दहेज में मोटर साइकिल व दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग से प्रताड़ित होकर आग लगा लेने से इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के संबंध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 206/2024 धारा-85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में पंजीकृत किया गया।

मारपीट करने पर प्राथमिकी दर्ज

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गांव जिंदापुर निवासी शकुंतला देवी पत्नी बृजराज सिंह राठौड़ ने प्राथमिक दर्ज कराई है कि गांव के ही अजीत व मोहित पुत्रगण राजेंद्र 17 अक्टूबर को रात्रि लगभग 11.30 बजे पीड़िता के पुत्र शिवकुमार को गांव में बज रहे डीजे को दिखाने के लिए बुलाकर ले गए थे तथा वहां पीड़िता के पुत्र के साथ उक्त लोग गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता के पुत्र ने मना किया, तो उक्त लोगों ने लात-घूसों तथा लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। जिससे पीड़िता के पुत्र को चोटें आईं। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया शिकायत दर्ज कर ली गई तथा मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

आगामी त्यौहारों के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी ने नगर में किया पैदल मार्च

पैदल मार्च करतीं सीओ व पुलिस बल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्राधिकारी ने पैदल मार्च किया तथा जनता से शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील की।

जानकारी के अनुसार रविवार को आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल गश्त किया। उन्होंने जनता से अपील की कि वह आगामी त्यौहारों पर शांति बनाये रखें और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को मनायें। उन्होंने कहा कि त्यौहार हमें आपस में मिल जुलकर रहना सिखाते हैं। कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए पुलिस हर सम्भव प्रयास कर रही है। साथ ही व्यापारियों से कहा कि वह अपनी-अपनी दुकानों के आगे वाहन अथवा भीड़भाड़ न होने दें। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो सके। पुलिस को देखकर ठिलिया चालक आदि गली कूंचों में घुस गये।

अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। जनपद कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र के ग्राम नगला मौजी निवासी अरुण कुमार पुत्र राम अवतार सिंह ने कायमगंज कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर मेरे भाई व उसके दोस्त को टक्कर मारकर घायल कर दिया। दोनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

पिता का इलाज कराने जा रहे भाई को भाई व भतीजों ने पीटा

- जमीन के बंटवारे को लेकर देवर व पुत्री के साथ की मारपीट

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरगांव निवासी अजय कुमार उर्फ पप्पू पुत्र गौरीशंकर ने तहरीर दी है कि पिता के पैर टूट जाने पर उनका इलाज करवाने के लिए दिन में 11 बजे ले जा रहा था, तभी शिवकुमार, संतराम पुत्रगण गौरीशंकर तथा गोविंद पुत्र शिवकुमार व आशीष कुमार पुत्र संतराम ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज किया।

जब पीड़ित ने विरोध किया, तो उक्त लोगों ने लात- घूसों व लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। मारपीट करते समय शैलेश तथा कुसमा देवी ने बचाना चाहा, तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी जिससे पीड़ित व पीड़ित को बचाने आए उक्त लोगों को भी चोटें आयी हैं। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि तहरीर मिल गई है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

वहीं दूसरी तरफ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरगांव निवासी श्यामा देवी पत्नी शिवकुमार ने दी गयी तहरीर में कहा कि पीड़िता सुबह लगभग 10 बजे घर के बाहर खड़ी थी, तभी गांव के ही शैलेश व अवनीश पुत्रगण अजय व अजय पुत्र गौरी शंकर बॉथम निवासीगण उपरोक्त आकर गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़िता ने मना किया, तो उक्त लोगों ने पीड़िता तथा पीड़िता की 18 वर्षीय पुत्री रिंकी तथा देवर दिलेराम के साथ मारपीट कर दी। जिससे सभी के चोटें आई है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि तहरीर मिल गई है। मामले की जांच करके कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

पोर्टल पर फीडिंग कार्य में रुचि न लेने वाले बीपीएम को फटकार

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में यूविन पोर्टल, संचारी रोग नियंत्रण एवं हर घर नल जल योजना से संबंधित बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने यू विन पोर्टल पर वैक्सीनेशन की फीडिंग कार्य में रुचि न लेने वाले बीपीएम को फटकार लगाते हुए कहा कि अब बहाना बनाना छोड़कर यू विन पोर्टल पर सभी जन्मे बच्चों की फीडिंग शत प्रतिशत की जाए और डिलीवरी प्वाइंट पर ही रजिस्ट्रेशन किया जाए। अभी तक जिन बच्चों का यू विन पोर्टल में फीडिंग का कार्य नहीं हुआ है। अगली बैठक तक कार्य पूर्ण कर लिया जाए। नहीं तो नौकरी छोड़ने को तैयार रहे। अब लापरवाही करने वालों को किसी भी प्रकार से बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि भ्रामक व गलत फीडिंग करने वाले ऐसे लोगों पर यथाशीघ्र विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि यू विन पोर्टल में जो कमियां है। उसे ठीक कराकर और बेहतर ढंग से संचालन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां वैक्सीनेशन का कार्य नहीं हुआ है। टीम द्वारा स्पेशल कैंप लगाकर वैक्सीनेशन कराया जाए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

- डीएम बोले निर्धारित समय में यू- विन पोर्टल पर फीडिंग न करने वाले बीपीएम की जाएगी नौकरी

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित कर संचारी रोग नियंत्रण में अपनी-अपनी महती भूमिका निभाएं। जो हॉट स्पॉट एरिया चयनित किए गए हैं वहां स्प्रे, फॉगिंग, साफ़ सफ़ाई कराने के साथ ही स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सीडीपीओ और डीपीओ दस्तक अभियान के तहत माइक्रो प्लान बनाकर आंगनवाड़ी और आशाओं की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान से संबंधित कार्यक्रम कराएं जाएं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सभी गौशालाओं का विजिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर नल जल योजना के अंतर्गत निर्देश दिए कि जिन पानी टंकियों में विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था नहीं है उसकी सूची उपलब्ध कराई जाए। जहां पानी की सप्लाई शुरू हो जाए। रोड रिपेयरिंग का कार्य शीघ्र किया जाए। शुद्ध पेयजल हेतु पानी की टेस्टिंग समय समय से की जाए।

जिलाधिकारी ने साधन सहकारी समिति का किया निरीक्षण, सचिव को दिए निर्देश

कन्नौज। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने विकास खण्ड उमर्दा क्षेत्र के अन्तर्गत साधन सहकारी समिति खामा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कृषकों को एनपीके उर्वरक के वितरण की जॉच की तथा समिति के सचिव को निर्देश दिये कि कृषकों को उनकी जोत के अनुसार ही उर्वरकों का वितरण किया जाये। कहा कि प्रतिदिन जनपद की सहकारी समितियों से उर्वरक वितरण की सूचना उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी/ कर्मचारी की उपस्थित/देख-रेख में उर्वरकों का वितरण कराया जा रहा है। कहा कि वर्तमान में जनपद में लगभग 35-40 प्रतिशत क्षेत्रफल में आलू की गडाई हो चुकी है। उर्वरकों का संतुलित मात्रा में ही उपयोग किया जाए। जिससे आलू की फसल को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त हो सके तथा उर्वरकों के असंतुलित मात्रा में प्रयोग से होने वाले मृदा, वायु एवं जल प्रदूषण के साथ लागत को भी कम किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के खुदरा बिक्रेताओ के पास 1603 मी0टन डीएपी, 5310 मी0टन एनपीके, 4760 मी0टन एसएसपी 13096 मी0टन यूरिया और 2358 मी0टन एमओपी की उपलब्धता है। जनपद में लगभग 253 निजी एवं सहकारी उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर डीएपी एवं 610 केन्द्रों पर एनपीके, एसएसपी एवं एमओपी उपलब्ध है। उन्होंने कृषक भाइयों से अपील कि फसलों में उर्वरक का प्रयोग संतुलित मात्रा में करें और अपनी जोत और फसल की आवश्यकतानुसार ही उर्वरक का क्रय करें। कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता है। इसलिए किसान भाई अनावश्यक भंडारण बचे। यदि किसी भी किसान भाई को कोई भी समस्या हो तो जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नं 8272893015 एवं 933567380 पर या लिखित रूप में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने जनपद के समस्त सहकारी एवं निजी क्षेत्र के उर्वरक बिक्रेताओं को निर्देशित किया है। कि कृषकों को उनकी जोत एवं फसल की संस्तुति के आधार पर ही उर्वरक का वितरण करे। यदि उर्वरक के भण्डारण एवं वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता पायी जायेगी। तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इसी कड़ी में जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता द्वारा साधन सहकारी समिति अगौस, इन्दरगढ एवं तिर्वा समिति का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जेल में शिविर लगाकर निरुद्ध बंदियो का किया नेत्र परीक्षण

नेत्र शिविर में परीक्षण करते चिकित्सक

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

अर्पणा हेल्थ फाउण्डेशन कानपुर एवं रोटरी क्लब संस्था कन्नौज के द्वारा बंदियों की नेत्र सम्बन्धी समस्याओं के निवारण के लिए अनौगी स्थित जिला कारागार पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अपर सत्र न्यायाधीश नन्द कुमार पटेल व विशिष्ट अतिथि लवली जायसवॉल अपर जिला जज ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि व विशिष्टि अतिथि द्वारा कारागार में निरूद्ध बंदियों को उनके स्वास्थ्य एवं उनकी चिकित्सा पर विशेष ध्यान में सहायता करने हेतु पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। शिविर में 84 बंदियों (पुरूष-79, महिला-05) व 05 कार्मिकों की ऑखों का परीक्षण किया गया। परीक्षणोपरान्त 52 बंदियों कों तथा 05 कर्मिकों को दवा वितरित की गयी। तथा 32 बंदियों की नजर कमजोर पायी गयी। जिनकों मौके पर ही चश्में वितरित किये गये। इस मौके पर जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉन, रोटरी क्लब संस्था जिलाध्यक्ष उमाकान्त शुक्ला, चार्टर प्रसीडेंट अमिताभ गुप्ता, सतनाम मतौलिया, पुष्कर कनौजिया, विवेक तिवारी, नेत्र चिकित्साधिकारी शुभम शाहू, शुभम सिंह, सौरभ दुबें सहित जेल स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षाध्यापक मनोज कुमार कटियार ने किया।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रवासी बनाकर भेजे गए साइबर योद्धा

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही उत्तर प्रदेश के प्रमुख साईबर योद्धाओं को महाराष्ट्र प्रवास पर भेज दिया गया। जिसमें लोकसभा कन्नौज से भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अभिषेक पाण्डेय और कानपुर देहात लोकसभा से पूर्व लोकसभा विस्तारक महोबा विनीत शुक्ला को चयनित विधानसभा में भेजा गया। इससे पहले अभिषेक पाण्डेय को संगठन ने बिहार विधानसभा चुनाव, मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव और मैनपुरी उप चुनाव में प्रवास पर भेजा था। वहीं विनीत शुक्ला पहले महोबा लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में, राजस्थान विधानसभा चुनाव में प्रवास पर रहे हैं। अब संगठन के निर्देश पर महाराष्ट्र की नाशिक जिले की विधानसभाओ में साईबर योद्धा प्रवास कर रहे हैं।

सपा निष्क्रिय पदाधिकारियों की करेगी छुट्टी

▸ अनुपस्थित नेताओं की सूची बनाकर दिया जायेगा नोटिस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य एजेंडा में गत माह की कार्यवाही की पुष्टि की गई। बैठक में विधानसभा वार हर बूथ पर एक-एक बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति व वोट बढ़ाने को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही जनपद में साइकिल यात्रा निकालने पर भी विचार किया गया। सभी की राय लेने के बाद जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की ओर से निर्णय लिया गया कि बॉर्डर से बॉर्डर तक साइकिल यात्रा निकाली जाएगी। पार्टी में अनुशासनहीनता करने वालों पर उचित लिखित कार्रवाई करने पर विचार कर प्रदेश कार्यालय को भेजने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि पार्टी के निर्देशानुसार सभी विधानसभा अध्यक्षों, जिला फ्रंटल अध्यक्षों को तय तिथि पर मासिक बैठक करनी होगी। बैठक में जिला संगठन से प्रभारी नामित किए गए जो बैठक की रिपोर्ट व फोटो एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति की रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। वही रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को भेज दी जाएगी। चंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि 5 नवंबर को चारों विधानसभाओं की मासिक बैठक होगी। पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि हमें सबसे प्रमुख तौर पर अपने वोट को बढ़ाने के काम में गंभीरता से कार्य करना चाहिए। अगर हर कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर वोट बढ़ा ले गया तो आने वाले 2027 के चुनाव में जनता साइकिल निशान पर मोहर लगाने के लिए तैयार बैठी है। भोजपुर विधानसभा के प्रभारी अरशद जमाल सिद्दीकी ने कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर 5000 वोट बढ़वाएंगे व जनपद में प्रायोजित साइकिल यात्रा में पूरा सहयोग देंगे। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने अनुपस्थित नेताओं की सूची बनाकर जिला महासचिव इलियास मंसूरी को निर्देश दिए कि वह उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करें, साथ ही कहा कि लगातार दो मीटिंगों पर ना आने पर दूसरे लोगों को इस पद पर नियुक्ति कर दी जाएगी। सिर्फ नाम के नहीं काम के लोग होने चाहिए। पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग लगातार प्रयासरत रहते हैं कि आपके लोगों के किस प्रकार वोट कटवाए जाएं, हमें नए वोट बनवाने के साथ-साथ चुनाव के अंतिम समय तक यह देखना होगा कि किसी भी साथी का वोट ना कटे। उन्होंने अपने जिला पंचायत क्षेत्र में बीएलए और वोट बढ़ाने की जिम्मेदारी ली। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर ने कहा कि जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करते हैं और इनका सम्मान पार्टी के प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने कहा कि पार्टी में सभी लोगों को एकजुट होकर के पार्टी के उत्थान की दिशा में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उदय प्रताप भोला यादव, नरेंद्र सिंह यादव, रमेश चंद कठेरिया, मसरूर अली खान, सुभाष चंद्र शाक्य, डॉ0 नवरंग सिंह यादव, सिराजुल अफाक मुन्ना, प्रभात यादव, रामपाल सिंह यादव, नीलम सिंह चौहान, बिल्लू श्रीवास्तव, अश्वनी यादव, रवि यादव, मनोज यादव, पूजा कठेरिया, नंदकिशोर दुबे, विनीत परमार, साजिद अली खान, अनुराग यादव, विजय अनुरागी, जय राजपूत, संजीव सिंह अंबेडकर, करण सिंह यादव, ईश्वर दयाल यादव आदि लोग मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया।

सपा ने विधानसभावार बनाये प्रभारी

बैठक को सम्बोधित करते पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कायमगंज विधानसभा की मासिक बैठक के प्रभारी जिला सचिव पीयूष यादव, अमृतपुर विधानसभा की बैठक के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, सदर विधानसभा के प्रभारी जिला सचिव आकिल खान, भोजपुर विधानसभा के प्रभारी जिला सचिव उदय भान पाल को बनाया गया। 8 नवंबर को युवजन सभा, यूथ ब्रिगेड, लोहिया वाहिनी, छात्र सभा, व्यापार सभा, महिला सभा व अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक होगी। युवजन सभा के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना, यूथ ब्रिगेड के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सुमित शाक्य, लोहिया वाहिनी के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र शाक्य, छात्र सभा के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, व्यापार सभा के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सिराजुल आफाक मुन्ना, महिला सभा के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष डॉ0 नवरंग सिंह यादव, अधिवक्ता सभा के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष रामसनेही मुन्ना यादव को बनाया गया। 9 नवंबर को अल्पसंख्यक सभा, शिक्षक सभा, बाबा साहब वाहिनी, मजदूर सभा, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक होगी। जिसमें अल्पसंख्यक सभा के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद चांद खां, शिक्षक सभा के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शाक्य, बाबा साहब वाहिनी के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मसरूर अली खान, मजदूर सभा के प्रभारी जिला सचिव शिव शंकर शर्मा, पिछड़ा वर्ग के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सौरभ कटियार, अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र कठेरिया, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रभारी जिला सचिव मुजिबुल हसन को बनाया गया। प्रदेश कार्यालय से मिले निर्देश के अनुसार अब जिला संगठन की मासिक बैठक प्रत्येक माह की 7 तारीख को होगी।

सपा कार्यालय पर अखिल कठेरिया का हुआ स्वागत

अखिल कठेरिया का स्वागत करते सपा नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 इमरान ने अपनी राष्ट्रीय कमेटी में वनखड़िया फतेहगढ़ निवासी अखिल कठेरिया को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य नामित किया है।

अखिल कठेरिया के छात्रसभा के राष्ट्रीय सदस्य बनने पर पार्टी कार्यालय पर फूल मालाओं से रविवार को स्वागत किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव व जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने माला पहनाकर अखिल कठेरिया का स्वागत किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, जिला प्रवक्ता विवेक यादव, अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भोला यादव, पूजा कठेरिया, बिल्लू श्रीवास्तव, मसरुर खां, नंदकिशोर दुबे, शिवशंकर शर्मा, विनीत परमार, साजिद अली खान, अनुराग यादव आदि लोग मौजूद रहे।

मारपीट के मामले में फरार चल रहे पांच आरोपी गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मारपीट व जान से मारने की नियत से फायर करने तथा जानमाल की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों को पुलिस ने तमंचा कारतूस व बंदूक सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना जहानगंज के गांव मझगांव निवासी गौरव पुत्र बांकेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि 19 अक्टूबर को सुबह 9 बजे वह अपने परिजनों के साथ खेत में आलू की बुआई कर रहे थे, तभी विपक्षियों द्वारा ट्रैक्टर से मेरे खेत की मेड़ काट दी गई। जिसका मैंने व मेरे परिजनों ने विरोध किया तो कमलेश पुत्र रमेश, विमलेश, कौशलेन्द्र पुत्रगण रमेश, राहुल पुत्र रामबाबू, अश्वनी, जयचन्द्र पुत्रगण अमरभान, रमेश, अमरभान, रामबाबू पुत्रगण रामस्वरुप एकराय होकर लाठी-डंडा, सरिया, टकोरा, फावड़ा, नाजायज असलाहों से लैस होकर आये और गाली-गलौज कर मारपीट शुरु कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। रविवार को थानाध्यक्ष जितेन्द्र पटेल, उपनिरीक्षक रामबाबू सिंह, उपनिरीक्षक धीरज कुमार, उपनिरीक्षक राजकुमार ने अपने हमराहियों के साथ मुखबिर की सूचना पर अश्वनी, जयचन्द्र पुत्रगण अमरभान, अमरभान पुत्र रामस्वरुप, विमलेश, कमलेश पुत्रगण रमेश चन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि अपने खेत में आलू की बुआई कर रहा था। खेत जोतते समय गांव के बांकेलाल की थोड़ी से मेड़ कट गयी थी। इसी को लेकर वह अपने परिजनों के साथ गाली-गलौज करने लगा। इस विवाद में हम लोगों ने लाठी-डंडा से मारपीट कर अवैध असलहे से फायर किया। भीड़ इकट्ठा होने पर हम लोग भाग गये। आरोपियों की निशानदेही से पुलिस को दोनाली लाइसेंस बंदूक 12 बोर व एक कारतूस, एक तमंचा 315 बोर व कारतूस, टकोरा बरामद हुआ। पुलिस ने पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया।

पुलिस हिरासत में आरोपी

पाला अधिक पड़ने पर लग सकता है झुलसा रोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फर्रुखाबाद की अर्थव्यवस्था आलू पर विशेष : जनपद के शीतगृहों में भंडारित आलू की निकासी वर्तमान स्थिति में लगभग 65 से 70 प्रतिशत हो चुकी है और 31 अक्टूबर तक निकासी 75 से 80 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। भाव में आलू छोटा साइज बीज 650 से 800 रुपए पैकेट है। छट्टा साइज आलू 900 से 1200 रुपए पैकेट बिक्री हो रही है। नया बीज 1500 से 1800 रुपए पैकेट (50 किलो) बिक रहा है। नया आलू दिसम्बर में मंडी में सही ढंग से पहुंचेगा। किसान आलू लगाने के लिए युद्धस्तर पर जुटा हुआ है। अगर किसानों को खाद समय से उपलब्ध होती रहेगी तो 15 नवम्बर तक आलू की गुड़ाई हो जायेगी। अबकी बार ज्यादा ठंड पड़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिससे आलू में झुलसा रोग लगने की संभावना हो जायेगी। जिन प्रजातियों में झुलसा नहीं लगता उनमें चिप्सोना, संगम, नीलकंठ, सुख्याति आदि उनको किसान लगायें। आलू की सुख्याति, संगम, कुफरी किरण, कुफरी उदय, कुफरी लोहित, मोहन लाल, जीफाइव आरए यह नई आलू की प्रजातियां हैं।

विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने संजय गर्ग को जन्मदिन पर किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजिक व साहित्यिक संस्था संस्कार भारती के पूर्व अध्यक्ष तथा वरिष्ठ व्यापारी नेता और समाजसेवी संजय गर्ग के जन्मदिन पर नगर पालिका परिषद के सभासदों ने उनके प्रतिष्ठान पर जाकर फूल मालाओं से स्वागत कर जन्मदिन मनाया। संजय गर्ग ने कहा कि सभी समाज एवं व्यापारी व सभासदों ने जो सम्मान दिया है मैं उनका आभारी हूं। देर शाम तक संजय गर्ग को बधाई दी गई। संस्कार भारती के अलावा भारत विकास परिषद, व्यापारियों एवं लांयस क्लब द्वारा उन्हें बधाई दी गई। इस मौके पर सभासद अनिल तिवारी, बाबू अग्निहोत्री, अतुल शंकर दुबे, अभिषेक अग्निहोत्री, विश्वनाथ राजपूत, नन्हे पण्डित, नवनीत कन्नौजिया व भाजपा नेता अभिषेक त्रिवेदी, रोहित शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

संजय गर्ग को सम्मानित करते सभासद

ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जनपद के खिलाड़ियों ने जीते पदक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

ओपन ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 19 अक्तूबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में ताइक्कांडो द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के 19 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

खिलाड़ियों ने अपना उत्तम प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन किया। कोच आदित्य राठौर, सहकोच सागर दिवाकर एवं टीम मैनेजर रूबी के सानिध्य में टीम कुशल अनुशासन के साथ सफल प्रदर्शन किया। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन फर्रुखाबाद की अध्यक्ष डॉ0 रजनी सरीन एवं सचिव अजय प्रताप सिंह ने बधाई दी। प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी मुस्कान राजपूत सीनियर अंडर-62 मेंस्वर्ण, निकेता दुबे सीनियर अंडर-67 में स्वर्ण, हंसिका पाल सीनियर वर्ग अंडर-73 में स्वर्ण, रूबी सीनियर वर्ग अंडर-53 में रजत, वंशिका जैन सीनियर वर्ग अंडर- 57 में रजत, काव्या गंगवार कैडेट अंडर-152 में रजत, अत्रिक अग्निहोत्री कैडेट अंडर-48 रजत, पायल सीनियर अंडर-46 कांस्य, फैज खान जूनियर अंडर-73 कांस्य, पूर्वी गौतम कैडेट अंडर-148 कांस्य, अर्नव चौहान सब जूनियर अंडर-50 कांस्य पदक जीता है।

मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

संगठन विरोधी गतिविधियों के चलते व्यापार मण्डल से प्रमोद गुप्ता पदमुक्त

▸ जिलाध्यक्ष सहित जिला कमेटी भंग है, मुझे पदमुक्त करने का कोई अधिकार ही नहीं है : प्रमोद गुप्ता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उद्योग व्यापार मण्डल के जिला संयुक्त महामंत्री प्रमोद गुप्ता को संगठन विरोधी कार्यवाहियों में संलिप्ता के कारण पद से हटाया गया है। उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ने प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा को पत्र भेजकर अवगत कराते हुए संगठन विरोधी गतिविधियों में संलिप्ता पाये जाने के चलते उन्हें संयुक्त जिला महामंत्री पद से पद मुक्त कर दिया है।

पिछले कई दिनों से प्रमोद गुप्ता द्वारा संगठन विरोधी कार्य किया जा रहा था। जिससे संगठन को क्षति हो रही थी। उनके इस व्यवहार के चलते कार्यवाही की गई है।

व्यापारी प्रमोद गुप्ता

जबकि प्रमोद गुप्ता ने बताया कि जिलाध्यक्ष सहित जिला कमेटी भंग है। उन्हें पदमुक्त करने का कोई अधिकार ही नहीं है। इस बात की जानकारी उन्होंने प्रदेश महामंत्री को दी तो उन्होंने अपनी नाराजगी जतायी। ऐसे में जब संगठन भंग है तो पद देने या मुक्त करने की बात सही क्या गलत प्रदेश नेतृत्व तय करेगा।

महिला की मौत के मामले में पति सहित चार ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सुरालीजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज को लेकर उत्पीड़न करने के चलते महिला ने आग लगा ली। जिससे वह गंभीर रुप से झुलस गयी और उसकी उपचार के दौरान मौत हो जाने के मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर पति सहित चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार हरिश्चन्द्र पुत्र रामस्वरुप निवासी ग्राम गड़ा खेड़ा थाना जहानगंज ने मोहम्मदाबाद पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि मेरी पुत्री वंदना का विवाह ओमवीर पुत्र रमेश चन्द्र निवासी बनपोई कोतवाली मोहम्मदाबाद के साथ हुआ था। शराबी पति की मारपीट से परेशान वंदना पत्नी ओमवीर सिंह उम्र 31 वर्ष करीब तीन माह से थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम गड़ाखेड़ा में अपने मायके में रह रही थी। पिता हरिश्चंद्र राजपूत ने बताया करवाचौथ के त्यौहार को लेकर पुत्री वंदना परेशान थी, जबकि उसका पति ओमवीर सिंह आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। पुत्री कह रही थी कि जब पति ही इस तरह का व्यवहार करता है तो फिर करवाचौथ का व्रत रखने का क्या फायदा। जिससे परेशान वंदना ने गुरुवार शाम आग लगा ली थी। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गयी। जिसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित चार ससुरालीजनों के विरुद्ध धारा ८५/८०(२) बीएनएस व ३/४ डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

मां गंगा सेवा समिति ने रानी घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

गंदगी साफ करते पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ ने गंगा स्वच्छता पर्यावरण सुरक्षा के अंतर्गत रविवार को रानी घाट गंगा तट पर करवा चौथ के पावन अवसर पर गंगा मैया की विशेष साफ-सफाई की। समिति पदाधिकारियों ने घाट पर पहुंचकर देखा कि बारिश के मौसम और जल विस्तार के कारण रास्ता खराब हो चुका था। सदस्यों ने फावड़े आदि की सहायता से सुगम रास्ते का निर्माण किया। पदाधिकारियों ने घाट पर बिखरी पॉलीथिन का भूविसर्जन किया और समस्त श्रद्धालुओं से आने वाले दीपावली पर्व के लिए आग्रह किया कि आप मिट्टी से बनी हुई मूर्ति ही स्थापित करें और उनका घर पर ही भूविसर्जन करें। इस अवसर पर आलोक चतुर्वेदी, जय ओम, अनुज प्रताप सिंह, नीतू मिश्रा, आशीष मिश्रा, देव चतुर्वेदी आदि गंगा सेवक उपस्थित रहे।

करवाचौथ पर्व: सुहागिनों ने चन्द्रमा को अर्घ्य दिया तो जीवंत हो उठीं परम्परायें

चॉद को देखकर पूजा अर्चना करतीं सिंधी समाज की महिलाएं

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सुहागिनों के अखंड सौभाग्य का त्योहार करव चतुर्दशी (करवाचौथ) के पर्व की धूम देर शाम तक दिखायी देती रही। सोलह श्रंगार में सजी महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए मंगलगानों के बीच चंद्रमा का परछन करके अर्घ्य दिया तो ऐसा लगा जैसे भारतीय परंपरायें जीवंत हो उठी हों। पतियों के माथे पर तिलक करके पत्नियों ने उनकी दीर्घायु की कामना की और चौथ के चन्द्रमा की तरह निरंतर उनका यश, वैभव, सुख व समृद्धि में निरन्तर बढ़ोत्तरी होने की कामना की। नवविवाहिताओं का उत्साह चरम पर रहा और उन्होंने सुहाग का जोड़ा पहनकर पति की दीर्घायु के लिए कामना की। दिन भर उपवास रखकर महिलाओं ने शाम की पूजा की तैयारियां की। जैसे-जैसे समय बढ़ता गया वैसे-वैसे त्योहार शबाब पर आता गया। घर-घर में अपनी-अपनी रीति रिवाजों के अनुसार पति की दीर्घायु एवं उनके लिए मंगल कामना का पर्व करवाचौथ धूमधाम के साथ मनाया गया। हिन्दू समाज के विभिन्न वर्गों में अपने-अपने तरीके से महिलाओं ने पूजा अर्चना की।

इसके साथ ही दीपावली की पर्व श्रंखला का आगाज हो गया। घरों की अंगनाई में चंद्रमा का बृहद चित्र बनाकर पूजा की गयी और उदीयमान चन्द्रमा को प्रणाम करके महिलाओं ने अर्घ्य दिया। बच्चों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। पूजा की तैयारी के लिए बच्चे दिन भर भागमभाग में लगे रहे। महिलाओं ने गतदिवस की गयी तैयारियों के बाद आज पूरे दिन पूजा की तैयारी में ही बिताया। निर्जला व्रत रखकर पतियों के लिए मंगल कामना करने वाली महिलाओं ने पूजा के उपरान्त बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर तथा पति से आर्शीवाद लेकर जल ग्रहण किया। नगर में चारों ओर शाम के समय सुसज्जित महिलाओं के समूह की धूम रही। सुर्ख साड़ियों में नव विवाहिताओं का श्रंगार निखरा तो ऐसा लगा जैसे उन्हें देखकर चन्द्रमा मुस्करा रहा हो। बुजुर्ग महिलाओं ने नई पीढ़ी की बहुओं को करवाचौथ व्रत की कथा सुनाकर दिये गये संदेशों का सदैव पालन करने और पति के साथ सामन्जस्य बिठाकर रहने का संदेश दिया।

कोमल ने बताया करवाचौथ के दिन निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र की कामना के साथ स्वस्थ्य रहने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ। शाम को परिवार की महिलाओं के साथ चांद को देखकर व्रत खोलती हूँ। बहुत अच्छा अनुभव महसूस कर रही हूँ। **कृति** ने बताया कि मेरी शादी के छह माह हो चुके हैं। पहली बार व्रत रखा है। मेरे परिवार की सास और सभी लोगों का पूरा सहयोग मिला है। आज के दिन मनचाहा उपहार मिलता है और सुहागिनें अपने पति की लंबी आयु के लिए पूजा करती है। **राधिका डवानी** ने बताया दुल्हन के रुप में दूसरी बार व्रत रखा है। यह मौका जीवन में हर बार आये। पूरे दिन पूजा की थाली सजायी और पकवान बनाये और चंद्रमा की पूजा के साथ सबका आर्शीवाद लिया। थाली को सजाकर एक दूसरे को पांच बार अदान प्रदान किया। इस मौके पर सिंधी कालोनी में नीलम अरोड़ा, जिया, गरिमा, नंदनी, लीना कपलानी, नेहा कपलानी, सौम्या, कोमल उचानी, सीमा, प्रशा, अंजू, पूनम, अवनी, ज्योति, कविता, सीमा, नीलम, कृति, लता आदि महिलायें मौजूद रहीं।

पूजा अर्चना के दौरान कोमल

कृति

राधिका डवानी

▸ पतियों के लिए की दीर्घायु होने, सुखी व समृद्ध होने की कामनाएं

▸ बच्चों ने जमकर छुड़ाई आतिशबाजी

चलनी में चांद को देखती अवनी

करवाचौथ पर पूजन करतीं सिंधी समाज की महिलाएं

सुविधा : महाकुंभ में श्रद्धालुओं को मिलेगी स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा

समृद्धि न्यूज

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश की योगी सरकार महाकुम्भ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान कर रही है। शहर के अतिरिक्त कुम्भ क्षेत्र में आगंतुकों के ठहरने के लिए टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। टेंट सिटी के साथ ही पहली बार अत्याधुनिक स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा प्रदान किए जाने पर विचार किया जा रहा है। पर्यटन विभाग ने इसके लिए रोडमैप तैयार कर लिया है और यदि सब कुछ सही रहा तो इस बार श्रद्धालुओं को स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा प्रदान की जा सकती है।

प्रयागराज के जंक्शन रेलवे स्टेशन में स्लीपिंग पॉड की सुविधा प्रदान करने के बाद अब कुम्भ क्षेत्र में भी श्रद्धालु और पर्यटक विश्वस्तरीय सुविधाओं वाले स्लीपिंग पॉड्स का आनंद उठा सकेंगे। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि कुम्भ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए परेड ग्राउंड में परम्परागत टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा अरैल और झूंसी में भी पीपीपी मोड पर लग्जरी सुविधाओं वाली दो टेंट सिटी बसाई जा रही हैं। टेंट सिटी को लेकर पर्यटकों और श्रद्धालुओं का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के मुताबिक अरैल में 2000 टेंट की क्षमता वाली टेंट सिटी में अभी 1600 टेंट की बुकिंग हो चुकी है। इसमें झूंसी में प्रस्तावित दूसरी टेंट सिटी में 400 स्लीपिंग पॉड्स बनाने का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। स्लीपिंग पॉड्स बनाने के लिए टेंडर प्रकियाधीन है। उनका कहना है कि पीपीपी मोड पर इनका निर्माण कराने की योजना है। इसके लिए वेंडर्स के प्रस्ताव आए हैं।

कम किराए में लग्जरी होटल की सुविधाएं

स्लीपिंग पॉड्स दरअसल एक कैप्सूल के आकार के चैम्बर होंगे, जो सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे। श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ये पॉड तैयार किए जाते हैं। पॉड में यात्री के आराम से सोने के साथ ही अपने आवश्यक कार्यों को भी पूरा करने की सभी सुविधाएं होती हैं। पूरी तरह वातानुकूलित इन पॉड में चार्जिंग और पेयजल की सुविधा भी होती है। पॉड की सुविधा लेने वाले यात्रियों को क्लॉक रूम, रिसेप्शन बूथ, वाशरूम-टॉयलेट और हाउस पेंट्री की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसके लिए ऑफ लाइन और ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी प्रदान की जा सकती है।

पुराने मीटर को बदलकर नए स्मार्ट मीटर निःशुल्क लगाए जाएंगे

देहरादून। राज्य में सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर निःशुल्क नए स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। सबसे पहले सभी सरकारी आवासों, दफ्तरों और कमर्शियल कंज्यूमर्स के यहां स्मार्ट मीटर निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। यूपीसीएल प्रवक्ता की ओर से एक जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि केन्द्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत अन्य राज्यों की तरह उत्तराखंड में भी स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है, जिसमें सबसे पहले सभी सरकारी आवासों, दफ्तरों और कमर्शियल कंज्यूमर्स के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। तत्पश्चात सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के यहां भी पुराने मीटर बदलकर निःशुल्क नए स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। विभाग का कहना है कि स्मार्ट मीटर एक ऐसा आधुनिक मीटर है, जिसका कंट्रोल उपभोक्ताओं के हाथों में है। इससे आपको पल-पल के बिजली उपयोग सहित अन्य ज़रूरी जानकारी मिलती रहेगी।

शहरी भूमि अभिलेखों के सर्वे पर कार्यशाला का शिवराज चौहान कल करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान भारत में शहरी भूमि अभिलेखों के सर्वेक्षण-पुनः सर्वेक्षण में आधुनिक तकनीक का उपयोग विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का सोमवार, 21 अक्टूबर को यहां के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुभारंभ करेंगे। भूमि संसाधन विभाग कार्यशाला का आयोजन कर रहा है।

कार्यशाला में पहले दिन सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, यूके, स्पेन, नीदरलैंड, यूएई, फ्रांस, यूएसए, जापान और जर्मनी जैसे देशों के विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल भूमि अभिलेख में सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रस्तुतीकरण दी जाएगी। प्रमुख भारतीय और अंतरराष्ट्रीय फर्मों द्वारा तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यशाला के दूसरे दिन की कार्यसूची में केस स्टडीज़ को समर्पित दो सत्र शामिल हैं। पहले सत्र के विचार-विमर्श में मुख्य बल सुरक्षित भूमि अभिलेखों के क्षेत्र में उन्नत और उभरती हुई तकनीकों के साथ डिजिटल भूमि प्रबंधन, सर्वेक्षण में इस्तेमाल होने वाली कार्यपद्धतियों, तकनीकों और भूमि अभिलेखों के डिजिटीकरण विषय शामिल होंगे। दूसरा सत्र संपत्ति कराधान और शहरी नियोजन के लिए भू-स्थानिक डाटा के प्रभावी उपयोग पर केंद्रीय होगा। इस सत्र में भूमि प्रबंधन प्रथाओं में सटीकता, परदर्शिता और प्रभावकारिता के लिए एरियल फोटोग्राफी, जीआईएस, सेटेलाइट इमेजरी और आधुनिक डिजिटल उपकरणों को शामिल करने, जीआईएस आधारित संपत्ति कर प्रबंधन और स्कीमों तथा विभागों जैसे अमृत, स्वामित्व, रायपुर मेपिंग, गुवाहाटी प्रॉपर्टी टेक्सेशन, जयपुर मेपिंग, हरियाणा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र तथा रक्षा सम्पदा निदेशालय के अध्ययनों के साथ शहरी नियोजन और संसाधन प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए उन्नत सर्वेक्षण तकनीकों और स्थानिक डाटा के उपयोग पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यशाला के समापन सत्र को ग्रामीण विकास राज्यमंत्री डॉ. चन्द्रशेखर पेम्मासानी संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय 01 अप्रैल 2016 से 100 प्रतिशत वित्त पोषण के साथ डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम नामक केंद्रीय क्षेत्र की योजना के तहत देश के सभी 28 राज्यों और 8 संघ राज्य क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण में अग्रणी प्रयास कर रहा है।

मुकेश अंबानी ने केदारनाथ व बद्रीविशाल के किए दर्शन, 5.02 करोड़ का दिया दान

एजेंसी

गोपेश्वर। रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक व प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचकर दर्शन किये। इस वर्ष बद्रीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम के लिए अंबानी ने पांच करोड़ दो लाख रुपये की धनराशि का चेक मंदिर समिति को दानस्वरूप भेंट किया है। र

विवार को प्रातः नौ बजे मुकेश अंबानी बद्रीनाथ धाम पहुंचकर सीधे मंदिर में दर्शन किये। उन्होंने वेदपाठ पूजा संपन्न की। उसके पश्चात मंदिर परिसर स्थित माता लक्ष्मी मंदिर में भी दर्शन किये। इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार तथा मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने उद्योगपति मुकेश अंबानी का स्वागत किया तथा भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया। बद्रीनीथ के दर्शन के बाद उद्योगपति मुकेश अंबानी दोपहर पौने ग्यारह बजे केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे। केदारनाथ धाम में बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उद्योगपति मुकेश अंबानी का स्वागत किया।अंबानी ने केदारनाथ मंदिर में रूद्राभिषेक पूजा की और देश की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उद्योगपति मुकेश अंबानी को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर पुजारी शिवशंकर लिंग, केदारनाथ मंदिर प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, धर्माधिकारी औंकार शुक्ला, अरविंद शुक्ला, कुलदीप धर्म्वाण सहित तीर्थ पुरोहित समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस संबंध में बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि उद्योगपति मुकेश अंबानी प्रत्येक यात्रा वर्ष पारिवारिक सदस्यों के साथ बद्रीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम दर्शन करने आते हैं। उन्होंने बताया कि अंबानी ने इस वर्ष बद्रीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम के लिए पांच करोड़ दो लाख रुपये की धनराशि का चेक मंदिर समिति को दानस्वरूप भेंट किया है।

करवा चौथ के दिन भी महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज करवा चौथ के मौके पर भी सोना में तेजी का रुख बना हुआ है। सोने में तेजी का आज लगातार चौथा दिन है। हालांकि चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आज 400 से 450 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,570 रुपये से लेकर 79,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 72,930 रुपये से लेकर 72,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 99,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,930 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

रोहिणी में बम विस्फोट चरमराती सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही : आतिशी

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि यहां रोहिणी में स्कूल के बाहर बम विस्फोट की घटना दिल्ली की चरमराती सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही है।

आतिशी ने 'एक्स' पर कहा, रोहिणी स्थित एक स्कूल के बाहर बम विस्फोट की घटना दिल्ली की चरमराती सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही है।दिल्ली में क़ानून व्यवस्था की जिम्मेदारी भाजपा की केंद्र सरकार के पास है। लेकिन भाजपा अपना यह काम छोड़कर सारा समय दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामों को रोकने में लगाती है। उन्होंने कहा, यही कारण है कि आज दिल्ली में 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड के दौर जैसा हाल हो गया है। शहर में सरेआम गोलियाँ चल रही है, गैंगस्टर वसूली कर रहे हैं और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा के पास ना काम करने की नीयत है ना क़ाबिलियत।

अगर गलती से भी दिल्ली वालों ने इन्हें दिल्ली सरकार की ज़िम्मेदारी दे दी तो ये स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी का भी वही हाल कर देंगे जो आज दिल्ली की कानून व्यवस्था का है।÷ उल्लेखनीय है कि रोहिणी सेक्टर 14 के प्रशांत विहार इलाक़ेमें स्थित सीआरपीएफ़ स्कूल के पास आज सुबह एक विस्फोट हुआ। इसमें किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खबरें एक नजर में

मांडविया कल ई-श्रम वन स्टॉप सॉल्यूशन की करेंगे शुरुआत

नई दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया सोमवार को ई-श्रम वन स्टॉप सॉल्यूशन पहल की शुरुआत करेंगे। बजट घोषणा के अनुरूप इस पहल से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की एक ही स्थान पर विभिन्न सामाजिक योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार ई-श्रम वन स्टॉप समाधान पहल से असंगठित मजदूरों को उनके लिए बनी विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रम के बारे में जानकारी मिलेगी। इसका उद्देश्य असंगठित श्रमिकों के लिए सभी सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं की जानकारी को एक ही मंच के माध्यम से प्रभावी तरीके से एकीकृत करना है। वन-स्टॉप-सॉल्यूशन के रूप में ई-श्रम असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं की पहचान और कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने और योजनाओं को तेज़ और प्रभावी तरीके से लागू करने में मदद करेगा। नतीजतन, विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों की 12 योजनाओं को पहले ही ई-श्रम के साथ एकीकृत/मैप किया गया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 2021 के अगस्त में ई-श्रम पोर्टल लॉन्च किया गया था। उपलब्धि के तौर पर अब तक असंगठित क्षेत्र के 30 करोड़ कामगार इससे जुड़ चुके हैं।

सीआरपीएफ स्कूल के पास जोरदार विस्फोट, मची अफरा-तफरी

नयी दिल्ली। दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-14 में सीआरपीएफ़ स्कूल के पास रविवार को जोरदार धमाके से आसपास खड़ी गाड़ियों के शीशे टूट गये और इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। रोहिणी जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि सुबह 7-47 में हुआ धमाका इतना जोरदार था कि उसकी वजह से आसपास खड़ी गाड़ियों के शीशे टूट गये। साथ ही कुछ दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि तेज धमाके के बाद धुएं का गुबार उठा जिससे पुलिस और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि धमाका किस चीज में हुआ। पुलिस ने धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों की टीम बुलायी है, जो इस घटना की जांच करेगी। घटनास्थल पर एनएसजी के साथ दमकलकर्मी, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और एफएसएल, अपराध की टीम पहुंच गयी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह कोई हमला था या हादसा। उपायुक्त के मुताबिक, धमाके में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरुकता वाहन को किया रवाना

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि स्वयं भी मतदान करें और आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने अधिकार का सही इस्तेमाल करें एवं नैतिक मतदान के प्रति सजग बनें। वे रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उदेश्य से जागरुकता वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान मीडिया से मुखातिब थे। कुमार ने कहा कि विगत निर्वाचनों में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इन प्रचार वाहनों के माध्यम से मतदाता जागरुकता से संबंधित संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इसके लिए कुल 36 प्रचार वाहन तैयार किए गए हैं, जो राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में घूम-घूमकर नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करेंगे। प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाएं।

फरीदाबाद में पराली जलाने पर प्रतिबंध, जलाने पर लगेगा जुर्माना

फरीदाबाद। दिल्ली एनसीआर में वातावरण की खराब गुणवत्ता के चलते सर्वोच्च न्यायालय, भारत के निर्देश पर माननीय उच्च न्यायालय, पंजाब और हरियाणा के द्वारा पराली जलाने पर रोक लगाई हुई है। जिसके चलते जिला फरीदाबाद में पराली जलाने पर पूर्णतया प्रतिबंध है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि पराली जलाने के मामले में पुलिस उपायुक्त यातायात ऊषा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वातावरण के प्रदूषण को देखते हुए मुख्य सचिव हरियाणा सरकार के निर्देश के अंतर्गत पराली जलाने पर पूर्णतया- प्रतिबंध है। स्वास्थ विभाग के अनुसार प्रदूषण से सांस लेने में कठिनाई, ऑखों में जलन, बुखार, खाज, खुजली इत्यादी बीमारी होने की सम्भावना बढ़ जाती है। आमजन से अपील है कि पराली ना जलायें, स्वस्थ जीवन के लिए सहयोग करें, अगर कोई पराली जलता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरा हैं हैरिस : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस देश के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं, क्योंकि उनकी पार्टी ने उन्हें गलत तरीके से नामित किया है। श्री ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में एक रैली में कहा, वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। जिस तरह से उन्होंने उम्मीदवारी हासिल की। वे मुझे लोकतंत्र के लिए खतरा कहते हैं, है न? वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। क्योंकि उन्हें उम्मीदवार भी नहीं होना चाहिए था, उन्हें उम्मीदवार को निष्पक्ष रूप से चुनना चाहिए था, न कि उन्हें सिर्फ इसलिए देना चाहिए था, क्योंकि वे राजनीतिक रूप से सही होना चाहते थे। उन्होंने सुश्री हैरिस को इतिहास की सबसे खराब उपराष्ट्रपति बताते हुए कहा कि दुनिया उनका ठीक वैसे ही मजाक उड़ा रही है, जैसे वह वर्तमान अमेरिकी नेता जो बाइडेन पर हंसती है।

नीतीश कुमार कब फिर पलटी मारेंगे कोई नहीं जानता : मीसा

पटना। नीतीश कुमार हमेशा सरकार बदलने को लेकर चर्चा में रहते हैं। उन्होंने दोहराया कि वह कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे और हमेशा एनडीए के साथ ही रहेंगे। इस बयान पर लोकसभा सांसद मीसा भारती ने रविवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भागलपुर में सांप्रदायिक तनाव के साथ-साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के बयान पर भी राय रखी। मीसा भारती ने कहा, मैं कहना चाहती हूं कि एक बार गिरने से ही इंसान सीखता है। लेकिन वह दोबारा आए। जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा को भी नहीं पता कि नीतीश कुमार क्या करेंगे और कब करेंगे। नीतीश कुमार जो भी करते हैं, वो सिर्फनीतीश कुमार ही जानते हैं, उनके इर्द-गिर्द कोई नहीं जानता, चाहे वो संजय झा ही क्यों न हों। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह की हिंदू स्वाभिमान यात्रा पर उन्होंने कहा, ष्हमें नहीं पता कि यह कौन सी यात्रा है लेकिन इस लोकतांत्रिक देश में यात्रा निकालने का अधिकार सभी को है। अगर यात्रा से कोई कारखाना खुलता है और रोजगार पैदा होता है तो मैं गिरिराज सिंह को सलाह देती हूं कि वे हमेशा यात्रा निकालें।

गन्ना किसानों के लिए 247 करोड़ के विशेष प्रोत्साहन की घोषणा

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने चालू पेराई सत्र के लिए राज्य के गन्ना किसानों के लिए 247 करोड़ रुपये के विशेष प्रोत्साहन की घोषणा की है। इस संबंध में शनिवार को एक सरकारी आदेश जारी किया गया, जिससे लगभग 1.20 लाख गन्ना किसानों को लाभ होगा। किसानों के लिए केंद्र द्वारा घोषित लाभकारी मूल्य के अलावा विशेष प्रोत्साहन की घोषणा की गई है।

पटना में कार ने सात को रौंदा, पांच गंभीर

पटना। पटना के वीरचंद पटेल पथ पर एक तेज रफ्तार कार ने रविवार को कई ई-रिक्शा और रिक्शा में टक्कर मार दी। इस घटना में करीब सात लोग घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालात गंभीर है। घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया है। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। ड्राइवर मौके से फरार हो गया। कार में बैठे अन्य लोगों पर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया।

अगले सप्ताह नौ आईपीओ की लॉन्चिंग से तेज रहेगी प्राइमरी मार्केट की हलचल

नई दिल्ली। कल से शुरू हो रहे नए कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में काफी हलचल मची रहने वाली है। इस सप्ताह 9 कंपनियां अपने आईपीओ के जरिए स्टॉक मार्केट में दस्तक देने जा रही हैं, वहीं 3 कंपनियों के शेयरों की इस सप्ताह लिस्टिंग होने वाली है। इस सप्ताह लिस्ट होने वाली बड़ी कंपनियों में एक नाम हुंडई मोटर इंडिया का भी है, जिसने भारतीय शेयर बाजार के इतिहास में अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च किया है। इस सप्ताह खुलने वाले 9 आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह खुले एक आईपीओ में भी कल तक बोली लगाने का मौका है। इस सप्ताह खुलने वाले 9 आईपीओ में से 4 बोर्ड सेगमेंट के हैं। इस सप्ताह ओपन होने वाले आईपीओ में पहला नाम प्रीमियम प्लास्ट का है, जिसका इश्यू सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 21 अक्टूबर को खुलने के बाद 23 अक्टूबर को बंद होगा।

दुनिया की शीर्ष एथलेटिक प्रतियोगिताओं में से एक बनेगी कश्मीर मैराथन : उमर

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि कश्मीर मैराथन हर साल आयोजित की जाएगी और यह दुनिया की शीर्ष एथलेटिक प्रतियोगिताओं में से एक बन जाएगी।

श्री अब्दुल्ला ने आज यहां संवाददाताओं से कहा, मैं उन सभी एथलीटों को बधाई देता हूं, जिन्होंने अपनी दौड़ पूरी की। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में कश्मीर मैराथन दुनिया की शीर्ष एथलेटिक प्रतियोगिताओं में से एक बन जाएगी। उन्होंने ने कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन पूरी कर पाऊंगा। मैंने अपने जीवन में अब तक 12 या 13 किलोमीटर दौड़ लगाई थी, लेकिन मुझे उन एथलीटों ने प्रोत्साहित किया, जिन्होंने साथ-साथ दौड़ लगाई। श्री उन्होंने कहा, मैं कश्मीर मैराथन के इतने अच्छे आयोजन के लिए पर्यटन विभाग और इससे जुड़े अधिकारियों को बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं श्रीनगर के लोगों का शुक्रगुजार हूं कि वे धावकों का हौसला बढ़ाने के लिए आगे आए। मुझे उम्मीद है कि कश्मीर मैराथन दुनिया की शीर्ष प्रतियोगिताओं में से एक बनेगी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि कश्मीर घाटी में हर साल मैराथन का आयोजन किया जाएगा और कश्मीर का नाम भी दुनिया के नामचीन एथलीटों के साथ जाना जाएगा। अभिनेता सुनील शेट्टी ने संवाददाताओं से कहा, यह एक अविश्वसनीय अनुभव था और अंतरराष्ट्रीय कश्मीर मैराथन आयोजित करने का विचार शानदार था।

आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों को रोकने में हुई प्रगति की याद दिलाता है आयोडीन अल्पता दिवस

एजेंसी



नई दिल्ली। विश्व आयोडीन अल्पता दिवस, जिसे वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस के रूप में भी जाना जाता है, प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में आयोडीन की आवश्यक भूमिका के बारे में जागरुकता बढ़ाना और आयोडीन की कमी के परिणामों पर जोर देना है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार आयोडीन की कमी के गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों को समझते हुए केंद्र सरकार ने 1962 में राष्ट्रीय घेंघा नियंत्रण कार्यक्रम (एनजीसीपी) के माध्यम से इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय प्रयास शुरू किए। यह कार्यक्रम आयोडीन की कमी को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, जो मानसिक और शारीरिक मंदता, बौनापन और मृत जन्म जैसी स्थितियों से जुड़ा हुआ था। मंत्रालय का कहना है कि 1984 में भारत में सभी खाद्य नमक को आयोडीनयुक्त बनाने का एक प्रमुख नीतिगत निर्णय लिया गया था। 1992 तक, देश ने आयोडीन युक्त नमक को पूरी तरह से अपनाने का लक्ष्य रखा। आज, भारत सालाना 65 लाख मीट्रिक टन आयोडीन युक्त नमक का उत्पादन करता है, जो इसकी आबादी की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। यह चल रहा राष्ट्रीय प्रयास आयोडीन की कमी को दूर करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। आयोडीन मिनरल है और थायरॉइड हार्मोन, थायरोक्सिन (टी4) और ट्राईआयोडोथायोनिन (टी3) का एक आवश्यक घटक है।

यह हार्मोन से चयापचय को नियंत्रित करता है और भ्रूण तथा शिशु के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। आयोडीन की कमी से विकास और वृद्धि पर कई प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं और यह दुनिया में रोके जा सकने वाली बौद्धिक अक्षमता का सबसे आम कारण है। आयोडीन की कमी से होने वाले विकार अपर्याप्त आयोडीन के कारण अपर्याप्त थायराइड हार्मोन उत्पादन के परिणामस्वरूप होते हैं। गर्भावस्था और प्रारंभिक शैशवावस्था के दौरान, आयोडीन की कमी से अपरिवर्तनीय प्रभाव हो सकते हैं। विश्व आयोडीन अल्पता दिवस एनआईडीडीसीपी जैसी राष्ट्रीय पहलों और डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ द्वारा किए गए वैश्विक प्रयासों के माध्यम से आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों को रोकने में हुई प्रगति की याद दिलाता है।

पंजाब उपचुनाव : आप ने चारों विस सीटों पर उम्मीदवारों का किया ऐलान

एजेंसी

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी ने पंजाब की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने एक पुराने उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारा है जबकि तीन अन्य सीटों पर नए चेहरों पर दांव लगाया गया है।

पंजाब की इन चारों सीटों के विधायक अब सांसद बन गए हैं। उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा भी दे दिया है। बरनाला से विधायक रहे गुरमीत सिंह मीत हेयर अब संगरूर से सांसद हैं। वहीं, गिद्दड़बाहा से विधायक रहे अमरिंदर सिंह राजा वडिंग अब लुधियाना से सांसद हैं। राजकुमार चब्बेवाल चब्बेवाल विधानसभा से विधायक थे। अब वह होशियारपुर से सांसद चुन लिए गए हैं। वहीं, डेरा बाबा नानक से विधायक रहे सुखजिंदर सिंह रंधावा अब गुरदासपुर से सांसद बन गए हैं। रविवार को जारी की गई सूची के अनुसार मुक्तसर जिले की गिद्दड़बाहा सीट से हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लो को टिकट दिया गया है। ढिल्लो पहले अकाली दल में थे और सुखबीर बादल के करीबियों में से एक थे। उपचुनाव में टिकट कटने की संभावना देख उन्होंने आम आदमी पार्टी जॉइन कर ली थी। होशियारपुर की चब्बेवाल सीट से इशान चब्बेवाल को टिकट दिया गया है। इशान के पिता डॉ. राजकुमार चब्बेवाल होशियारपुर लोकसभा सीट से सांसद हैं। 2022 में चब्बेवाल ने ही यहां से विधानसभा चुनाव जीता था। वह कांग्रेस विधायक दल के उपनेता भी रहे। लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने पार्टी बदल ली और आम आदमी पार्टी में चले गए। बरनाला से हरिंदर सिंह धालीवाल को टिकट दिया गया है। 2022 में इस सीट पर आम आदमी पार्टी के गुरमीत मीत हेयर जीते थे। मीत हेयर के सांसद बनने से यह सीट खाली हुई है। हरिंदर बरनाला जिले के गांव छीनीवाल से हैं। वह किसान परिवार से हैं। उनके पिता पशु चिकित्सा विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। मीत हेयर और हरिंदर सिंह स्कूल के समय से दोस्त हैं। डेरा बाबा नानक से गुरदीप सिंह रंधावा को दोबारा टिकट दी गई है।

न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद जीता टेस्ट मैच, भारतीय टीम को आठ विकेट से हराया

एजेंसी

बेंगलुरु। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरिज के पहले मैच में भारतीय टीम को 8 विकेट से हरा दिया। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मैच में पांचवें अर्थात आखिरी दिन मेहमान टीम को जीत के लिए 107 रन बनाने थे, जिसे उसने 27.4 ओवर में 2 विकेट पर 110 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ कीवी टीम ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का अगला मुकाबला 24 अक्टूबर से पुणे में खेला जाएगा।

मैच की पहली पारी में भारतीय टीम मात्र 46 रन पर ही ऑलआउट हो गई थी। जवाब में न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 402 रन बनाए और 356 रन की बढ़त ली। इसके बाद दूसरी पारी में भारतीय टीम ने जबरदस्त वापसी की और 462 रन बनाए। इससे भारतीय टीम को 106 रन की बढ़त मिली। इस तरह न्यूजीलैंड को जीत के लिए 107 रनों का लक्ष्य मिला। आखिरी दिन रविवार को लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम को शुरुआत में काफी परेशानी हुई। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने अपनी गेंदबाजी से कीवी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। बुमराह ने अपनी दूसरी गेंद पर ही न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम को एलबीडब्ल्यू कर पवेलियन भेज दिया। लैथम खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद 35 के स्कोर पर बुमराह ने डेवोन कॉन्वे को एलबीडब्ल्यू कर मेहमान टीम को दूसरा झटका दिया। कॉन्वे ने 17 रन बनाए। हालांकि इसके बाद विल यंग और रचिन रवींद्र ने टीम का कोई और विकेट नहीं गिरने दिया और अपनी टीम को जीत दिला दी। विल यंग 48 रन और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे।

36 साल बाद भारत में जीता टेस्ट मैच

भारतीय टीम के खिलाफ भारतीय सरजमीं पर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद कोई टेस्ट मैच जीता है। ओवर ऑल भारत की धरती पर यह तीसरा टेस्ट मैच जीता है। इससे पहले आखिरी बार 1988 में वानखेड़े में न्यूजीलैंड ने भारत को 136 रन से हराया था। वहीं 1969 में न्यूजीलैंड ने नागपुर में भारतीय टीम को 167 रन से हराया था। इतना ही नहीं वर्ष 2000 के बाद यह पहला मौका है जब किसी मेहमान टीम ने भारत में चौथी पारी में 100+ रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया है।

सरफराज और ऋषभ पंत ने खेली बेहतरीन पारी

इसके बाद सरफराज खान और ऋषभ पंत ने शुरुआत में संभलकर खेला, लेकिन इसके बाद अपने हाथ खोलने शुरू किये। सरफराज ने 110 गेंदों पर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। पंत ने भी 55 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत ने 71 ओवर में 3 विकेट पर 344 रन बना लिए थे, तभी बारिश शुरू हो गई और अंपायरों ने लंच की घोषणा कर दी। मैच दोबारा जब शुरू हुआ तो पंत और सरफराज ने उसी अंदाज से आगे भी बल्लेबाजी की। दोनों की शानदार साझेदारी से भारतीय टीम का स्कोर दूसरी पारी में 400 रन के पार पहुंच गया। इसके बाद सरफराज ने अपने 150 रन भी पूरे किए। हालांकि इसके ठीक बाद वह आउट हो गए। सरफराज ने 195 गेंद का सामना करते हुए 18 चौके और 3 छक्कों की मदद से बेहतरीन 150 रन बनाए।